* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

14 अक्टूबर, 2022
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 07, अंक 352


47 साल बाद करवा चौथ पर गुरु का शुभ संयोग : अखंड सुहाग के लिए महिलाओं ने रखा व्रत








### झारखंड में 80 लोगों के बारे में जानकारी जुटा रहा है इडी

# इडी ने बीसीसीएल चीफ विजिलेंस ऑफिसर के बारे में मांगी रिपोर्ट

## ■ सीनियर मैनेजर बेहरा के बारे में भी मांगी जानकारी

## ■ डॉक्टर जयंत कुमार घोष पर भी हो सकती है कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में इडी इन दिनों बड़ी चर्चा में है। यह चर्चा इडी की कार्रवाई के कारण हो रही है। झारखंड में कई बड़े अधिकारियों के यहां छापामारी के बाद स्थिति यह हो गयी है कि हिनू के इडी ऑफिस में आम लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा था। सभी किसी न किसी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर आवेदन देने गये थे। बाद में इडी ने एक कोषांग का गठन किया और मेल पर शिकायतें मंगवायीं। अभी 80 से अधिक नेताओं, बड़े अधिकारियों और कुछ कर्मचारियों के खिलाफ सूचनाएं एकत्र की जा रही हैं। झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो, उनके पीए पवन कुमार और भाजपा विधायक ढुल्लू महतो के बारे में पुलिस मुख्यालय से रिपोर्ट मांगी गयी है। अब 25 से अधिक वैसे लोगों के खिलाफ भी सबूत एकत्र किये जा रहे हैं, जिन पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। इडी के पत्र के आधार पर पुलिस मुख्यालय ने इस संबंध में सीआइडी के आइजी को पत्र लिख कर रिपोर्ट मांगी है।




**ॅबीसीसीएल के सीनियर मैनेजर और चीफ विजिलेंस ऑफिसर पर भी रिपोर्ट :** इडी ने बीसीसीएल के मुख्य विजिलेंस ऑफिसर अनिमेष कुमार, सीनियर मैनेजर बीएन बेहरा, आर्किड अस्पताल के डॉक्टर जयंत कुमार घोष और सैनिक कल्याण के लिए काम करने वाले रामायण सिंह (जिनका कार्यालय सैनिक बाजार रांची में है) के बारे में भी जानकारी हासिल की जा रही है। इनके संबंध में पत्र में जिक्र गया है।

**भू राजस्व विभाग के कई अधिकारी भी शामिल :** जमीन का रिकॉर्ड रखने वाला एनआइसी के अधिकारी जसवंत कुमार और भू चास में राजस्व विभाग में पदस्थापित आलोक कुमार गुप्ता के बारे में भी जानकारी मांगी गयी है। इसके अलावा लोहरदगा की जिला मत्स्य पदाधिकारी गीतांजलि कुमारी, साहिबगंज के डीएमओ विभूति कुमार और रॉयल रेस्टोरेंट हुलहुंडू रांची के मालिक अशोक कुमार की पत्नी अल्पना कुमारी पर भी गंभीर आरोप हैं। रॉयल रेस्टोरेंट के मालिक पर आरोप है कि वह नक्सलियों का पैसा इन्वेस्ट करते हैं। पुलिस पता लगा रही है कि इनके खिलाफ कोई एफआइआर राज्य भर में कहीं दर्ज है या नहीं है। पूरी रिपोर्ट बना कर जल्द इडी को जवाब भेज दिया जायेगा।

# सर्वजन पेंशन योजना में पांच लाख लोग और जोड़े जायेंगे : हेमंत सोरेन

### अधिकारियों को 'जोहार' शब्द का प्रयोग करने का निर्देश

- मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों के साथ 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम को लेकर की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि सर्वजन पेंशन योजना राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। करीब 10 लाख लोगों को पिछले एक साल में इस योजना से जोड़ा गया है। इस योजना के तहत पांच लाख और नये लोगों को जोड़ा जायेगा। मुख्यमंत्री गुरुवार को 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' अभियान के दूसरे चरण के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी प्रमंडलीय आयुक्त और उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना में अभी भी कई लोग छूटे हैं, जिन्हें इस एक महीने के अभियान के दौरान जोड़ना है। आप यह लक्ष्य निर्धारित करें कि इस एक माह के अभियान में कम से कम 5 लाख नये पात्र लोगों को जोड़ा जा सके।



**भाषा-संस्कृति को दें प्राथमिकता :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पदाधिकारी जब भी शिविर में जायें, वहां आम जनता के साथ 'जोहार' शब्द का प्रयोग करें। अलग-अलग गांव तथा पंचायतों में आम जनता के साथ जब मिलें, तो उनकी ही भाषा-संस्कृति को प्राथमिकता में रखते हुए उनसे जुड़ें। पदाधिकारी आम जनता की भावनाओं को समझते हुए उन्हें योजना से जोड़ने का काम करें। जनता का साथ और सहयोग से ही राज्य सरकार की योजनाओं का शत प्रतिशत सफल संचालन किया जा सकेगा।

**छात्रवृत्ति राशि में तीन गुना तक वृद्धि :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ कक्षा आठवीं में अध्ययनरत बच्चियां से प्रारंभ होगी। जब तक ये बच्चियां 18 से 19 वर्ष की होंगी, तब तक इनको स्वास्थ्य एवं शिक्षा हेतु कुल 40 हजार रुपये की आर्थिक सहायता मिलेगी। यह राशि उन्हें मिलने वाली छात्रवृत्ति के अतिरिक्त उन्हें दी जायेगी। इस योजना का लाभ 9 लाख किशोरियों को मिलेगा।

**प्रत्येक गांव में पांच-पांच योजना स्वीकृत करें :** हेमंत सोरेन ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत 14 लाख नये किसानो को जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए प्रत्येक गांव में पांच-पांच योजना स्वीकृत करें।

**महिलाओं को फूलो झानो आशीर्वाद योजना से जोड़ें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसी माताएं-बहनें जो हड़िया-दारू बेच रही हैं, उन्हें फूलो झानो आशीर्वाद योजना से जोड़ कर स्वाबलंबी बनायें। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मुख्यमंत्री पशुधन योजना प्रभावकारी योजना है। लाभुकों को पशुधन योजना के प्रति जागरूक करें।


SURJABASHA

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI
No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION
2023-24
NURSERY to IX[th]
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301





# यौन शोषण के मामले में ढुल्लू की याचिका पर हाइकोर्ट में हुई सुनवाई


आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा।** विधायक ढुल्लू महतो की क्रिमिनल रिट पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ढुल्लू महतो की ओर से अधिवक्ता जय कुमार शाह और ऋषभ कुमार ने अदालत में पक्ष रखा। वहीं राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद ने पक्ष रखा। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में ढुल्लू महतो की याचिका पर सुनवाई हुई। ढुल्लू ने निचली अदालत की चार्जफ्रेम की कार्यवाही से पहले डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की है, जिस पर बहस के लिए उनके अधिवक्ता की ओर से समय देने का आग्रह कोर्ट से किया गया। कोर्ट ने आग्रह स्वीकार करते हुए ढुल्लू की याचिका पर अगली सुनवाई के लिए नवंबर महीने की तिथि मुकर्रर की है। निचली अदालत ढुल्लू की डिस्चार्ज पिटीशन पहले की खारिज कर चुका है। यह मामला दुष्कर्म के आरोप से जुड़ा हुआ है।





बता दें कि भाजपा की ही एक महिला कार्यकर्ता ने कुछ वर्ष पूर्व बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवायी थी। प्राथमिकी में ढुल्लू महतो पर यौन शोषण समेत कई गंभीर आरोप लगाये गये हैं। ढुल्लू महतो को इस केस में हाइकोर्ट ने जमानत दे दी है



# अमित अग्रवाल की काल डिटेल्स खंगाली जाये, भ्रष्टाचार की परतें खुलेंगी: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व सीएम और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने फिर राज्य सरकार को घेरा है। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ के लिए इडी की रिमांड में मौजूद कारोबारी अमित अग्रवाल के सारे फोन कॉल डिटेल्स को खंगालने की मांग उठायी है। पूर्व सीएम ने कहा है कि इससे सारा मामला शीशे की तरह साफ हो जायेगा। अग्रवाल की गिरफ्तारी से राज्य में भ्रष्टाचार की परतें खुल रही हैं। राज्य की जड़ों को कुतरने वाले भ्रष्ट सत्ताधीशों का असली ठिकाना होटवार ही है। अब स्थिति यह है कि शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो और उनके पीए पवन कुमार भी इडी के जांच के दायरे में हैं। अमित अग्रवाल की



गिरफ्तारी के बाद रिटायर्ड आइएएस केके खंडेलवाल, दिलीप झा और गिरिडीह एसपी अमित रेणु समेत कई अन्य पुलिस अधिकारियों और अन्य कारोबारियों की जानकारी इडी की ओर से पुलिस मुख्यालय से मांगी गयी है। इससे जाहिर होता है कि राज्य में मनी लॉन्ड्रिंग और शेल कंपनियों के द्वारा काली कमाई एक संगठित गिरोह के माध्यम से होती रही है। ऐसे में अमित अग्रवाल के कॉल डिटेल्स को खंगालना बहुत जरूरी है।

**क्या है मामला :** इडी को मंत्री जगरनाथ महतो, सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी केके खंडेलवाल, गिरिडीह एसपी अमित रेणु समेत करीब दो दर्जन लोगों के खिलाफ शिकायतें मिली हैं। इसमें अवैध तरीके से पैसा कमाने, संपत्ति अर्जित किये जाने के आरोप हैं। अब इस पर इडी ने जानकारी के लिए पुलिस मुख्यालय से भी पत्र भेज कर जानकारी मांगी है। शिकायतों के आधार पर अब तक हुई कार्रवाई से संबंधित दस्तावेज मांगे हैं। इसके बाद मुख्यालय स्तर से संबंधित जिलों से एसपी से रिपोर्टों की मांग की है। बता दें कि जेएमएम के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू पहले से भी रडार पर हैं।

# हाइकोर्ट से विधायक अनूप सिंह और बंगाल सरकार को नोटिस

## विधायक कैश कांड : आज फिर सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में कैश कांड में फंसे तीनों विधायकों की ओर से दाखिल क्रिमिनल रिट पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने रांची में विधायकों के खिलाफ दर्ज जीरो एफआइआर में फिलहाल किसी तरह की राहत नहीं दी है। इस मामले की शुक्रवार को फिर सुनवाई होगी। प्रार्थियों के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा के मुताबिक अदालत ने केंद्र सरकार, बंगाल सरकार, झारखंड सरकार और कांग्रेस विधायक अनूप सिंह को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने कहा है कि झारखंड हाइकोर्ट का आदेश कलकत्ता हाइकोर्ट में कैश कांड से जुड़े केस की सुनवाई से प्रभावित होगा। विधायकों की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता विकास पावा ने बहस की। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधविक्ता सचिन कुमार ने पक्ष रखा। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। बता दें कि झारखंड के तीन कांग्रेसी विधायकों इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप को कोलकाता पुलिस ने 48 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार किया था। काफी दिनों तक जेल में रहने के बाद तीनों विधायकों को कलकत्ता हाइकोर्ट ने सशर्त बेल दे दी थी, जिसके बाद कैश कांड में फंसे विधायकों ने झारखंड हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और कांग्रेस के विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह द्वारा दर्ज करवायी गयी जीरो एफआइआर रद्द करने की मांग की है।

आजाद सिपाही
187200 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 47,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 59,000 रु./प्रति किलो |



# जेएससीए स्टेडियम में धंधेबाजों की चांदी!

## इडी के नोटिस के बाद फिर विवादों में घिरा रांची का माइलस्टोन : गड़बड़ियों-विवादों की लंबी फेहरिस्त इसके साथ जुड़ी है

झारखंड का गौरव और रांची के माइलस्टोन, यानी एचइसी परिसर स्थित जेएससीए स्टेडियम के निर्माण में गड़बड़ी का संदेह जताते हुए इडी ने जो नोटिस जारी किया है, उससे पूरा संगठन और उसकी कार्यप्रणाली ही एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गयी है। हालांकि यह सर्वविदित है कि जेएससीए, यानी झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन का विवादों से पुराना नाता रहा है, लेकिन अमिताभ चौधरी (अब दिवंगत) ने अपने प्रभाव और हनक के बल पर इन विवादों को या तो सामने नहीं आने दिया या फिर सुलझा लिया। यह आज की तारीख की स्याह हकीकत है कि जेएससीए की चर्चा क्रिकेट या दूसरे खेलों को लेकर कम और विवादों-गड़बड़ियों के कारण अधिक होने लगी है। यह झारखंड के लिए बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन यह भी सच है कि इस राज्य की यही विडंबना है कि यहां कोई भी सकारात्मक काम विवादरहित नहीं होता है। जेएससीए स्टेडियम का निर्माण इसका जीता-जागता प्रमाण है। जिस एक निर्माण ने झारखंड को दुनिया के क्रिकेट नक्शे पर स्थापित किया, उसमें गड़बड़ी और विवाद ने निश्चित रूप से क्रिकेट प्रेमियों के दिल को दुखा दिया है, लेकिन इसकी पूरी जिम्मेदारी जेएससीए के उन पदधारियों की है, जिन्होंने एक खेल संगठन को अपना धंधा चमकाने का जरिया बना लिया। जेएससीए स्टेडियम के निर्माण को लेकर इडी द्वारा जारी नोटिस की पृष्ठभूमि में इस संगठन की कार्यप्रणाली की परत-दर-परत जानकारी दे रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राहुल सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राहुल सिंह

प्राकृतिक सौंदर्य के कारण पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रही रांची में हाल के वर्षों में एक और पर्यटन स्थल तेजी से लोकप्रिय हुआ। यह पर्यटन स्थल है एचइसी परिसर स्थित जेएससीए स्टेडियम, जिसके निर्माण के पीछे एक व्यक्ति, अमिताभ चौधरी (अब दिवंगत) का प्रयास है, लेकिन यह विडंबना है कि यह शानदार निर्माण आज एक नये विवाद में घिर गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने इस स्टेडियम के मालिक झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) के अध्यक्ष को नोटिस जारी किया है और स्टेडियम के निर्माण से संबंधित टेंडर और निर्माण लागत का ब्योरा मांगा है। इडी ने यह जानकारी भी मांगी है कि जेएससीए को पिछले आठ वर्षों के दौरान भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) से कितनी राशि मिली है और उसे कैसे खर्च किया गया है। इडी ने जेएससीए अध्यक्ष को वर्ष 2009 से 2016 तक स्टेडियम में किये गये कार्यों और इसके टेंडर से संबंधित सूचनाएं देने के लिए कहा है।

### क्या है विवाद

जेएससीए स्टेडियम की पूर्व निर्धारित लागत 80 करोड़ थी, जो निर्माण पूरा होने के बाद दो सौ करोड़ से अधिक हो गयी थी। इडी से टेंडर की प्रक्रिया में गड़बड़ी और तीन गुना लागत बढ़ने की शिकायत की गयी थी। शिकायत में बीसीसीआइ से कई वर्षों के दौरान जेएससीए को मिली राशि में भी गड़बड़ी करने की बात कही गयी थी। स्टेडियम निर्माण की लागत में वृद्धि और बीसीसीआइ से मिलनेवाली राशि में गड़बड़ी करने से संबंधित मामला कोर्ट में भी विचाराधीन है। उज्ज्वल दास नामक व्यक्ति ने जमशेदपुर सिविल कोर्ट में केस फाइल किया था। इसमें जेएससीए से निष्कासित शेषनाथ पाठक और सुनील सिंह को गवाह बनाया गया था। कोर्ट के आदेश पर बिष्टुपुर थाना में मामला दर्ज किया गया था। आइओ ने जांच के बाद जेएससीए को क्लीन चिट दी थी। शिकायतकर्ताओं ने जांच से असंतुष्टि जतायी थी। यह मामला अभी भी न्यायालय के विचाराधीन है।

### आरोपों के घेरे में स्टेडियम निर्माण

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से मान्यता प्राप्त झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन की कार्यप्रणाली कई बार विवादों में घिरती रही है। लेकिन अमिताभ चौधरी ने अपने प्रभाव और हनक का इस्तेमाल कर हमेशा जेएससीए को इससे बाहर निकाला। 2013 में जेएससीए स्टेडियम के अस्तित्व में आने के बाद से जेएससीए का विवाद लगातार गहराता गया। पहले जेएससीए स्टेडियम में आयोजित होनेवाले क्रिकेट मैचों से होनेवाली आय के बारे में सवाल उठाये गये, फिर धीरे-धीरे आरोपों का दायरा बढ़ता गया। अब तो यह आरोप भी लग गया है कि स्टेडियम के निर्माण का ठेका एक ऐसी कंपनी को दिया गया, जिसके पास स्टेडियम बनाने का कोई अनुभव नहीं था। राम कृपाल सिंह कंस्ट्रक्शन नामक यह कंपनी सड़क बनाने का ठेका लेती है, लेकिन झारखंड की नौकरशाही में अपनी पैठ और अमिताभ चौधरी के प्रभाव के कारण इसे जेएससीए स्टेडियम बनाने का ठेका मिल गया। इतना ही नहीं, आरोप तो यह भी है कि स्टेडियम निर्माण के खर्च से ही एक बड़े अधिकारी का आलीशान घर भी बन गया।



### जेएससीए स्टेडियम का इतिहास

वास्तव में जेएससीए का विवादों से पुराना नाता रहा है। झारखंड अलग राज्य बनने से पहले जमशेदपुर क्रिकेट का मुख्यालय था। वहां का कीनन स्टेडियम ही एकमात्र ऐसा स्टेडियम था, जहां अंतरराष्ट्रीय मैच आयोजित होते थे। वहां टाटा वालों का वर्चस्व था। जेएससीए के चुनाव में साफ-साफ दो धड़े हो गये। यह बात अमिताभ चौधरी को नागवार गुजरी। तब अमिताभ चौधरी ने रांची में एक नया क्रिकेट स्टेडियम बनाने का संकल्प लिया और जेएससीए का यह निर्णय टाटा स्टील के साथ विवाद का कारण बना। अमिताभ चौधरी ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर एचइसी से लीज पर जमीन ली और स्टेडियम का डिजाइन बनाने का जिम्मा दिल्ली की कंपनी कोठारी एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया। डिजाइन बनने के बाद स्टेडियम के निर्माण का ठेका राम कृपाल सिंह कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा गया। उस समय बताया गया कि टेंडर में जिन दो और कंपनियों ने भाग लिया था, उससे रामकृपाल कंस्ट्रक्शन का रेट 5 प्रतिशत कम था। इसी की आड़ में यह काम रामकृपाल कंस्ट्रक्शन को दिया गया। शुरुआत में इसकी लागत 80 करोड़ बतायी गयी, लेकिन असली खेल उसके बाद शुरू हुआ और स्टेडियम बनते-बनते यह रकम दो सौ करोड़ तक पहुंच गयी। 24 अक्टूबर 2008 को इस स्टेडियम का शिलान्यास तत्कालीन सीएम शिबू सोरेन के हाथों संपन्न हुआ। तीन साल बाद 18 जनवरी 2013 को इस तैयार स्टेडियम का विधिवत उद्घाटन भी हुआ। 19 जनवरी, 2013 को यहां एक इंटरनेशनल मैच का आयोजन भी हो गया। स्टेडियम में क्रिकेट के अलावा टेनिस, स्विमिंग पूल सहित अन्य सुविधाएं भी विकसित की गयीं। पर इसके बाद से एचइसी मैनेजमेंट और जेएससीए के बीच लीज एग्रीमेंट को लेकर विवाद शुरू हो गया था। मामला पीपी कोर्ट में गया। अंततः इसी साल जून में इस विवाद को सुलझाया गया।

### विवादों में जेएससीए की कार्यप्रणाली

जेएससीए की कार्यप्रणाली हमेशा से विवादों में रही है। चाहे इसके सदस्यों की सूची का सवाल हो या आय-व्यय के ब्योरे का मुद्दा, क्रिकेट के नाम पर बने इस संगठन में हमेशा विवाद बना रहा है। स्टेडियम निर्माण के बाद जब यहां अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों का आयोजन होने लगा, तो विवाद भी बढ़ने लगा। टिकट की बिक्री और पास बंटवारे को लेकर हर बार सवाल खड़े हुए। आरोप लगे कि स्टेडियम कांप्लेक्स में स्थित पांच सितारा सुविधा से युक्त रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस और लाउंज में कई अनैतिक काम होते हैं। वहां ऐसे लोगों का जमावड़ा होता है, जो अपना धंधा चमकाने के लिए जेएससीए का कवर लेते हैं। उनके कहने पर टिकट और पास का बंटवारा किया जाता है और इससे बदले में ठेका-पट्टा से लेकर ट्रांसफर-पोस्टिंग तक का सौदा तय किया जाता है। इन आरोपों के कारण ही जेएससीए में कई बार गुटबाजी भी सतह पर आ चुकी है। यह गुटबाजी इस कारण भी पनप रही है कि उसमें जो पदधारी बने हैं, उनमें अधिकांश का क्रिकेट से कुछ लेना देना नहीं। वहां एक अदना सा सिपाही भी सबसे बड़ा ताकतवर बना बैठ जाता है। एक गली का नेता वहां आदेश देने लगता है। जबकि क्रिकेटप्रेमी सक्षम लोगों को अपमानित किया जाता है। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि राजनीतिक लाभ उठाने के लिए वहां के अधिकारी सौ-सौ पास लोगों तक भिजवा देते हैं और जो सचमुच में क्रिकेट प्रेमी है, उन्हें टिकट के लिए पुलिस की लाठी खानी पड़ती है। अब, जबकि इडी ने इस संगठन के कामकाज की जांच में हाथ डाला है, उम्मीद बंधी है कि क्रिकेट के संवर्द्धन के लिए बने इस संगठन में पारदर्शिता आयेगा और इसे धंधेबाजों के चंगुल से बाहर निकाला जा सकेगा, ताकि झारखंड क्रिकेट का नाम खराब नहीं हो।

# कब्र से निकाला गया पिंजरे में मरे बंदर का शव

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर दर्ज करायी जायेगी एफआइआर

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बंदर कैलाश की मौत मामले में गुरुवार को नया मोड़ आ गया। इस मामले में प्रभारी वनपाल जसीम अंसारी को निलंबित करने के बाद अब बंदर के शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। रेंजर की रिपोर्ट के बाद डीएफओ विमल लकड़ा ने पोस्टमार्टम कराने के आदेश दे दिये।

गुरुवार को कब्र से बंदर का शव निकाला गया तथा उसे पशुपालन विभाग के चिकित्सक के पास पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद पूरा मामला और साफ हो जायेगा। रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ वन्य जीव क्रूरता अधिनियम के तहत थाने में एफआइआर दर्ज करायी जायेगी।



**प्रभारी वनपाल को किया जा चुका है सस्पेंड :** बताते चलें कि फॉरेस्ट कॉलोनी में बंदर की हत्या मामले में डीएफओ विमल लकड़ा ने प्रभारी वनपाल जसीम अंसारी को सस्पेंड कर दिया है। प्रभारी वनपाल पर बंदर की सुरक्षा में लापरवाही बरतने का आरोप है।

बीते 30 सितंबर को शहर के सत्यम नगर से वन विभाग को एक बंदर सौंपा गया था। फॉरेस्ट ऑफिसर आरके सिंह ने बंदर को रखने की जिम्मेदारी प्रभारी वनपाल जसीम अंसारी को दी थी, लेकिन अचानक 1 अक्टूबर को प्रभारी वनपाल ने विभाग को सूचना दी कि बंदर की पिंजरे के अंदर मौत हो गयी है। इतना ही नहीं, बंदर को मारने से पहले उसका हाथ भी तोड़ दिया गया था।

डीएफओ ने अपने पत्र में लिखा है कि जसीम अंसारी ने विभाग के शो-कॉज का जो जवाब दिया था, उससे लगता है कि बंदर को सुरक्षित रखने के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया। इस वजह से बंदर 1 अक्टूबर को अपने पिंजरे में मृत पाया गया। डीएफओ ने प्रभारी वनपाल को सस्पेंड कर मुख्यालय में अटैच कर दिया।

**मेनका गांधी तक जा चुका है मामला :** पीपुल फॉर एनिमल के सदस्य राणा घोष ने बंदर के मारे जाने की सूचना लोकसभा सदस्य सह एनिमल राइट्स एक्टिविस्ट मेनका गांधी को दी थी। इसके बाद वन विभाग भी रेस हो गया। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# दलबदल मामले में बाबूलाल मरांडी की याचिका पर अब 18 अक्टूबर को सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी की ओर से दलबदल मामले में स्पीकर के न्यायाधिकरण में फैसला सुरक्षित रखे जाने के खिलाफ दायर याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में गुरुवार को आंशिक सुनवाई हुई। मामले में झारखंड विधानसभा की ओर से हस्तक्षेप याचिका दायर की गयी। इसमें कहा गया है कि बाबूलाल मरांडी की ओर से दाखिल रिट याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। यह भी कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट के न्यायादेश के आलोक में इस याचिका पर हाइकोर्ट की ओर से कोई आदेश पारित करना उचित नहीं है। विधानसभा की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता संजय हेगड़े और झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। गुरुवार को विधानसभा की ओर से बहस की गयी अगली सुनवाई 18 अक्टूबर को होगी।



### स्पीकर के न्यायाधिकरण से जजमेंट पास नहीं

पूर्व की सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से की गयी बहस के दौरान विधानसभा की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अभी इस मामले में विधानसभा अध्यक्ष के न्यायाधिकरण की ओर से कोई जजमेंट पास नहीं हुआ है। प्रार्थी के पक्ष में भी फैसला आ सकता है, इसलिए यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। वहीं प्रार्थी की ओर से कहा गया कि बिना गवाही कराये ही स्पीकर के न्यायाधिकरण ने फैसला सुरक्षित रखा है। स्पीकर के न्यायाधिकरण में बाबूलाल मरांडी और प्रदीप यादव के मामले में अलग-अलग तरीके से सुनवाई हो रही है, जो अनुचित है। यह सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट में हुई। प्रार्थी की ओर वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह और अधिवक्ता विनोद कुमार साहू ने पैरवी की।

### स्पीकर ने नियम संगत नहीं की सुनवाई

रिट याचिका में कहा गया है कि स्पीकर ने नियम संगत सुनवाई नहीं की है। स्पीकर के न्यायाधिकरण में संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत सुनवाई में भेदभाव हो रहा है। गवाही खत्म होने के बाद उन्हें पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया है। 30 सितंबर को सुनवाई खत्म कर ली गयी है। फैसला कभी भी सुनाया जा सकता है। कहा गया है कि जिस मामले में बाबूलाल प्रतिवादी हैं, उसकी सुनवाई कुछ अलग तरीके से हो रही है और जिस मामले में प्रदीप यादव प्रतिवादी हैं, उसमें अलग तरीके से सुनवाई हो रही है। यहां उल्लेखनीय है कि बाबूलाल मरांडी वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में झाविमो उम्मीदवार के रूप में जीते थे, लेकिन उसके बाद उन्होंने जेवीएम का विलय भाजपा में कर दिया था, उनके इस विलय पर चुनाव आयोग ने भी सहमति जतायी थी। इसे लेकर उनके खिलाफ विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष दल बदल का मामला दर्ज किया गया है।

# पानी-भात और भथुवा साग खिला कर बेटी को बड़ा किया: अष्टम की मां

## बेटी वर्ल्ड कप में भारत की कप्तान, बेटी करेगी नौकरी तो मां-पिता छोड़ देंगे मजदूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड का गुमला जिला इन दिनों सुर्खियों में है। दरअसल फीफा यानी फुटबॉल के अंडर 17 महिला वर्ल्ड कप में भारतीय महिला टीम का नेतृत्व गुमला जिले की बिशुनपुर प्रखंड की सुदूरवर्ती गांव की बेटी अष्टम उरांव कर रही है, लेकिन अष्टम के घर पर न तो मैच देखने के लिए टीवी था और न ही उनके घर तक पहुंचने के लिए रास्ता। इस बात की खबर मीडिया के माध्यम से जैसे ही प्रशासन को मिली, तो सबसे पहले कप्तान के घर पर टीवी लगवाया गया। अब उसके घर तक जाने के लिए रास्ता बनाया जा रहा है।

खास बात ये है जिस रास्ते को अष्टम उरांव के लिए बनाया जा रहा है, उसी के निर्माण में अष्टम के माता-पिता दोनों लगे हैं। दोनों सड़क पर मजदूरी करते मिले। जिस सड़क का निर्माण जिला प्रशासन करवा रहा ह, उसमें दिन भर की मजदूरी के बदले दोनों को ढाई-ढाई सौ रुपये मिलते हैं। यह सड़क गुमला जिले के बिशुनपुर प्रखंड के बनारी गोर्राटोली गांव में बन रही है, जिसका निर्माण अष्टम उरांव के घर तक होना है।

दरअसल फुटबॉल महिला टीम की कप्तान का परिवार बदहाली का दंश झेल रहा है, लेकिन बेटी गरीबी और साधनविहीन माहौल में संघर्ष कर आगे निकल कर आज भारतीय फुटबॉल टीम की कप्तानी संभाल रही है। अष्टम के पिता हीरा उरांव ने कहा कि मजदूरी नहीं करेंगे तो परिवार का पेट भला कैसे भरेग।



अष्टम की मां तारा देवी खुश हैं कि बेटी भारत की कप्तान बन गयी है। वह बताती हैं कि अष्टम शुरू से ही जुझारू रही है। वह जिस काम को ठान लेती ह, उसे पूरे मन के साथ करती है। अष्टम के पिता हर साल बेंगलुरु कमाने के लिए जाते थे और अपने बच्चे की परवरिश करते थे और अच्छी शिक्षा देकर अष्टम को आज भारतीय टीम का कप्तान बना दिये।

अष्टम उरांव के कहने पर उसके पिता बेंगलुरु कमाने नहीं गये। बेंगलुरु का टिकट कैंसिल करके गांव में रोड निकली, उसी में काम करने लगे।

मां तारा ने कहा कि अपनी बेटी को गरीबी के कारण पानी भात और भथुवा का साग खिला कर बड़ा किया है। जब उनकी बेटी नौकरी करने लगेगी, तो वह दिहाड़ी मजदूरी का काम छोड़ देंगी। इस मामले में जिला खेल पदाधिकारी कुमारी हेमलता बुन तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य ने कहा कि अष्टम के सम्मान में जिला प्रशासन की ओर से उसके घर तक सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। उसके माता-पिता उसी सड़क के निर्माण में मजदूरी कर रहे हैं, इस सवाल के जवाब में अफसरों ने कहा कि कोई काम छोटा नहीं होता है। प्रशासन स्तर से आनेवाले समय में अष्टम के सम्मान में स्टेडियम भी बनाया जायेगा। जिला प्रशासन सरकार की योजनाओं से अष्टम के माता-पिता को लाभ दिलवायेगा, वहीं अष्टम को आवास योजना के तहत घर बना कर दिया जायेगा।

# राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल से छात्रों की बढ़ी परेशानी, नहीं बन पा रहे सर्टिफिकेट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में पिछले 28 दिनों से राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल चल रही है, जिसका सीधा असर झारखंड के छात्रों पर पड़ रहा ह। वैसे छात्र, जिन्हें अलग-अलग परीक्षाओं के लिए आवेदन देना ह, इनकी मुश्किलें बढ़ गयी हैं। छात्र मुश्किल में हैं कि सर्टिफिकेट बनायें तो कैसे! जेइइ एडवांस पास छात्र-छात्राएं हों या विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने की चाहत रखनेवाले विद्यार्थी, सभी परेशान हैं।

जेएसएससी की निकाली गयी पीजीटी नियुक्ति से जुड़े छात्र राकेश का कहना है कि कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से आखिरकार छात्र ही प्रभावित हो रहे हैं।

सरकार को इस संबंध में तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए। इसी तरह लैब असिस्टेंट की नियुक्ति के लिए आवेदन देनेवाले छात्र के आवेदन में जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, बीसी -1, बीसी- 2, एससी, एसटी, इडब्लूएस का प्रमाण पत्र चाहिए, जो नहीं बन पा रहा है।

प्रमाण पत्र नहीं बन पाने के कारण सारे छात्रों को परेशानी हो रही है। छात्र-छात्राएं लगातार कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं।

यही स्थिति रही तो परीक्षाओं के लिए आवेदन करने की तिथि बीत जायेंगी और छात्र-छात्राएं फॉर्म भरने से वंचित हो जायेंगे। ज्ञात हो कि राज्य भर के 2500 से अधिक राजस्व कर्मी अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर पिछले 16 सितंबर से हड़ताल पर हैं।

### मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रहेगी: भरत सिन्हा

झारखंड उप निरीक्षक संघ के नेता भरत सिन्हा ने कहा है कि जब तक सरकार के स्तर से हमारी मांगों पर विचार नहीं होगा, तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.0 °c | 21.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.25 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.45 बजे |



### 165 ग्रामीण युवाओं को स्किल डेवलपमेंट का कोर्स पूरा होने पर दिये गये सर्टिफिकेट

# जनजातीय युवाओं में अपार क्षमता, गांव और समाज को दिखा सकते हैं नयी राह : गवर्नर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची यूनिवर्सिटी के मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में गुरुवार को जनजातीय समाज के युवाओं के स्वर्णिम सफलता के लिए खूब तालियां बजीं। प्रदेश भाजपा की ओर से आयोजित संसदीय संकुल विकास प्रोजेक्ट से लाभान्वित 165 ग्रामीण युवाओं को स्किल डेवलपमेंट का कोर्स पूरा होने पर राज्यपाल रमेश बैस और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर के हाथों सर्टिफिकेट बांटे गये। इस मौके पर राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि सरकार के स्तर से जनजातीय समाज के उत्थान के लिए कई कार्यक्रमों, योजनाओं का संचालन हो रहा है। जनजाति वर्ग के युवाओं में अपार क्षमता है। कौशल विकास और उद्यमिता सशक्तिकरण के तहत उन्हें जो प्रशिक्षण मिला है, उससे वे दूसरों को भी प्रेरित करेंगे। आत्मनिर्भर बनने के साथ साथ दूसरों के लिए भी आगे बढ़ने का रास्ता बनाएंगे। केंद्रीय उद्यमिता एवं कौशल विकास राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र सरकार गांवों में रहने वाले युवाओं को सबल करने, आत्मनिर्भर बनाने को कई स्तरों पर प्रयास कर रही है। युवाओं को इसके लिये जागरुक करना होगा। मौके पर कई गणमान्य अतिथि भी मौजूद थे।

**पलायन रोकने को कारगर प्रयासों की जरूरत**

कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष ने संसदीय संकुल विकास परियोजना के तहत जनजाति क्षेत्रों से पलायन रोके जाने के प्रयासों पर जोर देने को कहा। उन्होंने भाजपा के एसटी मोर्चा की ओर से जनजाति बहुल गांवों में युवाओं के पलायन को रोकने को कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों की पहल को सराहा। कहा कि अपने अपने गांवों, समाज के आसपास ही रहकर अगर हुनरमंद युवा रोजी रोजगार करें तो बेहतर होगा। उन्होंने उद्यमिता और कौशल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण उद्यमिता और कौशल विकास मंत्रालय के द्वारा जनजाति नवयुवकों को आत्मनिर्भर बनाने को ग्रामीण उद्यमिता प्रशिक्षण का कार्यक्रम 20 अगस्त से दो माह का चलाया गया। युवा विकास सोसाइटी और सेवा भारती संस्थान, रांची के जोन्हा सेंटर में इसका संचालन हुआ। आज इसका समापन समारोह रांची युनिवर्सिटी के आर्यभट्ट सभागार में संपन्न हो रहा है। इससे उम्मीद बंधती है कि केंद्र सरकार गांवों को आगे ले जाने को भी सजग है। उनके अलावे अन्य अतिथियों ने भी केंद्र सरकार के स्तर से जनजाति समाज के लिए किये जा रहे प्रयासों, योजनाओं पर प्रकाश डाला।

**इनकी रही उपस्थिति :** प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण पत्र के वितरण कार्यक्रम में राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री के अलावे राष्ट्रीय एसटी आयोग के अध्यक्ष हर्ष चौहान, भाजपा एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय संगठक वी सतीश, उद्यमिता एवं कौशल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव अतुल कुमार तिवारी एवं राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के सीईओ वेदमणि तिवारी के अलावा पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व विधायक राम कुमार पाहन, शिवशंकर उरांव और पार्टी के अन्य कई नेता भी मौजूद थे। इससे पहले कार्यक्रम में शामिल होने रांची पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर का रांची एयरपोर्ट पर प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश, सांसद आदित्य साहु सहित पार्टी के अन्य नेताओं ने स्वागत किया।


भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक - 753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
Cuttack - 753 006, (Odisha), India
Phone : 0671-2367768-783, Fax : 2367663

**Advertisement No. 24/AFO/2022-23**

Walk-in-Interview is to be held on **28.10.2022** for selection of **one (01) Agricultural Field Operator (AFO)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Bio-efficacy and phytotoxicity of pesticides applied through drone technology in rice" (EAP-346)**. The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website : **https://icar-nrri.in**

PRINCIPAL INVESTIGATOR



**RANCHI UNIVERSITY, RANCHI**

**CORRIGENDUM**

This is to inform to all bidders that the tender published on daily newspaper dated **06.09.22** bearing **Memo No. PL/83-86** dated **05.09.2022** pertaining to the renovation work of V.C's residence has been extended up to **18.10.2022** till **2:00 P.M.**

The other terms and condition of the tender will remain same.

By order of the Hon'ble Vice Chancellor
Sd/- Registrar
Ranchi University, Ranchi

Memo No. : PL/130-32/22
Date : 13.10.2022


## 16 को आजसू झारखंड महिला संघ का सभी जिलों में सम्मेलन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल झारखंड महिला संघ ने 16 अक्टूबर को राज्य के सभी जिलों में सम्मेलन आयोजित किया है। आजसू पार्टी की अनुषंगी इकाई अखिल झारखंड महिला संघ का राज्य के सभी 24 जिलों में जिला सम्मेलन होगा। इसी क्रम में रांची जिला सम्मेलन का आयोजन बोड़ेया स्थित गीतांजलि सभागार में किया जायेगा। ये बातें गुरुवार को आजसू कार्यालय में अखिल झारखंड महिला संघ की संगठन सचिव वर्षा गाड़ी, उपाध्यक्ष पार्वती देवी, महिला महानगर उपाध्यक्ष डॉ सुचित्रा, पूर्व जिला परिषद सदस्य फुलकुमारी देवी और जिला परिषद सदस्य सरिता देवी ने संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेस में कहीं।

उन्होंने कहा कि जिला सम्मेलन के माध्यम से संगठन का पुनर्गठन एवं विस्तार तथा नये लीडरशिप को उभारने के लिए विशेष अभियान चलाने को लेकर भी रोडमैप तैयार किया जायेगा। जिला सम्मेलन में महिलाओं पर हो रहे शोषण एवं अत्याचार के खिलाफ सशक्त आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर, जन आंदोलन के लिए गोलबंद करने की भी तैयारी है। साथ ही साथ सरकार की ओर से महिलाओं को लेकर किये गये वादों का हकीकत के धरातल पर मूल्यांकन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सम्मेलन को लेकर प्रदेश एवं जिला की सभी महिला नेत्रियों को अलग-अलग प्रखंडों की जिम्मेदारी दे दी गयी है।

### राज्यस्तरीय सम्मेलन छह नवंबर को होगा

अखिल झारखंड महिला संघ का 23 सितंबर को राज्य के सभी 260 प्रखंडों में प्रखंड सम्मेलन किया जा चुका है। 16 अक्टूबर को जिला सम्मेलन भी तय है। इसी क्रम में आगामी 6 नवंबर को अखिल झारखंड महिला संघ का राज्यस्तरीय सम्मेलन होना तय है।

## 16 अक्टूबर को झारखंड जनता दल का जदयू में होगा विलय : गौतम सागर राणा




**राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह रहेंगे मौजूद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मंत्री गौतम सागर राणा की पार्टी झारखंड जनता दल का विलय जनता दल यूनाइटेड (जदयू) में होगा। इसकी जानकारी झारखंड जनता दल के नेता और पूर्व मंत्री गौतम सागर राणा ने दी। गुरुवार को रांची में प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि 16 अक्टूबर को रांची में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह की उपस्थिति में यह विलय होगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार का भाजपा गठबंधन से अलग होने पर देशभर में यह मैसेज गया है कि 2024 में मोदी जी की राह आसान नहीं है। ऐसे में नीतीश कुमार के हाथ को मजबूत करने के लिए उन्होंने फैसला लिया है कि झारखंड में उनकी पार्टी का विलय कर दिया जाए। इसके लिए नीतीश कुमार ने सहमति भी दे दी है। गौतम सागर राणा ने कहा कि सामंती और संघी हिंदू एकता ही राष्ट्रवाद है इस कल्पना का वह अक्सर विरोध करते हैं और वह हिंदू की जगह हिंदुस्तानियों की एकता चाहते हैं। नीतीश कुमार ने जब भाजपा का साथ छोड़ा और भाजपा की सांप्रदायिक राजनीति के सामने खड़े हो गए तो उससे प्रभावित होकर झारखंड जनता दल ने जदयू में विलय का फैसला लिया है। भाजपा की सांप्रदायिक सोच , पूंजीवाद और बेरोजगारी के खिलाफ आज राष्ट्रीय पटल पर वैचारिक लड़ाई में एकजुट होने का वक्त आ गया है, देश में वर्तमान राजनीतिक परिपेक्ष और समान विचारधारा वाले सभी राजनीतिक दलों को एकजुट होकर सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ लड़ने की जरूरत है।

श्री राणा ने कहा कि 16 अक्टूबर को रांची के कार्निवल हॉल में 1000 नेता और कार्यकताओं के साथ झारखंड जनता दल का जनता दल यूनाइटेड में विलय होगा और राज्य में यूपीए को मजबूत करने का काम करेंगे। बता दें कि झारखंड जनता दल के नेता और पूर्व मंत्री गौतम सागर राणा बिहार में पूर्व मंत्री रहे हैं। इसके साथ साथ वह कई बार झारखंड में लालू प्रसाद की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल, नीतीश कुमार की पार्टी जदयू, शरद यादव की पार्टी लोकतांत्रिक जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। झारखंड जनता दल के कार्यकारी अध्यक्ष आबिद अली, उपाध्यक्ष अर्जुन यादव, संसदीय बोर्ड की अध्यक्ष शारदा देवी, प्रभात रंजन, प्रदेश महासचिव प्रणय कुमार बबलू, विक्रांत विश्वकर्मा, चंद्रशेखर भगत, राजेश कुमार, शब्बर फातमी, रामानंद शर्मा, शाहिद इकबाल, शाहबाज अहमद मौजूद थे।

## झारखंड के ढाई लाख लोगों के तीन हजार करोड़ रुपये सहारा इंडिया में फंसे, नहीं हो रहा भुगतान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के ढाई लाख से भी ज्यादा लोगों के तीन हजार करोड़ रुपये सहारा इंडिया की विभिन्न योजनाओं में फंस गये हैं। जमा योजनाओं की पॉलिसी परिपक्व होने के बाद भी लगभग दो वर्ष से भुगतान पूरी तरह बंद है। राज्य के अलग-अलग इलाकों में स्थित सहारा के दफ्तरों में हर रोज बड़ी तादाद में पॉलिसी की राशि के भुगतान की मांग लेकर लोग पहुंच रहे हैं, लेकिन उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ रहा है।

रांची, हजारीबाग, रामगढ़, बेरमो, बोकारो, धनबाद, जमशेदपुर सहित कई जिलों में निवेश करनेवाले लोगों ने सहारा के दफ्तरों के बाहर प्रदर्शन भी किया है। इन शाखाओं के प्रबंधकों और कर्मियों के पास कोई जवाब नहीं है। कंपनी के लिए काम करने वाले 60 हजार से भी ज्यादा कर्मी भी हर रोज हो रहे हंगामे से परेशान हैं। निवेशकों का कहना है मैच्योरिटी की राशि का भुगतान न होने से किसी का इलाज के अभाव में निधन हो गया तो किसी के बच्चों की पढ़ाई से लेकर शादी तक रुक गयी।

भुक्तभोगी बोकारो जिले के बेरमो के रामदास साव का कहना है कि अपने जीवन की पूरी कमाई 20 लाख रुपये सहारा इंडिया में जमा किये, लेकिन उन्हें एमआइएस तक का भुगतान नहीं किया जा रहा है। हजारीबाग के शिवपुरी निवासी संतोष कुमार के एक लाख रुपये फंसे हैं और वह दो साल से परेशान हैं।

बेरमो के बबलू गुप्ता और उनकी पत्नी राजकुमारी भारती का कहना है कि पैसे न मिलने की वजह से उन्हें अपनी बेटी का विवाह स्थगित करना पड़ा। इसी तरह प्रदीप कुमार भगत ने भी 21 लाख रुपये जमा किये हैं, लेकिन उन्हें ब्याज तक की रकम नहीं दी जा रही है। कुछ महीने पहले बोकारो जिले के गोमिया में सहारा इंडिया के एक एजेंट ने निवेशकों के दबाव से परेशान होकर खुदकुशी कर ली थी।

### नगरपालिका चुनाव के लिए भाजमो ने कसी कमर



**रांची (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा झारखंड में नगरपालिका चुनाव लड़ेगा। मोर्चा के अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने एक बयान जारी कर कहा है कि विभिन्न नगरपालिका क्षेत्रों के मोर्चा कार्यकर्ताओं को नगरपालिका के चुनाव की तैयारी करने के लिए कहा गया है। जहां मोर्चा के सक्षम कार्यकर्ता चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं होंगे, मोर्चा वहां किसी सक्षम उम्मीदवार का समर्थन करेगा। श्री तिवारी ने कहा है कि मोर्चा शीघ्र ही स्वस्थ और टिकाऊ शहरी विकास का प्रारूप प्रस्तुत करेगा। इसके लिए राज्य स्तरीय बैठक बुला कर प्राथमिकताएं तय की जायेंगी। मोर्चा राज्य सरकार की शहरी नीति और कार्यक्रमों की समीक्षा करेगा।

## रांची की बेटी बिहार में बनेगी जज

### 31वीं न्यायिक सेवा परीक्षा में किया टॉप

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बिहार लोक सेवा आयोग की 31वीं न्यायिक सेवा का फाइनल रिजल्ट जारी हो चुका है। इसमें गुमला की बेटी ने परचम लहराया है। गुमला की भावना नंदा ने इसमें टॉप किया है। वर्तमान में वह अपने माता-पिता के साथ रांची के इटकी रोड में रहती है। उनकी इस उपलब्धि पर उनके परिजन काफी खुश है। बता दें कि इस परीक्षा को पास करने के बाद वंदना अब बिहार में जज बनेंगी। टॉपर भावना नंदा ने कहा है कि भविष्य में जन-जन के अधिकार को न्याय दिलाने का प्रयास करेंगे। भावना ने 2019 में एनएलयू रांची से बीए, एलएलबी 2020 में एनएलयू दिल्ली से एलएलएम की डिग्री हासिल की। उन्होंने अपने पिता नवल किशोर पुष्पा नंदा को सफलता का श्रेय दिया है। भावना के पिता नवल किशोर झारखंड वित्त विभाग के रिकॉर्ड ऑडिट अफसर है। वही मां पुष्पा नंदा सरकारी शिक्षिका है। 6 दिसंबर 2020 को प्रारंभिक और 24 से 28 जुलाई 2021 तक मुख्य परीक्षा हुई। 6 सितंबर 2022 को इंटरव्यू हुआ।


**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या 01 दिनांक 12.10.2022 के अनुसार **मैं, अनिल कुमार** पिता-श्री चन्द्रिका शर्मा, उम्र लगभग-47 वर्ष, धर्म-हिन्दू राष्ट्रीयता-भारतीय, पेशा-नौकरी, ग्राम-सुजानपुर, पोस्ट-कोडरमा, थाना-कोडरमा, जिला-कोडरमा, राज्य- झारखंड, आधार नं.- 3884 1038 3879 शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान करता हूं:-

1. यह कि मैं उपरोक्त वर्णित पते का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मेरी पुत्री का आधार कार्ड नं.-2881 3339 6559 में मेरी पुत्री का नाम **खुशी कुमारी (Khushi Kumari)** दर्ज है।
3. यह कि मेरी पुत्री का मैट्रिक के सभी प्रमाण पत्रों में **स्वीटी शर्मा (Sweety Sharma)** अंकित है।
4. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपनी पुत्री के आधार कार्ड में नाम खुशी कुमारी (Khushi Kumari) के स्थान पर **स्वीटी शर्मा (Sweety Sharma)** दर्ज करवाने हेतु बनाया।


### महिला मरीज मौत मामला : एक्शन मोड में पुलिस

# रिनपास डायरेक्टर जयति शिमलइ की गाड़ी सीज

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** रिनपास की महिला मरीज मौत मामले की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है। चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश के बाद कांके थाना ने इस केस से जुड़े साक्ष्य इकट्ठा करना शुरू कर दिया है। कांके थाना प्रभारी बृज कुमार ने बताया कि रिनपास की महिला मरीज मौत मामले में कार्रवाई करते हुए रिनपास की निदेशक जयति शिमलइ की मिनी एसयूवी कार (ब्रीजा) सीज कर ली गयी है। इसी गाड़ी से मरीज मेहरु निशां दुर्घटनाग्रस्त हुई थी।

पुलिस ने साक्ष्य इकट्ठा करने की दिशा में यह कार्रवाई की है। पुलिस इस केस से जुड़े अन्य बिंदुओं की भी जांच कर रही है। रिनपास के कुछ कर्मचारियों एवं अधिकारियों से भी जानकारी ली गयी है। जयति शिमलई की गाड़ी की जांच करायी जायेगी।

### रिम्स में इलाज के दौरान महिला की हुई थी मौत

बता दें कि अप्रैल माह में रिनपास की एक महिला मरीज की रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। मरीज की मौत के बाद यह कह दिया गया कि महिला करंज के पेड़ से गिर गयी थी। रिम्स में पुलिस को दिये बयान में रिनपास की नर्सिंग स्टाफ सिस्टर मुनुरेन बारला ने यह बताया था कि विक्षिप्त महिला पेड़ से गिर गयी थी। उसे रिम्स में लाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी, जबकि रिनपास के तत्कालीन निदेशक डॉ सुभाष सोरेन ने कहा कि दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने जयति शिमलइ से स्पष्टीकरण मांगा था। उनका स्पष्टीकरण मिला भी, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी गाड़ी की चपेट में आने से महिला घायल हुई थी, जिसके बाद उसे रिम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है, जहां उसकी मौत हो गयी थी।


**JHARKHAND STATE FOOD & CIVIL SUPPLIES CORPORATION LTD.**
(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
JSFC Bhawan, Kadru Main Road, Ranchi - 834002, Email-jsfcmonitoring@gmail.com

**Advertisement**

Applications are invited from the suitable candidates for the post of **Company Secretary-1 Post (UR) & Accounts Officer-1 Post (ST), in Jharkhand State Food and Civil Supplies Corporation Limited (JSFCSCL)**- a Government of Jharkhand undertaking having its registered office in JSFC Bhawan, Kadru Main Road, Ranchi, Jharkhand - 834002. The detailed terms and conditions relating to the above post and prescribed format of the application are available on the website - www.jharkhand.gov.in> Department-Food, Public Distribution & Consumer Affairs> Recruitment for Company Secretary & Accounts Officer.


Managing Director
(JSF&CSCL)

# आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर नगवां में लगा शिविर



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड के नगवां पंचायत के लोक नायक जे पि विद्या मंदिर के प्रांगण में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया प्रखंड विकास पदाधिकारी गुंजन कुमारी सिन्हा एवं नगवां के पंचायत के मुखिया विनय कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर शिविर की शुरूवात की गई प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों के बीच सरकार के द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण कारी योजनाओं के बारे मे विस्तार से बताया गया शिविर में आपूर्ति कल्याण, पशु पालन, पेंशन, मनरेगा, कृषि राजस्व इ श्रम सहकारिता,जालपा पेयजल विद्युत आदि का स्टाल लगाया गया शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे शिविर में सैतालिस लाख चौबीस हजार रूपए की परिसम्पति का वितरण किया गया 110 लोगों को कोविड टीकाकरण एवं 103 लोगों का स्वस्थ जाँच किया गया इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अचल अधिकारी राजेश कुमार के द्वारा लगाया गया सभी स्टॉलों का निरीछन किया गया एवं उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया उनके द्वारा स्टाल में विभागीय प्राधिकारियों एवं कर्मियों को प्राप्त आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही करने का निर्देश दिया गया शिविर में कुल 734 आवेदन प्राप्त हुवे जिसमे 521 आवेदनों को निष्पादित किया गया। उक्त अवसर पर नगवा पंचायत के मुखिया विनय कुमार उप मुखिया बबिता देवी वार्ड सदस्य के रूप में बबिता देवी परसादी प्रसाद, कुमारी रिंकी संगीता देवी सरो देवी छोटेलाल राम संगीता देवी कांति देवी, कंचन देवी संजू देवी राहुल कुमार सुरेश प्रसाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ परवीन नाथ, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी शैल बाला तथा सदर प्रखंड एवं अंचल के कर्मी एवं ग्रामीण मोदी मेहता, अरुण मेहता, कृष्णा मेहता, बबलू मेहता, शांति देवी, अमरदीप मेहता, बजरंगी ठाकुर, अरुण भगत, उमेश मेहता, उपस्थित थे।

## झारखंड शिक्षा परियोजना ने दिव्यांग बच्चों के लिए सदर एवं दारू प्रखंड में जांच शिविर लगाया



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड शिक्षा परियोजना के द्वारा प्रखंड संसाधन केंद्र सदर एवं दारू में 3 से 18 वर्ष के दिव्याग बच्चों के लिए गुरुवार को जांच शिविर लगाया गया। इस शिविर में सदर प्रखंड में 32 बच्चे और दारू प्रखंड में पचास से अधिक बच्चों ने अपने अभिभावक के साथ आकर जांच करवाई। मेडिकल टीम में शामिल डॉक्टरों ने सभी बच्चों की दिव्यंगता से संबंधित जांच की। इस अवसर पर शिविर में मौजूद सदर प्रखंड के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रेशमी सिंह, रिसोर्स शिक्षक कविता कुमारी एवं बिंदु कच्छप एवं दारू प्रखंड के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक रोहित केसरी, रिसोर्स शिक्षिका निशा कुमारी, और रानू रागिनी ने बताया कि जिन बच्चों की जांच हुई है उनको जल्द ही आवश्यकता के अनुसार कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए जाएंगे। मेडिकल टीम में हड्डी विशेषज्ञ डॉक्टर राजा बाबू,डॉक्टर अरुण यादव और ऑडियोलॉजिस्ट डॉक्टर अंकुश राज शामिल थे जिन्होंने शिविर में आये बच्चों की जांच की। इस कैम्प को सफल आयोजन में मानव विकाश इचाक संस्था से जुड़े अमृत राम, रानी कुमारी,अर्जुन हांसदा ने भी अपना योगदान दिया।

## कैंप में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तिलैया डैम के सैनिक स्कूल में 45 झारखण्ड एनसीसी बटालियन के तत्वाधान में चल रहे आठ दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सैनिक स्कूल के प्राचार्य ग्रुप कैप्टन राहुल सकलानी के द्वारा कैडेटों को राष्ट्रीय एकता में एनसीसी के कैडेटों की उपयोगिता के बारे में बताया और कहा कि आप कैडेट्स एक अच्छे लीडर बनकर देश की सेवा करे यही उनकी कामना है। वही कोडरमा अग्निशमन विभाग के द्वारा कैडेटों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभाग के तरफ से शैलेंद्र किशोर ने कैडेटों के आग लगने एवं उनसे बचने तथा दूसरों की सुरक्षा करने के उपाय बताए। इसके अलावा कैडेटों के लिए मैप रीडिंग, फिल्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, फायरिंग तथा आपदा प्रबंधन में भूकंप आने की स्तिथि में निपटने के उपाय की कक्षा चलायी गयी। इस अवसर पर बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल मनीष जैन, सैनिक स्कूल के हेडमास्टर लेफ्टिनेंट कर्नल धीरज कुमार, सूबेदार मेजर रमेश कुमार राय, डिप्टी कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट संतोष कुमार, लेफ्टिनेंट चंदन दुबे, थर्ड ऑफिसर अभिजीत आनंद, थर्ड अफसर संतोष प्रसाद, थर्ड अफसर मनोरंजन पाठक, सीटीवो एलिस मिंज, ट्रेनिंग जेसीवो सूबेदार सुमन प्रसाद, सूबेदार नीरज, सूबेदार तिलक राज, सूबेदार देशराज, सूबेदार भगत, प्रधान लिपिक विजय श्रीवास्तव, राम उचित कुमार, हवलदार विद्याशंकर ओझा, हवलदार अजय कुमार सिंह, हवलदार परेश कुमार, हवलदार किशन आदि उपस्थित थे।

## जहर खाकर महिला ने आत्महत्या की कोशिश की

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले में जहर सेवन का मामला प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इस साल जहर खाकर कई लोगों आत्महत्या कर ली है। ताजा मामला में कोडरमा थाना अंतर्गत चाराडीह पुतों में एक महिला ने गुरुवार दोपहर जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की, जिसकी पहचान रेखा देवी उम्र 42 वर्ष पति सरजू ठाकुर ग्राम पुतो चाराडीह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार घरेलू विवाद को लेकर बाजार से जहर लाकर खा लेने से अचानक तबीयत बिगड़ने लगी। जिसके बाद आनन-फानन में ग्रामीणों की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

## उपायुक्त ने विद्यालयों का निरीक्षण किया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने गुरुवार को कोडरमा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय इंदरवा (देहाती) और उत्क्रमित उच्च विद्यालय पथलडीहा का औचक निरीक्षण किया। उत्क्रमित उच्च विद्यालय इंदरवा (देहाती) के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त रंजन ने प्रोजेक्ट इंपैक्ट के तहत संचालित गतिविधियों का जायजा लिया। उपायुक्त ने विद्यालय में 15वें वित्त आयोग के तहत अपूर्ण शौचालय निर्माण को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही विद्यालय हेतु प्रस्तावित, स्वीकृत भवन का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने का कनीय अभियंता सर्व शिक्षा अभियान को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने बच्चों से प्रोजेक्ट इंपैक्ट व प्रोजेक्ट रेल से संबंधित जानाकारी प्राप्त किये। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक व बच्चे ससमय विद्यालय आये, इसका ख्याल रखेंगे। उत्क्रमित उच्च विद्यालय पथलडीहा के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने विद्यालय हेतु प्रस्वावित नई भवन निर्माण कार्य को शुरू करने का कनीय अभियंता सर्व शिक्षा अभियान को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से सभी बच्चियों को अच्छादित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, अधिक से अधिक बच्चियों का आवेदन भरकर योजना से अच्छादित करें। इस योजना के तहत कक्षा 8वीं व 9वीं के बच्चियों के 2500 रुपये, 10वीं,11वीं एवं 12वीं के बच्चियों को 5000 रुपये एवं 18 से 19 वर्ष की आयु की किशोरी के एकमुश्त 20000 अनुदान दिया जायेगा। मौके पर एडीपीओ शिव मल्लिक, कनीय अभियंता, पीएमयू सदस्य अनुज व अन्य मौजूद रहे।

## यक्ष्मा और मानसिक स्वास्थ्य को लेकर आइसेक्ट विश्वविद्यालय में सेमिनार का आयोजन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में गुरुवार को यक्ष्मा व मानसिक रोग को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद व कार्यक्रम में शामिल मुख्य वक्ताओं के हाथों दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके बाद मनोविज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका प्रीति वर्मा ने स्वागत भाषण दिया। मौके पर यक्ष्मा संबंधित अहम जानकारियों के साथ साथ मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे सिरदर्द, नशे की लत, मोबाइल एडिक्शन, अवसाद, याददाश्त व एकाग्रता की कमी, आत्महत्या की प्रवृत्ति सहित अन्य पर विस्तार से चर्चा की गई। मनोरोग पर कार्य करने वाली सामाजिक कार्यकर्ता स्वाति कुमारी मौके पर संबोधित करते हुए कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार मानसिक स्वास्थ्य सलामती की एक स्थिति है, जिसमें किसी व्यक्ति को अपनी क्षमताओं का एहसास रहता है। वह जीवन के सामान्य तनावों का सामना कर सकता है, लाभकारी और उपयोगी रूप से काम कर सकता है और अपने समाज के प्रति योगदान करने में सक्षम होता है। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य एक आधारभूत मानव अधिकार है, जो व्यक्तिगत, सामुदायिक व सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। वहीं एनएलपी वेलनेस कोच और माइंड ट्रेनर डॉ रविंद्र कुमार विश्वकर्मा ने एनएलपी का जिक्र करते हुए कहा कि एनएलपी व्यावहारिक मनोविज्ञान के क्षेत्रों में से एक है। यह दैनिक जीवन में उनके बाद के उपयोग के लिए अनुप्रयुक्त तकनीकों व मॉडलिंग तकनीकों को विकसित करने का कार्य स्वयं निर्धारित करता है। उन्होंने कहा कि न्यूरो-भाषाई प्रोग्रामिंग (एनएलपी) व्यवहार, सफल लोगों की जीवन शैली और वैज्ञानिक निष्कर्षों को पुनः चक्रित करता है, जिससे वे जनता के लिए उपलब्ध हो जाते हैं। इस आधुनिक और निरंतर विकासशील क्षेत्र की सहायता से व्यावहारिक मनोविज्ञान की विधियों को स्वतंत्र रूप से दैनिक जीवन में लागू किया जा सकता है। टीबी एलिनिमेशन नामक संस्था के कोषाध्यक्ष ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे तथा टीबी जैसी महामारी आपस में जुड़े हुए हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर और उसकी वजह से टीबी के इलाज पर हो रहे दुष्प्रभाव पर अच्छी तरह ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। ये आज भी उनके लिए बड़ी चुनौती है। इसलिए वर्तमान समय में मरीज को बीमारी से लड़ने के लिए प्रेरित करने की जरूरत है। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने भी माना कि वर्तमान में तनावग्रस्त जीवनशैली के कारण मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ रहा है, जिसपर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है। वहीं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने सेमिनार में मौजूद विद्यार्थियों को परीक्षा के समय तनाव नहीं लेने, कैरियर संबंधित सलाह एवं भविष्य में किसी भी प्रकार का नशा ना करने की सलाह दी। मनोविज्ञान के क्षेत्र में काम कर रही संगीता कुमारी, शीत कुमार, आईसेक्ट विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक डॉ बिनोद कुमार व डीन एडमिन डॉ एसआर रथ ने भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां मौके पर साझा किए। धन्यवाद ज्ञापन खगेश्वर कुमार ने किया।

## लीलावती को इंसाफ नहीं मिला तो होगा बड़ा आंदोलन : प्रकाश रजक

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड निवासी विजय पासवान बांझेडीह पावर प्लांट बीके कंपनी में कार्य थे। लंबे समय से प्लांट में काम करने के दौरान बीमार हो गए जिसके कारण उनकी मृत्यु हो गई। इस विस्थापित परिवार का पावर प्लांट में जमीन गई है और आज अपने पति के जगह पर रोजगार के लिए बांझेडीह पावर प्लांट एक नंबर गेट के सामने विजय पासवान की पत्नी लीलावती देवी एवं उनकी सास मुंदरी देवी एवं उनके पुत्र 7 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं। चार दिन हो चुका है, दुर्गा पूजा के पहले भी आठवां दिन भूख हड़ताल समाप्त की गई थी। लेकिन इनकी मांगों पर विचार नहीं होने के कारण 10 अक्टूबर 2022 से पुनः अपनी मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर डटी हुई है। अभी तक डीवीसी प्रबंधन एवं जिला प्रशासन का कोई पहल नहीं देखते हुए भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक भूख हड़ताल स्थल पहुंचकर इस आंदोलन को अपनी पार्टी की ओर से समर्थन करते हुए कहा कि डीवीसी प्रबंधन एवं जिला प्रशासन इस पर पुनर्विचार नहीं करती है तो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कोडरमा जिले में बड़ा आंदोलन चलाएगी।

## पति की लंबी आयु के लिए महिलाओं ने रखा करवा चौथ का व्रत



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पति के लंबी आयु की कामना का प्रतीक पर्व करवा चौथ गुरुवार को जिले भर में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दिन सुहागिनों ने दिन भर निर्जला उपवास रख, संध्या में सोलह श्रृंगार कर चौथ माता की पूजा अर्चना कर अखंड सुहाग की कामना की। शहर के गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा, गुरुद्वारा रोड स्थित गणेश सूद के निवास स्थल व भादोडीह स्थित दीवान गार्डन सहित कई जगहों पर सुहागिन महिलाएं सामूहिक रूप से जुट कर करवा चौथ की पूजा अर्चना की। वहीं पहली बार करवा चौथ कर रही सुहागिनों को बुजुर्ग महिलाओं ने व्रत की महत्ता बताई। इस दौरान सभी सुहागिन पूजा अर्चना कर अखंड सुहाग की कामना की। पूजा अर्चना के उपरांत सुहागिन महिलाएं शाम में चांद निकलने का इंतजार करते दिखी। चांद निकलते ही सुहागिनें चांद को निहार कर अपने पति का दीदार करते हुए उनके हाथों जल ग्रहण कर अपना व्रत खोली। इससे पहले सुहागिन चांद को अरग देने के बाद पति का चेहरा छलनी में देखकर पति के हाथों से जल ग्रहण कर व्रत खोला। इधर, शहर के कई निवास स्थलों के अलावा कई जगहों पर सामूहिक सामूहिक रूप से करवा चौथ की पूजा की गई। गणेश सूद के आवास पर अंजलि सूद, रश्मि सूद, मिली सलूजा, प्राची सलूजा, पूनम आजमानी, सीमा छाबड़ा, सरोज छाबड़ा, पूजा अरोड़ा, आयुषी छाबड़ा, कंचन रानी, उषा शर्मा आदि ने पूजा अर्चना की। वहीं गुरुद्वारा परिसर में सुनीता सलूजा अंजना सलूजा हिना सलूजा, ज्योति मुटनेजा, मीनू छाबड़ा, अभी सलूजा, अन्नू चावला, सुरेंद्र कौर, कविता गावड़ी, मनीषा कौर, शिल्पी भाटिया, शालू कौर, सुप्रीत कौर, प्रीति छावड़ा, रचना सलूजा, रीता सलूजा, सिमी छाबड़ा, अंजना सलूजा, नीलम छाबड़ा, ममता छाबड़ा, नेहा सलूजा, रश्मि छाबड़ा आदि ने पूजा अर्चना कर लंबी उम्र की कामना की।

## 11000 के तार से झुलसे आठ घायलों में से एक की मौत

**सात घायलों का इलाज रांची रिम्स में चल रहा है, एक की स्थिति नाजुक**

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** ईद मिलाद उल नबी के जुलूस में 11000 के झूलते तार के करंट से झुलसे छवनिया निवासी अब्बास मियां का प्रथम पुत्र मोहम्मद सरफराज की मौत रिम्स में इलाज के दौरान हो गई है।इस घटना में मरने वालों की संख्या अब तो हो गई।सात घायलों का इलाज चल रहा है ।इसमें से एक व्यक्ति की उसकी नाजुक बनी हुई है।ज्ञात हो कि 9 अक्टूबर को घटनास्थल पर मो नियामत अंसारी की मौत हुई थी।सात गंभीर रूप से झूलसे लोगों का अभी भी इलाज रांची रिम्स में चल रहा है।

### कैसे हुई थी घटना

बड़कागांव थाना क्षेत्र से डेढ़ किमी दूर पगार मोड़ के पास ईद मिलादुन्नबी का जुलूस छवनिया इमामबाड़ा से 9 अक्टूबर सुबह आठ बजे निकला था।जुलूस में लगभग 200 लोग शामिल थे। जुलूस पगार मोड़ के पास पहुंचा। वहां लगभग 10-12 फीट उपर झूल रहे 11 हजार का बिजली तार झूल रहा था। जुलूस में शामिल ट्रेक्टर के उपर लगे चोंगा तार से सट गया।जिससे करंट पूरे ट्रेक्टर समेत माइक में आ गया। करंट के चपेट सबसे पहले माइक से नात पढ़ रहे मो हाफीज कमरूल होदा को करंट लगी। वह जमीन पर गिर गये। उन्हें बचाने के क्रम में मो नियामत अंसारी टेक्टर से सट गये। जिससे झूलसकर घटना स्थल पर उसकी मौत हो गयी। ट्रेक्टर चालक रवि कुमार 25 वर्ष, लाउडस्पीकर संचालक कामेश्वर महतो भी झूलस गये। वहीं ट्रेक्टर पर सवार व लोगों को बचाने के क्रम में मो सरफराज 18 वर्ष मो अब्दुल्लाह 40 वर्ष, मो इफ्तेखार 22 वर्ष, मो हुसैन 25 वर्ष, मो करामत अली 28 वर्ष गंभीर रूप से झूलस गये थे। आठ घायलों में से पांच की स्थिति गंभीर होने पर रांची रिम्स में इलाज चल रहा है। घटना के 5 दिन बीत गए पर अब तक सरकारी अधिकारियों द्वारा घोषित किया गया मुआवजा मृतक के परिजनों को नहीं मिला।और ना ही घायलों का इलाज के लिए कोई सरकारी मदद की जा रही है।इससे ग्रामीणों में आक्रोश है । ग्रामीण बिजली विभाग के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज करने की तैयारी कर रहे हैं।

## कल्याणकारी योजनाओं के आवेदन होंगे समर्पित, ऑन द स्पॉट होगा निस्तारण

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** 14 अक्टूबर शुक्रवार को जिले के 13 प्रखण्डों के कई पंचायतों में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा के तहत पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया जाएगा। इनमें ईचाक प्रखण्ड के गोबरबन्दा, बरकट्ठा प्रखण्ड के गैंडा, बरही प्रखंड के बरही पश्चिमी, बड़कागांव के चेपाकला, केरेडारी के बरियातू, कटकमसांडी के कण्डसर, कटकमदाग के सलगांवा, विष्णुगढ़ के बेड़ाहरियारा,पदमा के सरैया,सदर के सिंघानी,डाडी के बलसगरा, दारू के पुनाई, एवं चौपरण प्रखण्ड के झापा पंचायत में शिविर आयोजित किये जाएंगे। शिविर के दौरान सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दने एवं आमलोगों को योजनाओं का लाभ देने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। साथ ही कई समस्याओं, आवेदनों, मामलों, प्रमाण पत्रों का ऑन द स्पॉट निष्तारण किये जायेंगे।


## आपकी सरकारी आपके द्वार कार्यक्रम का दूसरा दिन, डाड़ीकला पंचायत में शिविर आयोजित

**पंचायतो में पहुँचेगा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं उठाये लाभ : विधायक अंबा**



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** आम जनों तक राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के उद्देश्य से सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकारी आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन का दूसरे दिन डाड़ीकला पंचायत में हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि पंचायत में भिन्न- भिन्न विभागों का स्टॉल लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना गया और स्थल पर समाधान किया गया। कई योजनाओं के लाभार्थियो का आवेदन स्वीकार्य कर अग्रेतर कार्यवाई के लिए अग्रसारित किया गया। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं पंचायत तक पहुँच रहा है उसका लाभ उठावे। प्रमुख फुलवा देवी ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इससे आम जनो को लाभ मिलेगा। सरकार की योजनाएं जैसे राशनकार्ड, प्रधानमंत्री आवास, बिरसा हरित ग्राम योजना, श्रमिक कार्ड, रोजगार सृजन योजना, पशुधन विकास योजना, सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, सर्वजन पेंशन योजना, खाद्य आपूर्ति विभाग, मनरेगा, बाल विकास विभाग, जेएसएलपीएस, बिजली विभाग, स्वास्थ्यविभाग, पशुपालन, कृषि सहकारिता, पैक्स सदस्य निबंधन, कल्याण विभाग, जन्म मृत्यु निबंधन, स्वच्छता विभाग जैसी कई लोक कल्याणकारी योजनाओं का स्टोल लगाकर लोगों को जानकारी दी गई एवं लाभुकों ने लाभ लिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे, कृषि पदाधिकारी रवि रंजन, रिंकू रवि, मुखिया इलियास अंसारी, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईया, श्रमिक मित्र प्यारे राम पासवान, विकास कुमार रवि, बीपीओ अरुण कुमार पासवान, हीरो महतो, प्रखंड कोऑर्डिनेटर आशीष कुमार, भास्कर राज, जई समसुद्दीन, प्रकाश कुमार, अनंत कुमार, रविंद्र कुमार, अरविंद कुमार, संजय रजक, रविंद्र कुमार, बुधन कुमार, के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## धोबिया तालाब का हुआ कायाकल्प



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** नगर निगम हजारीबाग की ओर से धोबिया तालाब में आने वाले नाली के गंदे पानी को तालाब में ना जाकर नया नाली निर्माण कर बड़े नाले में डायवर्ट कर दिया गया है। साथ ही चारो तरफ सफाई करते हुए नए पौधे लगाए गए है। आस पास अतिक्रमण को रोकने के लिए बाउंड्री वाल का निर्माण किया गया है एवं लगातार वीड हार्वेस्टर मशीन के द्वारा सफाई की जा रही है तथा तालाब के पानी का एरिएशन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त अमृत योजना के तहत चारो तरफ पाथवे, फव्वारा ,फ्लोटिंग गार्डन के साथ सुन्दरीकरण किया जाना है। साथ ही सरकार से स्वीकृत योजना सेवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी निर्माण किया जाएगा।

## एनटीपीसी ने नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी के द्वारा आर एंड आर कॉलोनी के बगल में ग्राम कदमाडिह में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर लगने से ग्रामीण काफी खुश दिख रहे थे। चिकित्सा शिविर में 145 मरीजो का जांच किया गया।वही सभी मरीजों को दवा भी दी गई। शिविर में एनटीपीसी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सरण एवं महिला चिकित्सक डॉ विधुशि श्रीवास्तव का महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही एनटीपीसी आर एंड आर के वरिष्ठ प्रबंधक कमला राम रजक ने शिविर को सफल बनाया ।साथ ही ग्रामीणों के आग्रह पर कुछ दिनों बाद फिर से एनटीपीसी द्वारा नि:शुल्क शिविर लगाने की बात कही। चिकित्सा शिविर में एनटीपीसी के मेडिकल कर्मी विरेनद्र एवं माला ने अपना सहयोग किया। शिविर में दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## भराजो पंचायत भवन में रोजगार दिवस और सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम को लेकर बैठक



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के भराजो पंचायत सचिवालय में भराजो मुखिया स्वास्तिका कुमारी की अध्यक्षता में बैठक किया गया जिसमें पंचायत सेवक विश्वजीत दुबे उपस्थित थे बैठक में रोजगार दिवस पर मनरेगा कार्य को आगे बढ़ाने के लिए सुझाव दिए गए मुखिया ने कहा कि हर गरीब व्यक्ति लेबर कार्ड के माध्यम से मजदूरी कर के कमा सकता है मेहनत ही पूंजी है इसी बैठक में 18 अक्टूबर को भराजो पंचायत भवन में होने वाले कार्यक्रम के बारे में चर्चा किया गया मुखिया स्वास्तिका कुमारी ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में राशनकार्ड, वृद्धा पेंशन किशोरी समृद्धि योजना सहित अन्य कार्य निष्पादन हेतु केम्प लगया जा रहा है जिसमे आप सभी अपना अपना वार्ड से लाभुकों का निष्पादन करवाएं इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि उपेन्द्र पाण्डेय,रोजगार सेवक अरविंद कुमार,उपमुखिया कॉलेश्वर कुमार,वार्ड सदस्य शिवा कुमार,धीरज कुमार, पिंकी देवी, कौशल्या देवी, रिंकी देवी,सुनीता देवी, उर्मिला देवी, बिना देवी, दीपक कुमार, रोहित कुमार,रघुनंदन कुमार, नागेश्वर प्रजापति, कृष्णा प्रसाद, बीएफटी सुरेश रजक जेएसपीएल से गीता देवी,राजेश राम उपस्थित थे ।

## जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग जिला कार्यसमिति की हुई बैठक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग जिला कार्यसमिति की बैठक डीवीसी गेस्ट हाउस में हुई। इस बैठक में मुख्य रूप में हजारीबाग जिला प्रभारी और प्रदेश महासचिव जगदीश महतो शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता अर्जुन कुमार मेहता ने तथा संचालन युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रदीप रजक ने किया। बैठक में सभी प्रखंडों के अध्यक्ष एवं महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में आगामी 16 अक्टूबर को रांची में राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन पर हजारीबाग से भारी संख्या में कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेने हेतु कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों को रांची पहुंचने का आवाहन किया गया। बैठक में सदस्यता अभियान की भी चर्चा हुई। सभी प्रखंडों में सदस्यता अभियान चलाने के लिए पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। जिससे कि लाखों लाख की संख्या में नए सदस्यों को जनता दल यूनाइटेड से जोड़कर पार्टी के जनाधार को मजबूत कर आगामी चुनाव में पार्टी का बेहतरीन प्रदर्शन हो। बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं अर्जुन कुमार मेहता ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का आगमन झारखंड में पार्टी को नई दिशा एवं दशा प्रदान करेगा। इसके लिए हम सभी कार्यकताओं को एकजुट होकर रांची चलें एवं सम्मेलन में भाग ले। वही जिला प्रभारी जगदीश महतो ने पार्टी के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए अधिकतम सदस्यों को जोड़ने एवं पार्टी को पंचायत स्तर पर पहुंचाने की बात कही। कहा की भारतीय जनता पार्टी ने हमारे पार्टी को तोड़ने की कोशिश की, नागालैंड अरुणाचल आदि प्रदेशों में विधायकों को तोड़ा गया। बैठक में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखें विचार रखने वालों में प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह, पूर्व अध्यक्ष चंद्र मोहन पटेल, यासीन अंसारी, राकेश ठाकुर, जिला महासचिव प्रभु दयाल कुशवाहा, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष खुशबू कुमारी शामिल हैं। बैठक में शामिल प्रमुख लोगों में भोला प्रसाद, ध्रुव नारायण पासवान, नंद किशोर पासवान, मुक्तेश्वरी, माया कुमारी, पिंकी कुमारी, वीणा देवी, लक्ष्मी कुमारी, दिनेश्वर महतो, सुजाता सिंह, अंजुम बानो, पुष्पा पांडे, पिंकी देवी, जिला सचिव भुनेश्वर ठाकुर, प्रहलाद ठाकुर, शंकर महतो, जिला सचिव बसंत मेहता, महिला प्रकोष्ठ के महासचिव सुजाता सिंह, उपाध्यक्ष अंजुम बानो उपस्थित थे।

## अचलजामो में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के अचलजामो पंचायत में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का उदघाटन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी, जिप सदस्य शेख तैयब,प्रमुख जैबुन निशा ,20 सूत्री अध्यक्ष गिरिजा साव ने संयुक्त रूप से किया ।इस अवसर पर ग्रीन कार्ड के लिए 90 आवेदन आये,सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 45,पशुधन योजना के 11,सर्वजन पेंशन योजना के 34,मनरेगा योजना के 16,15वे वित्त योजना के लिए 05, धोती साड़ी योजना में 05 लाभुकों के बीच वितरण किया गया एवं दस लाभुकों को कम्बल दिया गया,केसीसी के 04 आवेदन आये,भू लगान के लिए 13 ,कोविड टीकाकरण 20 लोगो को किया गया,बच्चों का नामांकन 01,जॉब कार्ड 06,दाखिल खारिज के लिए पांच ,आय आवासीय 01,आधार सीडिंग 01,वैशाखी 01 का वितरण किया गया ।मौके पर मुखिया कलावती देवी,पसस अनिता देवी बीपीआरओ रामचन्द्र दांगी ,अशोक कुमार गुप्ता,तपेश्वर रजक आदि उपस्थित थे।

## दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है चोरों की सक्रियता गत रात्रि दो पहिया वाहन चुरा ले गये

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के सांढ़ निवासी डुकेश्वर कुमार पिता सोबर महतो का दो पहिया डिस्कवर मोटरसाइकिल नंबर ख ल02र7924 बीते दिन गुरुवार दिनांक 12 अक्टूबर की रात्रि में ग्राम सांढ़ इमली चौक से घर पास खड़ी दो पहिया वाहन डिस्कवर मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों ने चोरी करके ले गए ।जब हम सुबह 4:00 बजे सो कर उठे तो गाड़ी गायब पाया अपने अस्तर से काफी खोजबीन किया कहीं पता नहीं चला तो अपने गाड़ी की खोजबीन करने के लिए बड़कागांव थाना में आवेदन देकर खोजबीन करने की गुहार लगाई।

## टाटीझरिया प्रखंड कार्यालय में 6 लाभुकों के बीच चुजा का वितरण



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड कार्यालय में जिला पशुपालन कार्यालय द्वारा मुर्गी पालन के लिए प्रखण्ड कार्यालय में प्रमुख सह प्रमुख संघ जिला अध्यक्ष संतोष मंडल जिला पशुपालन कार्यालय से महेश कुमार और सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल ने 6 लाभुकों के बीच 2400 चूजा का वितरण किया गया जिसमे नकुल मोदी, नागेश्वर राम पूनम देवी, तिलक साव दीपक कुमार साव मनू कुमार को सप्लायर कुसुमरंजन ने 400 -400 सौ चूजा प्रति लाभुकों को दिया गया ।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 14 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com
05

# पटेल जी की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर पटेल छात्रावास समिति का तीसरे दिन भी धरना जारी



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** ककेबार स्थित पटेल चौक के निकट सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर आजसू पार्टी और कांग्रेस के बीच छिड़ा जंग धीरे-धीरे आकार ले रहा है। प्रतिमा स्थापित करने की समर्थन में आजसू पार्टी का धरना तीसरे दिन गुरुवार को भी जारी रहा। धरना में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी शामिल होकर कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को कभी भी सरदार बल्लभ भाई पटेल रास नहीं आए हैं। कांग्रेस पार्टी देश आजादी के शुरूआती दौर से ही सरदार वल्लभभाई पटेल को अपमानित कर रही है। देश आजादी पर भी सर्वसम्मति से सरदार वल्लभभाई पटेल को प्रधानमंत्री बनाना था, जिन्हें 14 में से 12 सदस्यों ने समर्थन भी किया था, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने उन्हें प्रधानमंत्री बनने नहीं दिया। वही नजारा आज पुनः रामगढ़ में कांग्रेस कर रही है। लेकिन उनका अपमान रामगढ़ जिले के लोग नही सहेंगे।

**सरदार बल्लभ भाई पटेल देश के सम्मानित नेता थे और उन्हें पूरा देश मानता है**

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल देश के सम्मानित नेता थे और उन्हें पूरा देश मानता है। वैसे लोगों का अपमान करना सही नहीं है। इसके लिए विरोध करते रहेंगे।

**सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए स्थल का किया गया था चिन्हित**

गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि फ्लाईओवर निर्माण के दौरान कई दुर्घटनाएं हो रही थी और पूर्व में भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। इसी को ध्यान में रखते हुए मूर्ति सही स्थान पर स्थापित की जाए इसी को ध्यान में रखते हुए उक्त स्थल की भूमि पूजन की गई थी। लेकिन कांग्रेस पार्टी को नहीं पची।

**धरना में ये थे शामिल**

आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, जिप सदस्य धनेश्वर महतो, नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज महतो, ब्रह्मदेव महतो, तिवारी महतो, गोपाल चौधरी, अमृतलाल मुंडा, विमल बुधिया, रफीक अनवर, बीनू कुमार महतो, महेंद्र मोदी, धर्मेंद्र साव भोपाली, अनुज तिवारी, अरुण अग्रवाल, नरेश महतो, महेश करमाली, रमेश महतो, राजेंद्र महतो, अरविंद महतो, सुरेश महतो, ललित देवी, सीता देवी, अनुपमा सिंह, तारा देवी, लाजवंती देवी, रीता देवी, रेखा कुमारी, कौशल्या देवी, अनिल पटेल, नीतीश निराला, पंकज दांगी सहित कई नेता व कार्यकर्ता शामिल थे।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्थापित करने के समर्थन में उतरे ग्रामीण, डीसी को सौंपा ज्ञापन

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्थापित करने के मुद्दे पर आजसू पार्टी और कांग्रेस के बीच मची घमासान के बीच प्रतिमा स्थापित करने की समर्थन में अब ग्रामीण भी कूद गए है। ग्रामीणों ने एक बैठक कर हर हाल में सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्थापित करने की मांग जिला प्रशासन से की। इसके बाद ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को रामगढ़ डीसी माधवी मिश्रा से मिला।

**ग्रामीणों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन, प्रतिमा स्थापित करने की मांग**

ग्रामीणों ने डीसी को एक ज्ञापन सौंपकर 31 अक्टूबर से पहले कांकेबार स्थित पटेल चौक के निकट सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्थापित करने की मांग किया। ग्रामीणों ने आवेदन में कहा है कि प्रतिमा स्थापित करने को लेकर तीन चार दिनों से राजनीतिक गहमागहमी बढ़ गई है। जिसके कारण भयावह स्थिति उत्पन्न हो गई है। जिससे हम सभी ग्रामीण काफी आहत है। कहा कि 6 वर्ष पहले पटेल चौक पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पटेल छात्रावास और ग्रामीणों के सहयोग से स्थापित किया गया था। लेकिन एक वर्ष पहले फ्लाई ओवर निर्माण के कारण प्रतिमा हटाकर सुरक्षित रखा गया। उस वक्त जिला प्रशासन एवं एनएचएआई के द्वारा ग्रामीणों और पटेल छात्रावास समिति के सदस्यों की उपस्थिति में सहमति बनी थी कि फलाई ओवर निर्माण के बाद पटेल जी प्रतिमा पटेल चौक के इर्द-गिर्द पुनः स्थापित कर दिया जाएगा। कहा है कि प्रत्येक वर्ष पटेल चौक एवं पटेल छात्रावास में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जाता है।

## भुरकुंडा कोयलांचल में धूमधाम से मना करवा चौथ



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के क्षेत्र में गुरुवार को करवा चौथ पर्व भक्तिभाव व धूमधाम से मनाया गया। मौके पर सुहागिनों ने अपने पति की लंबी आयु की कामना के साथ नियम पूर्वक निर्जला उपवास रखें। साथ ही सुहागिनों ने सोलह श्रृंगार कर फल-फूल पूजा सामग्रियों से थाली सजाकर शाम में पूजा अर्चना की। कई जगहों पर सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए गए। पूजा के बाद सुहागिन महिलाओं द्वारा चलनी से चांद एवं अपने पति को देखने की रस्म निभाई गई। इस दौरान करवा चैथ की परंपरागत गीत भी गाए गए। पूजा के बाद पत्नी ने अपने पति के हाथों पानी पीकर उपवास का पारण किए। करवा चैथ पर्व को लेकर सुहागिनों में खासा उत्साह देखा गया। इधर रीवर साईड भुरकुंडा स्थित रोटेरियन प्रवीण शर्मा के आवास पर करवा चैथ व्रत का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी सुहागिनों ने प्रातः सूर्योदय से पहले सहरी कर जलपान करके व्रत शुरू किया। शाम को सभी सुहागिनों ने एकत्र होकर माँ गौरी की पूजा करके पति के दीर्घायु होने की कामना की। इसके बाद चन्द्रमा निकलने पर अर्घ्य देकर उपवास का पारण किया। पूजा-अर्चना में सुषमा शर्मा, आशना शर्मा, आशु शर्मा, मंजू शर्मा, ऋतु बशिष्ट, ममता सहजाना, स्नेहा त्रेहान, बबली सिंह, गीतांजलि, आरती आदि शामिल थीं।

## पूर्व पार्षद ने बासल थाना प्रभारी का किया स्वागत



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बासल थाना के नये प्रभारी अमर शुक्ला का गुरूवार को पूर्व पार्षद झरी मुंडा ने स्वागत किया। झरी मुंडा के नेतृत्व में नये थाना प्रभारी को गुलदस्ता देकर सम्मानित करते हुए कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर रिश्ते को कायम रखकर ही थाना क्षेत्र में अमन व शांति व्यवस्था कायम की जा सकती है। झरी मुंडा ने उम्मीद जताई है कि नये थाना प्रभारी के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों के सहयोग से थाना क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बेहतर ढंग से संचालित होगी। स्वागत करने वालो में झरी मुंडा सहित सुनील मुंडा, शत्रुंजय मुंडा, रविन्द्र यादव, बीरेंद्र मुंडा आदि शामिल थें।

## ॐ साई फ्यूल्स को पानी मिलाकर पेट्रोल विक्रय करते ग्राहकों ने पकड़ा



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** विवादों के घेरे में रहने वाले टंडवा के शहीद चौक समीप ओम साई पेट्रोल पंप में गुरुवार को एक उपभोक्ता ने पोल खोल दिया। एक उपभोक्ता ने पहले भी पेट्रोल में पानी होने की शिकायत पेट्रोल पम्प के संचालक से किया था। बावजूद पेट्रोल पम्प के संचालक द्वारा पेट्रोल में पानी मिलाकर बेचने की दस्तूर जारी था। उपभोक्ता ने दो दिन पहले ही गाड़ी की सर्विस किया था जिसमें में बताया गया था की पेट्रोल में पानी की मिक्सिंग की वजह से इंजन पर हेवी फर्क पड़ता है। इस बार उपभोक्ता ने बोतल में 1 लीटर पेट्रोल लिया। बोतल पर पेट्रोल भरते ही आधा पानी और आधा पेट्रोल दिखाई देने लगा। तत्पश्चात ग्राहकों ने खूब बवाल काटा साथ ही भुक्तभोगी ने कहा की पेट्रोल पम्प में संबंधित जांच एजेंसी द्वारा जाँच कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग जिला प्रशासन से किया है। इस संबंध में टंडवा सीओ विजय कुमार दास ने बताया की पानी में पेट्रोल मिक्स कर बेचने का मामला संज्ञान में आया है। जाँच कर समुचित करवाई किया जायेगा। उन्होंने बताया की कोरोना की मार से जनता की कमर टूट चुकी है। लोग उबर नही पाये है।वही उक्त ॐ साई फूल्स पेट्रोल पम्प के संचालक पानी मिलाकर पेट्रोल विक्रय कर हजारो वाहनों की इंजन पर बूरा प्रभाव डालने की दु:साहस कर रहा है। इसमें जिला प्रशासन दण्डनात्मक करवाई करेगी बताया।

## आम्रपाली जीएम अमरेश कुमार ने कराया साइबर क्राइम जगरूकता वर्कशॉप का आयोजन



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सीसील की आम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में गुरुवार को बचरा स्थित मंगलम ऑफिसर्स क्लब में साइबर क्राइम जगरूकता वर्कशॉप आयोजन किया गया।इस वर्कशॉप में आम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र, मगध-संघमित्रा क्षेत्र, नॉर्थ कर्णपूरा क्षेत्र, पिपरवार क्षेत्र, तथा राजहरा क्षेत्र के अधिकारी तथा कर्मियों ने हिस्सा लिया कयह आयोजन गृह मंत्रालय के दिशा निर्देश में सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में साइबर क्राइम से होने अपराधों तथा उनके बचाव के प्रति सभी स्टेक्होल्डर में जगरूकता करने हेतु आयोजन किया जा रहा है। इस वर्क्शाप के मुख्य वक्ता सीसीएल मुख्यालय के सीनियर मैनेजर सिस्टम राहुल मिश्रा ने साइबर क्राइम से होने वाले अपराधों के बारे में जानकारी दिया और उन से कैसे बचा जाये, उसके बारे में भी जानकारी दिया कइसके अलावा पंजाब नेशनल बैंक बचरा के शाखा प्रबंधक अरविंद कुमार तथा नीरज कुमार बैंक ऑफ इंडिया के सहायक प्रबंधक ने बैंकिंग से जुड़े हुए फ्रॉड के बारे में जानकारी दिया और उनसे बचने की उपाय को सुझाया। यह कार्यक्रम बहुत ही इंटरैक्टिव रहा।जिसमें श्रोताओं ने भी उनके साथ हुए साइबर अपराध के बारी में जानकारी साझा किया । एण के दुबे स्टाफ अधिकारी परियोजना एवं प्लानिंग एनके क्षेत्र ने अपना साइबर क्राइम से सम्बंधित निजी अनुभव साझा किया।इस मौके पर सीसीएल मुख्यालय से सुंदर हंसदा, करिश्मा, स्टाफ अधिकारी के के पांडा, स्टॉप अधिकारी पर्सनल अशोक कुमार, स्टॉप अधिकारी ई एंड टी संतोष कुमार सिंह, स्टाफ अधिकारी बासुकिनाथ प्रसाद, के साथ-साथ आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र, मगध-संघमित्रा क्षेत्र, पिपरवार क्षेत्र, राजहरा क्षेत्र, एन के क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी लाभान्वित हुये।

## सृजन फाउंडेशन ने नवगठित पंचायत प्रतिनिधियों के संग की विकास कार्यो को लेकर परिचर्चा



**कुजू (आजाद सिपाही)।** स्वयंसेवी संस्था सृजन फाउंडेशन ने शिबू टोला मुरपा स्थित कार्यालय में गुरुवार को नवगठित पंचायत प्रतिनिधियों के साथ सशक्त पंचायत कुशल समुदाय विशेष अभियान के तहत परिचर्चा बैठक की। कार्यक्रम का संचालन संजीत कुमार ने की। बैठक के दौरान पंचायत को सशक्त बनाना एवं पंचायत प्रतिनिधियों की विकास क्षमता को वृद्धि करने समेत कई मुख्य उद्देश्य के साथ पंचायत को एक सशक्त एवं खुशहाल पंचायत बनाने की दिशा में चर्चा की गई। परिचर्चा के दौरान संस्था के राजीव रंजन सिंहा ने संस्था द्वारा किए गए क्षेत्र में विकास कार्यों की जानकारी दी। वही, कार्यक्रम में मंथन युवा संस्थान व एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स रांची से सुधीर पॉल और अनु कुमारी ने मौजूद पंचायत प्रतिनिधियों को पंचायत को बेहतर एवं सशक्त बनाने के विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया की। मौके पर ओरला मुखिया गुड़िया देवी, बुमरी मुखिया करण कुमार बेदिया, सिरका मुखिया संगीता देवी समेत प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के मुखिया, पंसस, वार्ड सदस्य मौजूद रहे। वही, कार्यक्रम को सफल बनाने मे संस्था की रश्मि देवी, जूही आरती, अनीता प्रसाद, रोशन, रामनरेश का सराहनीय योगदान रहा।

## एसडीओ ने बोंगावार में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का किया शुभारंभ



**कुजू (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत बोंगाबार पंचायत सचिवालय में हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसडीओ मो जावेद हुसैन शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर की। कार्यक्रम को लेकर विभाग की ओर से पीएम आवास, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, राशन कार्ड समेत कई अन्य स्टॉल लगाकर आवेदन प्राप्त किए गए। साथ ही प्राप्त आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। मौके पर वक्ताओं ने कहा की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम लोगों के लिए काफी हद तक सार्थक साबित होगा। जहां लोग खुलकर अपनी बातों को रखने के साथ लिखित रूप में भी अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे। मौके पर नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, वार्ड पार्षद हेमनी देवी, करण कुमार साहू, जयकिशोर महतो, विकास आनंद, मधु, हिना परवीन, विश्वमित्र महतो, नरेश महतो, डीया महतो, डॉ अब्दुल गफ्फर, एएनएम मनीषा कुमारी, जीएनएम माधुरी तिर्की, संतोष कुमार, मुकेश कुमार, अमर कुमार के अलावे शिव कुमार, रामकिशुन गिरी, मुरलीधर कोठारी शामिल रहे।

## डीएसपी ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** पत्थलगडा गुरूवार को पत्थलगडा प्रखंड मुख्यालय के उमाकांत पाठक खेल मैदान में शहीद जयमंगल पांडे-नादिर अली मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट के दूसरे सेमीफाइनल में आरा भुसाई भुसाई एकादश बनाम न्यू युवा क्लब चतरा के बीच मुकाबला खेला गया। एकतरफा मुकाबले में आसा-भुसाई ने चतरा को 8 गोल से हरा दिया। इसके पहले डीएसपी मुख्यालय केदार राम ने किक लगाकर मैच का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शहीदों के नाम पर पत्थलगडा की धरती में हो रहे फुटबॉल टूनार्मेंट से क्षेत्र की पहचान बढ़ रही है और युवाओं का रुझान खेल के प्रति लगातार बढ़ रहा है। ऐसे आयोजन होने से स्थानीय युवाओं को खेल की बारीकियों को सीखने का मौका मिलेगा। पहले सेमीफाइनल में कटकमसांडी की टीम ने बेलहर को हराकर फाइनल में जगह बनाई। अब फाइनल मुकाबला कटकमसांडी बनाम आराभुसाई के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में आयोजन समिति के अध्यक्ष मौलाना महफूज रहमान, संरक्षक प्रमोद कुमार कुशवाहा, लेखराज टाइगर, मृत्युंजय कुमार, आशीष वर्मा, गौतम रजक व अन्य का विशेष योगदान रहा।

## भाजपा के बूथ अध्यक्ष का आकस्मिक निधन, शोक

**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के चौक बाजार निवासी सह भाजपा के गोला पंचायत बूथ संख्या 302 के अध्यक्ष सह वार्ड सदस्य रेणुबाला देवी के पति व सामाजिक कार्यकर्ता मनोज चंद्र पोद्दार 47 वर्ष की आकस्मिक निधन गुरुवार की अहले सुबह इलाज के लिए रांची ले जाने के क्रम में हो गई।उनका अंतिम संस्कार पटासुर मुक्ति धाम में हिन्दू रीतिरिवाज से कर दिया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र ने दी।वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्री, एक पुत्र, माँ और भरपुरा परिवार छोड़ गए है। बताया गया कि वे राजनीति के साथ सामाजिक कार्यो में बढचकर भाग लेते थे। उनका एक माह पूर्व मेडिका अस्पताल रांची में हार्ट का ऑपरेशन हुआ था।निधन के बाद रिम्स में पोष्टमार्टम कराने के बाद शव को उनके घर लाया गया।शव के पहुँचते ही परिजन शव से लिपटकर विलखते रहे।निधन का समाचार मिलते ही आसपास ओर राजनीतिक पार्टियों के लोगो की भीड़ उसके घर पर उमड़ पड़ी। निधन पर सुवर्ण वनिक समाज के अध्यक्ष प्रताप पोद्दार, सचिव बापी पोद्दार, कोषाध्यक्ष गौर चंद्र पोद्दार, मुखिया बुलटी देवी, रमेश पोद्दार, अनूप पोद्दार, संतोष सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष बबलू साव, विजय ओझा, जितेंद साहू, मनोज महतो, जनार्दन पाठक, मदन कुमार दास,जितेंद्र कुमार, महावीर पोद्दार, बिल्ला पोद्दार, रूपेश पोद्दार,बापन पोद्दार, निखिल दांगी,पंचम पोद्दार, दिनेश पोद्दार, सपन पोद्दार, दीपक पोद्दार आदि ने शोक व्यक्त किया है।

## सड़क हादसे में दो कांस्टेबल घायल

**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला रजरप्पा रोड चाडी गांव के समीप गुरुवार की सुबह हुई सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि रजरप्पा ओपी के कॉन्स्टेबल कृष्णदेव प्रसाद एवं हेमकांत साव अपने सीबीजेड़ बाइक में सवार होकर गोला की ओर आ रहे थे। इसी दौरान उक्त स्थान में एक कार ने दोनों को धक्का देकर फरार हो गया। जिससे दोनों सड़क में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में भर्ती कराया।

## मोबाइल चोरी के आरोप में भेजा जेल

**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला पुलिस ने मोबाइल चोर के आरोप में साहेबगंज निवासी साहिल कुमार को गुरुवार को जेल भेज दिया। बताया गया कि बुधवार को कोराम्बे साप्ताहिक बाजार से मदन कुमार महतो सोसो खुर्द ,सावन केवट घाघरा कोराम्बे निवासी का मोबाइल चोर हो गया। एक अन्य व्यक्ति का मोबाइल चोरी करते हुए साहिल रंगे हाथ पकड़ा गया।

## माता वैष्णो देवी मंदिर में करवा चौथ व्रत कथा का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** हाथों में मेहंदी व पांवों में महावर रचाए रामगढ़ की सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर अपने पति की दीघार्यु व अच्छे जीवन की कामना को लेकर करवा चौथ का व्रत रखा। गुरुवार को शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर परिसर में व्रत रखने वाली 251 सुहागिन महिलाओं ने पूजा अर्चना की और करवा चौथ की कथा सुनी।

**लाल परिधानों में सोलह श्रृंगार कर सुहागिन महिलाओं ने सुनी कथा**

पंजाबी हिन्दू बिरादरी ने व्रतधारी महिलाओं के लिए मंदिर परिसर में मां करवा की कथा सुनाने का विशेष प्रबंध किया था। कथा में पंजाबी समुदाय के अलावे अन्य समाज की सुहागिन महिलाओं ने भी हिस्सा लिया और मां करवा की पूजा अर्चना कर कथा सुनी। करवा चौथ की कथा माता वैष्णों देवी मंदिर के पुजारी पंडित लीलाधर शर्मा ने परंपरागत ढंग से सुहागिन महिलाओं को सुनाई। हाथों में पूजा की थाली लिए पहुंचे दर्जनों सुहागिन महिलाओं की उपस्थिति से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। लाल परिधानों में सोलह श्रृंगार कर यहां आई सुहागिन महिलाओं ने पूजा के बाद पंजाबी हिन्दू बिरादरी के बुजुर्ग पदाधिकारियों व सदस्यों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। वहीं बिरादरी ने सभी व्रती महिलाओं और कथा सुनने आई अन्य महिलाओं को माता वैष्णों देवी के आशीर्वाद के रूप में एक-एक चुनरी भेंट दी गई।

**करवा चौथ सौभाग्यवती महिलाओं का अत्यंत महत्वपूर्ण व्रत है : मारवाह**

पंजाबी हिन्दू बिरादरी के महासचिव वरिष्ठ पत्रकार महेश मारवाह ने बताया कि कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी के दिन मनाए जाने वाला यह त्यौहार करवा चौथ सौभाग्यवती महिलाओं का अत्यंत महत्वपूर्ण व्रत है। इस व्रत में महिलाएं प्रातःकाल सूर्योदय से पहले स्नान आदि से निवृत्त होकर व्रत का संकल्प लेकर दिन भर निर्जला उपवास करती हैं। संध्या समय माता करवा की कथा सुनती हैं और चंद्रोदय के बाद अर्घ्य देती हैं। अर्घ्य देने के बाद अपने पति के हाथों जल ग्रहण कर अपना व्रत पारण करती हैं।

## आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**गोला (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को गोला प्रखंड अंतर्गत बरियातू पंचायत के कमता गाँव में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान सभी ग्रामीणों से कहा गया कि आप सभी को अपने कई कार्यों को लेकर प्रखंड, अंचल व जिला कार्यालय आना पड़ता है। सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आपको आपके ही क्षेत्र में मिले व समस्याओं का समाधान आपके क्षेत्र में ही हो इसी उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा ₹आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार₹ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पिछले वर्ष जिले के सभी पंचायतों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविरों का आयोजन किया गया था। पिछले वर्ष पंचायतों में सुदूरवर्ती क्षेत्र होने के कारण जिन गांवों में शिविर आयोजित नहीं हो पाए थे इस वर्ष उन क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर जाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी लेने एवं आवेदन देने की अपील की वहीं उन्होंने सभी को अन्य लोगों को भी सरकार की विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ , जिला पार्षद जलेश्वर महतो, मुखिया राजकुमार साव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अतिथियों ने कहा कि युवाओं को वित्तीय मदद उपलब्ध कराकर उन्हें स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का संचालन किया जा रहा है जिसके तहत 50 हजार रुपए तक के लोन के लिए किसी भी गारंटर की जरूरत नहीं है। सरकार द्वारा सर्वजन पेंशन योजना का संचालन किया जा रहा है जिसके माध्यम से 60 वर्ष से अधिक आयु के वैसे सभी बुजुर्ग जो कि सरकारी सेवा में नहीं रहे हो और आयकर नहीं देते हो पेंशन का लाभ ले सकते हैं। झारखंड फसल राहत योजना, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, केसीसी, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, पशुधन विकास योजना, मनरेगा, श्रम कार्ड सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत रूप से सभी को जानकारी दी।

## आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत सीसीएल सौंदा पंचायत में शिविर लगा

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर गुरूवार को सीसीएल सौंदा पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत विशेष शिविर लगाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया अभय कुमार ने की। शिविर में मुख्य रूप से जिला परियोजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, पतरातू बीडीओ हलदार कुमार सेठी उपस्थित थें। शिविर में विभिन्न समस्याओं से संबंधित ग्रामीणों द्वारा दर्जनो आवेदन सौंपा गया। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। साथ ही कोरोना से बचाव को ले दर्जनों लोगों का स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा वैक्सीनेशन भी किया गया। मौके पर दर्जनों लोगों के बीच कैल्सियम आदि के दवा का भी वितरण किया गया। शिविर में स्टॉल के माध्यम पशुधन विकास योजना, कृषि, पशुपालन, मनरेगा, कार्ड बनाने, विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन, जन्म, मृत्यु प्रमाण-पत्र, बाल विकास परियोजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार, श्रम योजना, राज्य समाजिक सुरक्षा पेंशन आदि के तहत कई समस्याओं का समाधान किया गया। मौके पर उप मुखिया वैजयंती देवी, पंचायत सचिव धर्मनाथ केवट, पंसस गुड़िया देवी, जगतार सिंह, मुकेश रावत, वार्ड सदस्य वंदना, संजय कुमार, कुलवंती देवी, रूपा मालाकार, ज्योति देवी, उपेंद्र, संजय, विजय, ज्योति, तृप्ति देवी, उदय मालाकार, राजेंद्र बेदिया, शिबू शर्मा, पप्पू लिंडा, रंजीत, सुरेश राम, देवेंद्र सिंह, सिद्धार्थ, सूरज पासवान सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## लायंस क्लब के सहयोग से राज नर्सिंग होम में नि:शुल्क ब्लड जांच शिविर आज

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के सौजन्य से शुक्रवार को ट्रेकर स्टैंड भुरकुंडा स्थित राज नर्सिंग होम नि:शुल्क बल्ड जांच शिविर लगाया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए क्लब के अध्यक्ष लायन राजेंद्र महतो, सचिव विजयंत कुमार व कोषाध्यक्ष अशोक सिन्हा ने बताया कि सुबह 10 बजे ए ला एंगलाइज स्कूल प्रांगण से ब्लड शुगर जागरूकता रैली निकाली जाएगी। साथ ही लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा राज नर्सिंग होम में नि:शुल्क ब्लड शुगर जांच किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से उक्त शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## भदानीनगर में नये ओपी प्रभारी का हुआ स्वागत, निवर्तमान प्रभारी को दी गयी विदाई



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भदानीगनर ओपी परिसर में गुरूवार को स्वागत सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहजादा तालीम और संचालन सज्जाद रजा ने किया। इस दौरान नये ओपी प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल का स्वागत किया गया वहीं निवर्तमान ओपी प्रभारी सोनू कुमार को फूल माला पहनाकर भावभीनी विदाई दी गई। मौके पर नये प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल ने कहा कि क्षेत्रवासियों के सहयोग से पुलिस-पब्लिक के रिश्ते को मजबुत किया जायेगा। वहीं निवर्तमान ओपी प्रभारी सोनू कुमार ने कहा कि मेरे कार्यकाल में स्थानीय लोगों का भरपूर सहयोग मिला। यहां की लोगों की यादें सदैव दिल में रहेगी। मौके पर कारगिल फाइटर सूबेदार एचएन यादव, आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, आजसू के पतरातु प्रखंड छात्र संघ सचिव इमरोज खान, प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, सागर दांगी, प्रदीप साहू, शेरशाह आलम, राजन राम, बलदेव राम, जिलानी अंसारी, इजहार राय, साहिद इकबाल, चंद्रदेव करमाली, इमरान अंसारी, समीर अंसारी, नेजाम अंसारी, बारीक अंसारी सहित दर्जनों लोग शामिल थें।

## किक बॉक्सिंग की टीम गयी बिहार, अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** ईस्टजॉन नेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन दिघवारा सारण बिहार में आयोजित की गई है।इस प्रतियोगिता में झारखंड की टाइगर फाइट क्लब के किकबॉक्सर टीम प्रतियोगिता स्थल के लिए रवाना हुए।पोचरा वार्ड नंबर सात के समाजसेवी व विभिन्न राजनीतिक दल के लोग खिलाड़ियों के हौसला बढ़ाने के लिए सभी चयनित खिलाड़ियों को बरकाकाना से पटना के लिए रवाना किया।उपस्थित लोगों ने अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद के साथ प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया।उपस्थित समाजसेवियों व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सभी खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।बताते चलें कि किक बॉक्सिंग टीम को तैयार करने में मार्शल आर्ट के महागुरु दीपक सिंह टाइगर का अहम भूमिका है जिन्होंने निशुल्क प्रशिक्षण देकर खिलाड़ियों को तैयार किया है।मौके पर आदिवासी छात्र संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष छोटेलाल करमाली,कांग्रेस पार्टी के अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष अनिल नायक,आजसू पार्टी के युवा नेता राकेश साहू ,छोटे करमाली,अनुसूचित जनजाति भाजपा के मंडल अध्यक्ष राजकुमार मुंडा, विजय मुंडा, भाकपा माले से राजेंद्र राम,टीम मैनेजर सुनील वर्मा,भरत करमाली, रमेश महतो, संतोष विश्वास, प्रीति कुमारी, आभा सिंह, मिलन वर्मा, ध्रुव करमाली, आलोक सिंह, उपस्थित थे ।

## कृष्णा सिंह बने विधायक प्रतिनिधि



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू ब्लॉक मोड़ स्थित युथ कांग्रेस कार्यालय में गुरुवार को विधायक अम्बा प्रसाद के द्वारा मनोनित विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह का कांग्रेस कार्यकताओं के द्वारा अभिनंदन किया गया। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने बताया कि कृष्णा सिंह एक ऐसे कांग्रेस कार्यकर्ता हैं। वर्तमान विधायक के पिता - योगेन्द्र साव, माता - निर्मला देवी और अम्बा प्रसाद तीनों के विधायक कार्यकाल में विधायक प्रतिनिधि मनोनित किए गए। यह हम सबों के लिए गौरव की बात है। मौके पर नईम अंसारी, योगेन्द्र सिंह खरवार, अमित साहु, रंजीत ठाकुर, प्रदीप साहु, बितका बाउरी, पिंटु अग्रवाल, रामदुलार साव, हरिदास साव, रमेश बेदिया, संजीव सिंह, अनिल सिंह, याकुब राय, मुकेश सिंह, सरफराज अहमद, मनोज महतो, रवि साव, प्रितम सिंह, संजय सिंह, पप्पु सिंह, जयकांत रवि, देवा बेदिया, नरेन्द्र सिंह खरवार, अंजन प्रसाद आदि लोग शामिल थे।

## गोपाष्टमी पूजा को लेकर कमेटी का गठन

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के जयनगर गांव में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी गोपाष्टमी पूजा मनाने को लेकर बुधवार की देर शाम ग्रामीणों की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से एक कमेटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष बिजेन्द्र मुंडा को बनाया गया। इसी प्रकार उपाध्यक्ष अर्घ्यदेव राम, सचिव दिलीप मंडल, उप सचिव कृष्णा मुंडा, कोषाध्यक्ष चंदन ठाकुर, संरक्षक जिप सदस्य राजाराम प्रजापति, मुखिया हीरा देवी, उप मुखिया अभिलाषा देवी, पंसस अरबिन्द गिरी को बनाया गया है। इसी प्रकार एक निगरानी समिति का गठन किया गया है। इसमें दशरथ ठाकुर को रखा गया है।

## मनाया गया करवा चौथ का त्योहार

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के सांकुल पंचायत अंतर्गत बरवाटोला में गुरुवार की देर शाम सुहागिन महिलाओं के द्वारा सामुहि रुप से करवा चैथ का त्योहार मनाया गया। इस दौरान भगवान शंकर, मां पार्वती, भगवान गणेश व कुमार कार्तिकेय की प्रतिमाओं की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद दर्जनों महिलाओं ने चलनी से पहले चांद को और फिर अपने पति का देखकर पूजा की समाप्ति की गई। इस दौरान पति के हाथें से दिए गए आहार को खकर अपने व्रत को समापन महिलाओं द्वारा किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में रवि सिंह, सूरज सिंह, उज्वल सिंह शाही, शिवकुमार सिंह, भीम कुमार सिंह, अखिलेश सहित दर्जनों अन्य युवाओं ने महत्वपूर्ण भुमिका निभाई।

# कहां गयी इंसानियत

अमीर बनने की चाहत में एक कपल द्वारा दो महिलाओं की अलग-अलग बलि देने की केरल में हुई घटना स्तब्ध करने वाली है। हालांकि कोच्चि जिले के पुलिस प्रमुख का कहना है कि यह काफी जटिल मामला है, जिसमें कई परतें हैं, मगर फिर भी जो तथ्य सामने आये हैं, वे देश में सबसे अधिक साक्षरता दर वाले राज्य केरल के लिए तो शर्मिंदगी का कारण हैं ही, एक राष्ट्र के रूप में भी हमारा सामना कई असुविधाजनक सवालों से कराते हैं। जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक आरोपी कपल आर्थिक समस्याओं से गुजर रहा था और अमीर बनना चाहता था, लेकिन अपनी कथित गरीबी से परेशान इस कपल ने गरीबी दूर करने का झांसा देने वाले तांत्रिक को इसकी एवज में लाखों रुपये दिये। तांत्रिक के बारे में इन्हें पता तब चला, जब इस कपल ने एक अखबार में इश्तहार देखा कि वह कुछ अनुष्ठानों के जरिए गरीबी से मुक्ति दिला सकता है। उसके बाद इस कपल ने तांत्रिक से संपर्क किया और उसने कुछ समय में विश्वास दिला दिया कि किसी महिला की बलि देकर वह इस कपल के अच्छे दिन ला सकता है। जाहिर है, कपल को पता नहीं था कि उस कथित तांत्रिक के खिलाफ पुलिस में कई मामले पहले से दर्ज थे और एक मामले में तो वह जेल भी काट चुका था। बहरहाल, आगे की प्रक्रिया के लिए भी तांत्रिक ही एक लॉटरी विक्रेता महिला को धोखे से कपल के पास ले आया। तीनों ने मिल कर उसकी बलि दी और लाश के टुकड़े-टुकड़े करके जमीन के नीचे गाड़ दिये। कुछ समय बाद कपल ने दिन नहीं बदलने की शिकायत की तो तांत्रिक ने वही अनुष्ठान दोहराने की जरूरत बतायी। एक बार फिर एक अन्य महिला को धोखे से इनके पास लाया और उसकी भी वही गति की। मगर इस बार गुमशुदगी की शिकायत पर पुलिस सक्रिय हो गयी और तीनों गिरफ्त में आ गये। सवाल है, क्या यह इन तीनों का इकलौता कृत्य है या ऐसे और भी लोगों की गरीबी दूर करने का प्रयास यह तांत्रिक कर चुका है? यह भी कि क्या इसमें और लोग भी शामिल हैं, जो जाने अनजाने छोटे-मोटे या बड़े फायदों के लिए इनकी मदद करते रहे हैं? इन पहलुओं की जांच की जा रही है। मगर एक तथ्य तो रिकॉर्ड पर आ चुका है कि इस तांत्रिक ने इश्तहार देकर सार्वजनिक तौर पर दावा किया था कि वह कुछ अनुष्ठानों के जरिए गरीबी दूर करेगा। भले ऐसे विज्ञापनों को छापना गैरकानूनी न साबित होने देने के लिए रास्ता ढूंढ लिया जाये, यह कितना खतरनाक हो सकता है, इस प्रकरण से साफ है।


**आरोपी कपल आर्थिक समस्याओं से गुजर रहा था और अमीर बनना चाहता था, लेकिन अपनी कथित गरीबी से परेशान इस कपल ने गरीबी दूर करने का झांसा देने वाले तांत्रिक को इसकी एवज में लाखों रुपये दिये।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**अपने देश में 'वाम-उदारवादी', मुस्लिम पक्षकारों का साथ देते हुए हिजाब के समर्थन में मुख्यतः दो तर्क प्रस्तुत कर रहे हैं। पहला-मुस्लिम छात्राओं को क्या पहनना है- यह 'चुनने का अधिकार' उनका है और इसमें शासन-प्रशासन को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। दूसरा- हिजाब 'आवश्यक इस्लामी प्रथाओं' में से एक है, इसलिए यह मुस्लिम महिलाओं के लिए बाध्यकारी है और उनके पास इसे पहनने के अतिरिक्त कोई अन्य विकल्प नहीं है।**

# हिजाब : भारत और ईरान में अलग सुर क्यों

बलबीर पुंज



आगामी दिनों में शीर्ष अदालत हिजाब मामले पर निर्णय सुना सकता है। यह सुनवाई कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती देने से जुड़ी है, जिसमें उसने मुस्लिम छात्राओं की स्कूली कक्षाओं के भीतर हिजाब पहनने की अनुमति संबंधित याचिकाओं को निरस्त कर दिया था। अभी विश्व के दो देश- भारत और ईरान, हिजाब को लेकर केंद्र बिंदू में हैं।

अपने देश में 'वाम-उदारवादी', मुस्लिम पक्षकारों का साथ देते हुए हिजाब के समर्थन में मुख्यतः दो तर्क प्रस्तुत कर रहे हैं। पहला-मुस्लिम छात्राओं को क्या पहनना है- यह 'चुनने का अधिकार' उनका है और इसमें शासन-प्रशासन को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। दूसरा- हिजाब 'आवश्यक इस्लामी प्रथाओं' में से एक है, इसलिए यह मुस्लिम महिलाओं के लिए बाध्यकारी है और उनके पास इसे पहनने के अतिरिक्त कोई अन्य विकल्प नहीं है।

इस दिशा में जहां 'वाम-उदारवादियों' का पहला बिंदू, ऊपरी तौर पर 'उदार' दिखता है, वहीं उनका दूसरा तर्क प्रत्यक्ष रूप से किसी घोषित इस्लामी शासन-व्यवस्था को अनुमोदित करना है। अभी ईरान में क्या हुआ? यहां बीते माह हिजाब संबंधित 'इस्लामी मानक' नहीं मानने पर गिरफ्तार 22 वर्षीया महसा अमीनी की पुलिस हिरासत ('गश्त-ए-इरशाद') में संदिग्ध मौत हो गयी, जिसके बाद से तेहरान सहित शेष ईरान के साथ विश्व के कई नगरों में हजारों-लाखों महिलाएं (अधिकांश मुस्लिम) इस्लामी व्यवस्था के खिलाफ हिजाब उतार कर फैंकने और अपने बाल काट कर प्रदर्शन करने लगी।

**भारतीय मुस्लिम महिलाओं को वाम-उदारवादी उसी प्रकार पथभ्रष्ट कर रहे है, जैसे इनके समकक्षों ने ईरान में चार दशक पहले स्थानीय महिलाओं को किया था।**

चूंकि ईरान में शरीयत लागू है, इसलिए उसका सत्ता-वैचारिक अधिष्ठान हिजाब/बुर्का/नकाब आदि को महिलाओं के लिए 'बाध्यकारी' और उसे 'आवश्यक मजहबी' बता कर बलपूर्वक हिजाब-विरोधी प्रदर्शन को कुचल रहा है। इस टकराव में अबतक 100 से अधिक प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों की मौत हो चुकी है। एक ईरानी सांसद ने हिजाब का विरोध कर रही मुस्लिम महिलाओं को 'वेश्या' तक कह दिया। इन घटनाओं के आलोक में क्या सत्य नहीं कि ईरान में हिजाब को लेकर इस्लामी सरकार और भारत में वाम-उदारवादियों की भाषा एक जैसी है?

क्या हिजाब 'आवश्यक इस्लामी प्रथाओं' में से एक है, जैसा कि वाम-उदारवादी बार-बार दोहरा रहे हैं? यदि ऐसा ही है, तो ईरान में महिलाएं हिजाब को क्यों जला रही हैं? क्यों वे अपने बालों को काट रही हैं? क्यों वे हिजाब नहीं पहनने के लिए मजहबी व्यवस्था का सामना करने को भी तैयार हैं? क्या प्रदर्शनकारी महिलाएं मुस्लिम नहीं या वाम-उदारवादी उन महिलाओं को मुस्लिम नहीं मानते?

सामान्यतः भारत में वामपंथी महिला ईकाई विश्व में ऐसे 'अन्यायों' को लेकर एकाएक आंदोलित हो जाती है और पैदल-मार्च आदि निकाल कर विरोध दर्ज कराती है। क्या ईरान के हालिया मामले को लेकर ऐसा कुछ देखने को मिला? क्या यह दुविधा इसलिए है, क्योंकि उनका कुनबा भारत में मध्यकालीन हिजाब का समर्थन कर रहा है?

ईरान की तुलना में भारत में मुस्लिम महिलाओं के पास विकल्प है कि वे हिजाब/बुर्का/नकाब पहनने या उसका त्याग करें। यहां का हिजाब विवाद केवल बहुलतावादी शैक्षणिक संस्थानों में परिधान-संहिता की शुचिता को अक्षुण्ण रखने तक सीमित है। दशकों से भारतीय स्कूलों-कॉलेजों में समरूप वर्दी पहनने का नियम है, चाहे छात्र किसी भी पंथ या मजहब से हो।

क्या निर्धारित वर्दी 'कभी पसंदीदा वस्त्र पहनने के अधिकार' का मामला हो सकता है?-बिल्कुल भी नहीं। यदि मुस्लिम छात्राओं को कक्षा में हिजाब पहनने की अनुमति मिलती है, तो क्या इसके बाद मुस्लिम छात्र जालीदार टोपी पहनने की अनुमति नहीं मांगेंगे? क्या इस आधार पर अन्य किसी को धोती, माता की चुनरी, चिवार (बौद्ध) पहनने या फिर निर्वस्त्र नहीं आने के लिए मना कर पायेगा? ऐसी स्थिति में स्कूल/कॉलेज में परिधान-संहिता का क्या अर्थ रह जायेगा? क्या यह विकृति केवल स्कूल-कॉलेजों तक सीमित रहेगी? क्या 'पसंदीदा परिधान' पहनने की मांग उन संस्थानों को भी अपने चपेट में नहीं लेगी, जहां भी निर्धारित परिधान-संहिता है- जैसे पुलिस, अधिवक्ता, अग्नि-शामक दल इत्यादि। ऐसे विभागों की एक लंबी सूची है।

यह दिलचस्प है कि जो वाम-उदारवादी स्कूल हिजाब प्रकरण पर कर्नाटक की भाजपा सरकार के फैसले को 'इस्लामोफोबिया' बताने में जुटे हैं, वही कुनबा केरल में सामने आये ऐसे ही दो निर्णयों पर न केवल मौन रहा, अपितु इसके खिलाफ मुस्लिम समाज की ओर से कोई उग्र प्रदर्शन भी नहीं हुआ, जैसे कर्नाटक के मामले में देखने को मिला था। क्या यह दोहरा मापदंड- वाम-उदारवादियों के साथ जिहादी-सैकुलर झुंड की सच्चाई और उनकी मोदी/ भाजपा/ आरएसएस से विशुद्ध घृणा को सामने नहीं लाता है?

इसी वर्ष जनवरी में केरल की वामपंथी सरकार ने 8वीं कक्षा की मुस्लिम छात्रा के उस अनुरोध को निरस्त कर दिया था, जिसमें उसने राज्य पुलिस से संबंधित 'स्टूडेंट पुलिस कैडेट' (एसपीसी) की पोशाक-संहिता को इस्लामी मान्यताओं के अनुरूप नहीं मानते हुए हिजाब और पूरी बाजू का परिधान पहनने की स्वीकृति मांगी थी। तब राज्य के गृह विभाग ने कहा था, ''...यह मांग विचारणीय नहीं है... यदि एसपीसी में इस तरह की छूट दी जाती है, तो ऐसी ही मांग अन्य समान बलों में भी की जायेगी, जो पंथनिरपेक्षता को प्रभावित करेगी...।'' यही नहीं, 2019 में केरल की मुस्लिम शिक्षण संस्था (एमइएस) अपनी 150 ईकाइयों में चेहरा ढकने वाले सभी परिधानों (हिजाब सहित) पर प्रतिबंध लगा चुकी है। सच तो यह है कि भारतीय मुस्लिम महिलाओं को वाम-उदारवादी उसी प्रकार पथभ्रष्ट कर रहे है, जैसे इनके समकक्षों ने ईरान में चार दशक पहले स्थानीय महिलाओं को किया था। वर्ष 1978-79 में शाह पहलवी राजवंश के अंतिम शाह मोहम्मद रजा, जो तत्कालीन ईरान को 'श्वेत क्रांति' (इंकलाब-ए-सफेद) के माध्यम से मध्यकालीन संकीर्ण मानसिकता से मुक्त करके उसे आधुनिक बना रहे थे- उनके शासन को मुल्ला-मौलवियों आदि इस्लामियों ने स्थानीय मार्क्सवादियों-लेनिनवादियों के समर्थन से उखाड़ फेंका था, तब ईरान के इस घोषित इस्लामीकरण में स्थानीय महिलाओं ने भी अग्रणी भूमिका निभायी थी।

यह विडंबना है कि लगभग 44 वर्ष बाद उन्हीं महिलाओं की भावी पीढ़ी, उसी इस्लामी-क्रांति से जनित हिजाब-बाध्यता के खिलाफ सड़कों पर है। इस पृष्ठभूमि में भारतीय मुस्लिम महिलाओं को वाम-उदारवादियों से सचेत हो जाना चाहिए। क्या ऐसा संभव लगता है?

लेखक वरिष्ठ स्तंभकार, पूर्व राज्यसभा सांसद और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय-उपाध्यक्ष हैं।

## जमशेदपुर की खबरें

# विधायक ने गदड़ा पंचायत के तालाब का किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** आस्था के महापर्व छठ के पुर जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह झारखंड सत्तारूढ़ दल के सचेत मंगल कालिंदी ने पहल शुरू कर दी। शुक्रवार को विधायक मंगल कालिंदी ने जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के उत्तर पूर्वी गदड़ा पंचायत के फकिर टोला ढापू तालाब और बालीडूँगरी के कारगिल तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तालाबों के चारो ओर गंदगी का अंबार लगा देखने को मिला। मौके पर विधायक ने स्थानीय लोगों को निजी खर्चे से उक्त तालाबों की साफ-सफाई करवाने का आश्वासन दिया। ताकि आस्था का महापर्व छठ में छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने बताया शहर में छठ व्रतियों के द्वारा आस्था के महापर्व छठ पूजा धूमधाम से मनाया जाता है। इससे पूर्व सभी छठ घाटों का निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के सभी छठ घाटों का साफ सफाई व सड़क का मरम्मत किया जाएगा। छठ व्रत धारियों के लिए जो कमी है उसे दूर किया जाएगा। मौके पर पूर्व उपमुखिया बिरजू पात्रों, ग्राम प्रधान सुखलाल हेंब्रम, पूर्व पंचायत समिति सदस्य विश्वजीत भगत, मिथुन चक्रबर्ती, समाजसेवी जितेन्द्र सिंह, पुन्नू कर्माकर, उपमुखिया रतन लाल टुडू, वार्ड सदस्य कृष्णा दास, वार्ड सदस्य तुड़कू दिग्गी, जेना जमुदा, लखन समद, संतोष केवट, मनोज दास, एवं ग्रामीण शामिल रहे।

## दलमा पहाड़ से गिर कर व्यक्ति की मौत

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** चांडिल थाना क्षेत्र के दलमा पहाड़ से नीचे गिर कर एक व्यक्ति की मौत हो गयी है। घटना गुरुवार की है। व्यक्ति का नाम अरविंद प्रधान बताया जा रहा है। आसपास मौजूद लोगों ने अरविंद प्रधान को फौरन एंबुलेंस से एमजीएम अस्पताल पहुंचाया, लेकिन यहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जो लोग अरविंद प्रधान को एमजीएम अस्पताल लेकर आये थे, उनका कहना है कि अरविंद प्रधान तकरीबन डेढ़ महीना पहले दलमा पहाड़ पर ऊपर चढ़ा था। वहां वह झाड़ू और साफ सफाई करता था। दलमा पहाड़ पर एक मंदिर है। वहीं अरविंद साफ सफाई करता था। लोगों का कहना है कि अरविंद प्रधान अपने एक साथी के साथ नीचे उतरा। नीचे उसने कुछ खरीदारी की। इसके बाद जब वह पहाड़ पर चढ़ा रहा था तभी लगभग 45 फीट ऊपर से नीचे गिर गया। उसे फौरन एमजीएम अस्पताल लाया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया। अरविंद प्रधान कहां का रहने वाला है। यह अभी नहीं पता चल पाया है। लोगों का कहना है कि लोग उसका सिर्फ नाम जानते हैं। एड्रेस के बारे में नहीं जानते।

### तृतीय राष्ट्रीय झारखंड फिल्म महोत्सव के दूसरे दिन दिखा जोश

# 26 फिल्म का 3 अलग-अलग पर्दे पर प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** शहर में तृतीय राष्ट्रीय झारखंड फिल्म महोत्सव का चार दिवसीय कार्यक्रम का सेंटर फॉर एक्सीलेंस सांसद विद्युत वरण महतो के द्वारा शुभारंभ किया गया। गुरुवार को कार्यक्रम के दूसरे दिन करीम सिटी कॉलेज में प्राचार्य डॉ मोहम्मद रियाज,मास कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट की एचओडी डॉ. श्रीमती नेहा तिवारी, समाजसेवी पूर्वी घोष, असिस्टेंट प्रोफेसर साजिद परवेज एवं शाहजेब परवेज उपस्थित रहे। अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दूसरे दिन भी युवाओं में शिक्षा के साथ फिल्मों को लेकर खासा जोश देखा गया। शुक्रवार को कार्यक्रम के दूसरे दिन श्रीनाथ कॉलेज, करीम सिटी कॉलेज एवं सेंटर फॉर एक्सीलेंस में 6 फुल लेंथ फिल्में, 5 डॉक्यूमेंट्री एवं 15 शॉर्ट फिल्मों सहित कुल 26 फिल्मों का 3 अलग-अलग पर्दो पर प्रदर्शन किया गया।

फिल्मों के प्रदर्शन के उपरांत प्रत्येक फिल्म के निर्माता एवं निर्देशक को सर्टिफिकेट आफ अप्रिशिएसन प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रदर्शित फिल्में हाथी खेदा, सेरंगेसिया, वसन, मजबूरी एवं तमाचा को दर्शकों द्वारा सराहा गया। वहीं सेंटर फॉर एक्सीलेंस में गैंगस्टर दुल्हनिया एवं सात बोहिनी के आलावे आदित्यपुर श्रीनाथ कॉलेज में बटवारा फिल्म को मौके पर मौजूद लोगों ने जम कर तालियां भांजते हुए सराहना की। आगामी 14 अक्टूबर को देशभर से आयी कुल 45 नयी फिल्मों का प्रतिस्पर्धा भाव से प्रदर्शन किया जाएगा। जिन्हें निर्णायक स्वरूप बॉलीवुड से आये सिने जगत के नामी कलाकारों में रंजीत बेबी, पंकज झा, संजीव जयसवाल एवं अन्य के द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। मौके पर संयोजक संजय सतपथी एवं राजू मित्रा ने बताया शहर का काला जगत के लिए यह प्रेम और उत्साह देख वे आह्लादित है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिषेक, रिशु, तुषार, निशा, राज, देबाशीष, निकिता, लक्ष्मी, अमित शर्मा, वरुण कुमार, अमित सिंह, अनु सिंह सहित जेएनएफएफ के सभी सदस्यों का अहम भूमिका रही।

# जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज में विश्व दृष्टि दिवस पर हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** शहर के बिस्टुपुर स्थित जमशेदपुर विमेंस कॉलेज में विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर हस्ताक्षर अभियान की शुभारंभ किया गया। मौके पर सैकड़ो छात्राओं के बीच नेत्र दान का महत्व के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। शुक्रवार को आयोजित हस्ताक्षर अभियान का उद्घाटन विमेंस कॉलेज की कुलपति डॉ अंजिला गुप्ता, रेजिस्टर डॉ प्रभात कुमार सिंह, डीएसडब्ल्यू डॉ किशोर आरा नाम्या फाउंडेशन के कुणाल षाडंगी तथा रोशनी फाउंडेशन के सदस्यों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। नाम्या स्माइल फाउंडेशन व रोशनी फाउंडेशन जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जागरूकता व हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। मौके पर रोशनी फाउंडेशन संस्था ने आभार व्यक्त किया। रोशनी फाउंडेशन के सदस्य तारु गांधी, परबिंदर कपूर ने नेत्रदान के महत्व और इसकी जागरूकता को अधिक संख्या में समाज में फैलाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा हर सार्थक पहल का साथ देना चाहिए, जो इस विषय में जागरूकता फैलायें। फाउंडेशन के संस्थापक कुणाल षाडंगी ने कहा मानव के जीवन में आंखों का एक अहम किरदार होता है। आंख शरीर का वह अंग है, जो मानव जीवन को रंगीन बना देता है। उनकी जिंदगी में उजाला भर देती है। संसार में कुछ लोग ऐसे भी हैं जो दूसरों के बारे में भी सोचते हैं। आंखें ना सिर्फ हमें रोशनी दे सकती है, बल्कि हमारे मरने के बाद वह किसी और की जिंदगी में उजाला भर सकती है। उन्होंने कहा अंधविश्वास की वजह से दुनियां के कई नेत्रहीन लोगों को जिंदगी भर अंधेरे में ही रहना पड़ता है। उन्होंने कहा सभी को इस बात को समझ कर नेत्रदान अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम में विमेंस कॉलेज के सभी शिक्षक एवं शिक्षिका, रोशनी फाउंडेशन के सीता जोशी, नाम्या स्माइल फाउंडेशन से साहिल धनुका, शिल्पा धनुका, निधि केडिया मौजूद रहे।

# चोरी करने के पांच आरोपी गिरफ्तार



**नगद सवा दो लाख, पांच मोबाइल और चोरी के कपड़े बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर पुलिस को एक बार थी बड़ी सफलता हाथ लगी है। साकची पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर को विभिन्न थाना क्षेत्रों मे चोरी करने के मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को साकची थाना में जानकारी देते हुए एएसपी सुधांशु जैन ने बताया पुलिस ने साकची थाना क्षेत्र के हाथी घोड़ा मंदिर के पास से हाल में जेल से छूटे शातिर चोर कृष्णा शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। उसके निशान देही पर चार अन्य अपराधी राजू शर्मा, शंकर नाग, उत्तम प्रामाणिक और मोहम्मद राशिद को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने साकची और बिस्टुपुर थाना के अलग अलग क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात पुलिस के समक्ष कबूल किया। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर अलग अलग थाना क्षेत्रों मे हुए चोरी के नगद लगभग सवा दो लाख रुपये, पांच मोबाइल फोन और चोरी किये गये कपड़े बरामद कर लिया। फिलहाल सभी आरोपियों को मेडिकल के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## संयुक्त छात्र संघ ने डीएवी स्कूल प्रबंधन पर आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** संयुक्त छात्र संघ के जमशेदपुर नगर अध्यक्ष धीरज चौधरी ने बिष्टुपुर पुलिस से डीएवी स्कूल प्रबंधन के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। मामला बुधवार को स्कूल के छज्जे का टुकड़ा गिर जाने से एक छात्रा के बुरी तरह से घायल होने का है। इसे लेकर संघ की ओर से बिष्टुपुर थाना प्रभारी को लिखित मांग पत्र सौंपा गया है। इसमें कहा गया है कि छज्जे का टुकड़ा गिरने से जख्मी छात्रा का टीएमएच में ईलाज कराया जा रहा है, लेकिन घटना ने साबित कर दिया है कि स्कूल में बच्चों की जान जोखिम में डालकर पढ़ाया जा रहा है। संघ ने कहा है कि स्कूल प्रबंधन की ओर से स्कूल भवन के मेंटेनेंस के नाम पर अभिभावकों से हजारों रुपए लिए जाते हैं, फिर भी प्रबंधन भवन का ठीक ढंग से रख-रखाव नहीं कर पाता है, जिससे इस तरह की घटना घटती हैं। इस घटना से स्कूल के बच्चे खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। वे डरे और सहमे हुए हैं। दूसरी ओर अभिभावक भी प्रबंधन से कुछ बोलने से कतराते हैं। संघ ने कहा है कि इसका नाजायज फायदा स्कूल प्रबंधन की ओर से उठाया जाता है। बच्चों की जान को खतरे में डालकर कक्षाएं ली जा रही हैं। यह प्रबंधन की शत-प्रतिशत लापरवाही है। इस मामले में प्रबंधन के खिलाफ आवश्यक रूप से मुकदमा दर्ज होना चाहिए और उन्हें दंड मिलना चाहिए, ताकि अन्य स्कूल भी बच्चे की जान को खतरे में ना डालें।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सीओ ने लमारी कला गांव में जीएम लैंड से अवैध कब्जा हटवाया



**कांडी (आजाद सिपाही)।** सीओ अजय कुमार दास ने गुरुवार को लमारी कला गांव में योगेन्द्र पासवान द्वारा जीएम लैंड पर किए गए अवैध कब्जा को हटाते हुए जमीन को मुक्त कराया। गुरुवार को सीओ के समक्ष जेसीबी से खाता संख्या 315,प्लॉट संख्या 309 में जीएम लैंड में बनी बाउंड्री वॉल को ध्वस्त कराते हुए उसे मुक्त किया गया। उक्त जीएम लैंड में बेल, कटहल व आम के पेड़ पहले से मौजूद हैं। हालांकि उक्त जीएम लैंड में कई लोगों का अवैध कब्जा है। किन्तु योगेन्द्र पासवान द्वारा उसमें बाउंड्री वॉल का निर्माण कराये जाने का विरोध किये जाने पर सीओ द्वारा उक्त कारवाई की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए सीओ अजय कुमार दास ने कहा कि उपायुक्त के निर्देश पर जीएम लैंड को अवैध दखल से मुक्त किया गया।

### रेफरल अस्पताल की टीम ने प्रावि हरिजन टोला के 43 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की



**कांडी (आजाद सिपाही)।** रेफरल अस्पताल मझिआंव से आयी तीन सदस्यीय स्वास्थ्य टीम ने गुरुवार को प्रावि हरिजन टोला में अध्ययनरत 43 बच्चों की स्वास्थ्य जांच की। डॉक्टर विशाल कुमार ने सभी बच्चों की जांच करते हुए बताया कि लगभग सभी बच्चों के दांत में दाग देखने को मिला। इसका मतलब है कि बच्चे जो पानी पीते हैं उक्त पानी में फ्लोराइड की मात्रा अधिक है। पानी की जांच जरूरी है। दो बच्चों की लंबाई के अनुसार वजन कम पाया गया। जिन बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गयी उनमें रूपांजली कुमारी, नेहा कुमारी, सुमन कुमारी, प्रीति कुमारी, निक्की कुमारी, करन राम, जय प्रकाश, सीकेश यादव, मधु कुमारी सहित कई बच्चे शामिल हैं। मौके पर नेत्र विशेषज्ञ सरोज कुमारी, एएनएम मंजू कुमारी, प्रधानाध्यापक राम लखन राम, अभिभावक ललिता देवी, आरती देवी सहित कई उपस्थित थे।

### मध्य विद्यालय हरिहरपुर में ताइक्कांडो कराटे का दिया गया प्रशिक्षण



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** संकुल संसाधन केंद्र अंतर्गत मध्य विद्यालय हरिहरपुर में गुरुवार को ताइकांडो कराटे का प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर जिला से आए हुए प्रशिक्षक ने बताया कि यह प्रशिक्षण सरकार के आदेश अनुसार मध्य विद्यालय और उच्च विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को देना है। इस प्रशिक्षण से छात्राओं को आत्मरक्षा करने में सहूलियत होगी और बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ेगा। साथ ही यह स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। वहीं विद्यालय के प्रभारी किशोर कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण से छात्राओं को आत्म रक्षा करने में सहयोग मिलेगा। आज के परिवेश में यह गुण सीखना बहुत जरूरी है। यह हर समय काम आएगा। सभी बच्चे उत्सुकता के साथ प्रशिक्षण में भाग लेते दिखे। प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्रा रूबी कुमारी, अंजली कुमारी, संगीता कुमारी, माया कुमारी और आरती कुमारी ने कहा कि यह हम लोगों के लिए लाभकारी होगा।

### विशुनपुरा मुख्य मार्ग पर सीओ ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार को सीओ के साथ विशुनपुरा थाना दल बल के साथ संयुक्त रूप से बिशुनपुरा मुख्य मार्ग संध्या मोड़ से गांधी चौक पुरानी बाजार के सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अभियान चलाया। बिशुनपुरा सीओ सुश्री निधि रजवार के साथ पु.अ.नी.निमिर हेशा के द्वारा मौखिक निर्देश एवं चेतावनी दी गयी। सड़क के दोनों तरफ सड़क से सटे, दुकान के सामान, सब्जी दुकान, ठेला आदि के द्वारा जाम लगाया जाता है तो उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं सीओ ने बताया कि सड़क के दोनों ओर जो भी सड़क से सटी दुकान का छज्जा निकाले हैं ओ अपना छज्जा हटा लें। वहीं अगर कल से रोड पे बाइक तीन पहिया चार पहिया वाहन तथा अन्य चीजें अनावश्यक रूप से पायी गयी तो संबंधित व्यक्ति एवं दुकानदार दोनों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी एवं उनके सामान को जब्त कर लिया जाएगा।

**कार्यक्रम :** मझिआंव प्रखंड के खरसोता में जनता दरबार का उपायुक्त ने किया उद्घाटन

# कई लाभुकों के आवेदनों को तत्काल किया निष्पादित

**कार्यक्रम में कई लाभुकों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से किया सीधा संवाद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंझिआंव प्रखंड के खरसोता पंचायत में जनता दरबार का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपायुक्त गढ़वा रमेश घोलप स्वयं उपस्थित होकर कार्यक्रम में आये सभी आम नागरिकों को संबोधित करते हुए झारखंड सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया एवं योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन करने को प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक रूप से उपायुक्त श्री घोलप, एसडीओ गढ़वा राज महेश्वरम, बीडीओ एवं सीओ, प्रखंड प्रमुख आरती दुबे, मुखिया रीता देवी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। ग्रामीण जनता के आवेदनों को प्राप्त करने हेतु जनता दरबार में विभागवार काउंटर लगाए गए थे। जहां आवेदन प्राप्त करने के साथ-साथ योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही थी। सभी स्थानीय नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए योजनाओं से लाभान्वित होने हेतु आवेदन समर्पित किए। आमजनों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क की भी सुविधा थी। सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत राजदेव राम, सुरेश राम, फुलकुमारी देवी, राधा देवी, रामचंद्र यादव आदि कुल 12 लोगों को शिविर में ही सांकेतिक रूप से उपायुक्त श्री घोलप एवं उपस्थित बीडीओ-सीओ, प्रखंड प्रमुख व मुखिया के द्वारा धोती साड़ी देकर लाभान्वित किया गया एवं पांच लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। जेएसएलपीएस के तहत फूलो झानो आशीर्वाद योजना के अंतर्गत उषा देवी, देवंती देवी फूलों झानो आशीर्वाद अभियान के तहत शॉल के साथ चेक सह प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। नीलू देवी, गायत्री देवी सखी मंडलों को सामुदायिक निवेश नीति के तहत 12 लाख 45 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। शोभा देवी एवं सुषमा देवी सखी मंडलों को बैंक ऋण के तहत 54 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। सर्वजन पेंशन योजना के तहत रीता देवी को विधवा पेंशन एवं कमलेश राम तथा भोला राम को वृद्धावस्था पेंशन के लाभ से आच्छादित किया गया एवं तुलसी राम एवं नंदू यादव को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। केसीसी योजना के तहत मुन्ना पासवान, उमेश राम, गुड्डू प्रसाद, रिंकी देवी एवं शांति देवी कुल 5 लोगों को झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक से केसीसी ऋण की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त मिथिलेश कुमार, रघुरेश्वर प्रसाद, प्रभु राम, प्रमिला देवी एवं विमली देवी को केसीसी के तहत एक-एक लाख का ऋण प्रदान किया गया। ग्रीन राशन कार्ड के तहत कुल 11 लाभुकों का ग्रीन राशन कार्ड बनाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई जिसमें शोभा देवी, गीता देवी, लीला देवी, पुनीता देवी, प्रतिमा देवी रीमा देवी, लालो देवी, दुर्गा देवी व अन्य शामिल हैं। आयोजित किए गए शिविर में दिव्यांग व्यक्ति सत्येंद्र मेहता व अनीता देवी को ट्राई साइकिल देकर लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा वर्चुअल रूप से जिले के उपायुक्त एवं लाभुकों से सीधा संवाद कर योजना से मिले लाभ व सफलता के बारे में जाना तथा सभी लाभुकों को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेते हुए सफलता के मार्ग पर अग्रसर होने की कामना की।

कार्यक्रम में एसपी अंजनी कुमार झा, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, एसडीओ गढ़वा राज महेश्वरम, जिला कल्याण पदाधिकारी नीलेश मुर्मू, समाज कल्याण पदाधिकारी अरुण उरांव, जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय सहित अन्य अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



### सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के अंतर्गत 26 छात्राओं के आवेदन किये गये स्वीकृत

**मौके पर ही सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के अंतर्गत 26 छात्राओं का आवेदन स्वीकृत करते हुए लाभ देने का कार्य किया गया, जिसके तहत कंचन कुमारी, अमृता कुमारी, दिव्या रानी, रिया कुमारी, रीमा कुमारी, चांदनी कुमारी, सुप्रिया कुमारी, रेखा कुमारी व अन्य को छात्रवृत्ति की राशि देते हुए लाभान्वित किया गया।**

## विस आवास समिति के सभापति ने लंबित व पूर्ण भवनों की स्थिति का जायजा लिया



**कहा- समिति के समक्ष जिले के 15 मामले आये हैं, जिस पर संबंधित विभागों के पदाधिकारियों से जवाब मांगा गया है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड विधान सभा आवास समिति के सभापति और याचिका समिति के सदस्य ग्लेन जोसेफ गॉलस्टन जिले के दो दिवसीय दौरे पर गढ़वा पहुंचे। उन्होंने स्थानीय परिसदन में जिले के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। पहले दिन उन्होंने जिले में लंबित व पूर्ण भवनों की स्थिति का जायजा लिया। आजाद सिपाही से मुखातिब होते हुए समिति के सभापति ने कहा कि समिति के समक्ष जिले के 15 मामले आये हैं। जिस पर संबंधित विभागों के पदाधिकारियों से जवाब मांगा गया है। जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र भवन, सड़क निर्माण, हल्का कर्मचारियों का आवास भवन और कुछ बैंकों का केसीसी ऋण रिन्यूवल नहीं करने के मामले आये हैं। आवास से संबंधित मामलों के अलावा अन्य मामलों को विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य है कि बरडीहा प्रखंड में हल्का कर्मचारी का 40.89 लाख रुपये की लागत से निर्मित आवास शत प्रतिशत कार्य होने के बाद भी पिछले सात माह से हैंडओवर की प्रक्रिया में ही है। वहीं गढ़वा के टंडवा स्थित हल्का कर्मचारी आवास का भी 99 प्रतिशत काम पूरा होने के बाद भी छह माह से ना ही शेष बचे एक प्रतिशत काम पूरा हो सका है और ना ही भवन को हैंडओवर किया गया है। उन्होंने कहा कि इन भवनों की सत्यता की जांच की जाएगी। गढ़वा प्रखंड के चमरही, पतसा में आंगनबाड़ी केंद्र भवन वर्ष 2019-20 में स्वीकृत था। जिसमें अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा सका है। इसमें संबंधित विभाग से जवाब मांगा जाएगा। वहीं खोंहर व बाना गांव में भी तीन आंगनबाड़ी केंद्र भवन वर्ष 2020-21 में स्वीकृत किया गया था। इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा सका है। मझिआंव प्रखंड में गईड़ी मोड़ से लेकर कॉलेज होते हुए कॉलेज गेट तक एक करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत सड़क निर्माण का कार्य और धुरकी प्रखंड में भी सड़क निर्माण का कार्य भूमि क्लीयरेंस नहीं होने के कारण शुरू नहीं किया जा सका है। इस मामले में सीओ से जवाब मांगा जाएगा। बैठक में डीडीसी राजेश राय, रंका एसडीओ रामनारायण सिंह, कार्यपालक अभियंता धर्मेंद्र कुमार, प्रेम लाल सिंह, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक नीतिश निशांत, सहायक खनन पदाधिकारी नंददेव बैठा मौजूद थे।

## बाजार भाव से 4 गुना कम कीमत पर जमीन अधिग्रहण नहीं करने देंगे: ग्रामीण

**एनएच-75 चौड़ीकरण से प्रभावित भूमि धारकों ने बैठक कर उपायुक्त से मिलने का लिया निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** एनएच 75 चौड़ीकरण से प्रभावित हो रहे भूमि धारकों की बैठक गुरुवार को लातदाग बाजार में की गई। जिसमें मुआवजा राशि को बढ़ाने की मांग को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त गढ़वा से मिलने का निर्णय लिया गया। बैठक में बड़ी संख्या में उपस्थित भूमि धारकों ने एक स्वर में कहा कि बाजार भाव से 4 गुना से कम पर किसी भी कीमत पर जमीन अधिग्रहण नहीं करने देंगे। सड़क के चौड़ीकरण के लिए भूअर्जन विभाग द्वारा अधिग्रहित की जा रही भूमि की मुआवजा की राशि काफी कम निर्धारित करने से लोग काफी निराश हैं। लोगों का कहना है कि मुआवजा राशि वर्तमान समय के बाजार भाव से काफी कम है।

बैठक के दौरान लोगों ने कहा कि गैरमजरूआ भूमि धारक को भूअर्जन विभाग द्वारा नोटिस भी नहीं दी गई है। जिससे स्पष्ट होता है कि उन्हें भूमि का मुआवजा नहीं मिलेगा, जबकि गैरमजरूआ भूमि धारक वर्षों से सरकार को लगान देते आ रहे हैं। ऐसी स्थिति में गैरमजरूआ भूमि धारक को भी मुआवजा राशि उपलब्ध कराने की मांग उपायुक्त से करने का निर्णय लिया गया। सक्षम पदाधिकारी की निगरानी में पुनः भूमि की मापी करा कर बाजार मूल्य से कम से कम 4 गुना अधिक मुआवजा राशि उपलब्ध कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त रमेश घोलाप से मिलने का निर्णय लिया।

बैठक में मुख्य रूप से भाजपा नेता संजय भगत, पूर्व मुखिया प्रकाश कुमार अरुण, शंभू दुबे, विजय मल साहू, भूधारक धर्मराज दुबे, हरे कृष्ण मेहता, प्रमोद गुप्ता, प्रभु चंद्रवंशी, रमेश प्रसाद, शिव शंकर प्रसाद, लालनी यादव, राजाराम, धनंजय दुबे, अरुण कुमार गुप्ता, नथुनी महतो, राजेश्वर यादव, शिवनाथ यादव, राम अवतार महतो कई लोग शामिल थे।

### खाना बनाते समय कुकर फटने से किशोरी घायल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले के भवनाथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मकरी गांव निवासी कसमुउद्दीन अंसारी की 13 वर्षीय पुत्री सबीना खातून कुकर फटने के दौरान जलने से गंभीर रूप से घायल हो गई। उसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि सबीना खातून सुबह खाना बनाने के दौरान कुकर में दाल बना रही थी उसी बीच अचानक कुकर फटने के दौरान गरम दाल पड़ने से जल गई।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची

**ई-प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा सूचना**

Tender Reference No. - DWSD/RW-06/2022-23 Date - 13-10-2022

| S.No | Name of the Work | Estimate Cost (in Lac) | Ernest money (in Lac) | BOQ cost (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Detailed survey, designing and drawing, Construction of R.C.C. Intake Well cum Pump House, R.C.C. Gang Way ,**72.5 MLD** capacity Water Treatment Plant, Intermediate UG Sump Capacity 45.0 Lakh Litter, **ESR-1 7.50** Lakh Litre capacity with 13 M staging, **ESR-2 6**.50 Lakh Litre capacity with 24 M staging , **ESR-3 10.50** Lakh Litre capacity with 18 M staging , **ESR-4 16.75** Lakh Litre capacity with 24 M staging , **ESR-5 3.75** Lakh Litre capacity with 11 M staging , **ESR-6** 6.50Lakh Litre capacity with 08 M staging , **ESR-7 2.25** Lakh Litre capacity with 13 M staging **ESR-8 9.50** Lakh Litre capacity with 24 M staging , **ESR-9 2.50** Lakh Litre capacity with 08 M staging , **ESR-10 3.50** Lakh Litre capacity with 08 M staging, **ESR-11 6.50** Lakh Litre capacity with 24 M staging, **ESR-12 11.50** Lakh Litre capacity with 24 M staging, **ESR-13 3.70** Lakh Litre capacity with 24 M staging, **GSR Zone-14 3.50** Lakh Litre capacity, **ESR-15 3.10** Lakh Litre capacity with 21 M staging, Staff Quarter, Compound wall , Supplying and laying Raw/Clear Water rising main and Distribution Network, RCC Riser, House Connection, Railway Crossing, Road Crossing, Supplying and Installation of VT and Centrifugal pump motor, and Five years operation & maintenance with allied works etc. all complete job for **Mega Rural Water Supply Scheme along Ring Road ,Under DW&S Division Ranchi West Ranchi on turnkey basis**", | 48537.00 | 490.00 | 10000.00 |
| 2 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | **27 Months + 3 months (trial and run)** | | |
| 3 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 28-10-2022 at 05:00 P.M | | |
| 4 | प्री–बीड बैठक का स्थान एवं तिथि | 03-11-2022 /12:30 P.M O/o Engineer-in-chief, DWSD, Nepal House, Ranchi. | | |
| 5 | बीड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 10-11-2022 up to 04:00 P.M | | |
| 6 | निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय/स्थान | 11-11-2022 up to 04:00 P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पष्चिम, राँची / अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची। | | |
| 7 | बीड खोलने की तिथि/समय | 12-11-2022 up to 02:00 P.M | | |
| 8 | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पष्चिम, राँची। | | |
| 9 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-2491247 | | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची

PR 279820 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D


**कार्यक्रम :** संगीत कला महाविद्यालय में स्व. किशोर कुमार की 36वीं पुण्यतिथि मनायी गयी

# कलाकारों ने स्व. किशोर कुमार को उनके गीतों से दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** संगीत कला महाविद्यालय में स्व. किशोर कुमार की 36वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। मौके पर संगीत के छात्र-छात्राएं एवं गढ़वा के वरिष्ठ कलाकारों ने स्व. किशोर कुमार की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर संगीत कला महाविद्यालय के निदेशक प्रमोद सोनी ने कहा कि किशोर कुमार को मां सरस्वती ने कला की हर विद्या से परिपूर्ण करके धरती पर भेजा था। किशोर कुमार गायिकी के साथ-साथ अभिनय के भी सरताज थे। वे म्यूजिक डायरेक्टर भी लाजवाब थे। हास्य कला में भी परिपूर्ण थे। सबसे बड़ी बात ये है कि किशोर दा ने बिना संगीत के शिक्षा ग्रहण किये। गायिकी में ऐसा शमां बांधा कि आज सारी दुनिया उनकी गायिकी का दीवाना बनी हुई है और सदियों तक दीवाना बनी रहेगी।

विजय प्रताप देव ने कहा कि स्व. किशोर कुमार मेरे लिए मेरे दिल में भगवान के रूप में विराजमान हैं। उनकी मैं पूजा करता हूं। उनके गीतों को गाकर कला के क्षेत्र में मेरी एक पहचान बनी हुई है।गोपाल कश्यप ने कहा कि किशोर कुमार जैसा अनमोल हीरा अब गायिकी के क्षेत्र में हमलोगों को कयामत तक नहीं मिलेगा। किशोर कुमार संगीत की एक पाठशाला थे। सुधांशु कुमार ने कहा कि किशोर कुमार के बारे में कुछ भी कहना सूरज को दीपक दिखाने जैसा है। कला के हर क्षेत्र में वे सम्राट थे।

मौके पर सभी कलाकारों ने स्व. किशोर कुमार के गीतों को गाकर उनको याद किया। सबसे पहले विजय देव ने 'मुसाफिर हूं यारो, ना घर है ना ठिकाना, कृति कुमारी ने 'देखा एक ख्वाब तो ये सिलसिले हुए', गोपाल प्रसाद कश्यप ने 'हाल क्या है दिलो का, ना पूछो सनम', गोपाल प्रसाद कश्यप एवं प्रियंका कुमारी ने 'शायद मेरी शादी का ख्याल दिल में आया है', सुधांशु कुमार ने 'एक अजनबी हसीना से यूं मुलाकात हो गई', धर्मेंद्र कुमार व परिधि गुप्ता ने 'मैं तेरे प्यार में पागल ऐसे घूमता हूं', श्रवण कुमार ने 'मेरे महबूब कयामत होगी'। नरेंद्र कुमार ने 'ये शाम मस्तानी मदहोश किये जाये', करन राज ने 'मेरे सपनों की रानी कब आएगी तू' इस तरह संगीत के सभी छात्र-छात्राएं एवं गढ़वा के वरिष्ठ कलाकरो ने एक से बढ़ कर एक स्व. किशोर कुमार के गीतों को गाकर उनको श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राजेश चौबे, मनीष मौर्या, कुलदीप, संजय कुमार, ब्यूटी कुमारी, अनन्या कुमारी, आकाश कुमार, उन्नति राज, आराध्य राज सहित काफी संख्या में संगीत के छात्र-छात्राएं एवं वरिष्ठ कला प्रेमी नागरिक व अभिभावक उपस्थित थे।


## झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
### अवर प्रादेशिक नियोजनालय,राँची

**सूचना**

अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, राँची के कार्यालय परिसर में दिनांक 20.10.2022 को पूर्वाहन् 10:30 बजे से अपराहन 4:00 बजे तक भर्त्ती कैम्प का आयोजन किया जाना है। जिसमें निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठान ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है, कैम्प में भाग लेने वाले अभ्यर्थी उपरोक्त तिथि को 10 से 11:30 बजे तक अपनी उपस्थिति निश्चित रूप से दर्ज करेंगें।

Date- 20.10.2022

| SL. N0 | NAME AND ADDRESS OF THE EMPLOYER | POST | NO OF VACANCIES | QUALIFICATION | AGE | SALARY | REMARKS | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | ARF DESIGN PVT. LTD., RANCHI | IC DESIGN | 30 | DIPLOMA IN ED/ELECTRICAL | 25 YRS | 10,000/- | 01.10,000/- PER MONTH DURING SIX MONTH TRAINING2.5 LAKH CTC AFTER SIX MONTH. | ALL ACROSS INDIA (IF NEEDED) |
| 02. | BEHIVE DESIGN PVT. LTD., RANCHI | ENGINEER | 20 | B.TECH (EEE/EE/ EC/CSE) B.SC (ELECTRONICS) M.SC (ELECTRONICS /PHYSICS/MATHEMATICS | UPTO 27 YRS | 2.5 LAKH P.A. | 01. 06 MONTHS TRAINING WITH RS. 10000/- STIPEND AFTERWARDS 2.5 LAKH P.A. 02. THERE WILL BE A BOND OF 3.5 YRS. 03. THE PASSING YEAR OF STUDENT SHOULD BE 2018/2019/2020/2021 AND2022. | RANCHI |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar. jharkhand.gov.in/www.ncs.gov.in पर 10:00 से 12:00 बजे तक अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्त्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा। रिक्तियों की संख्या घट/बढ़ सकती है। कोविड–19 हेतु निर्गत दिशा निर्देशों/SOP का दृढतापूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक है अतः सामाजिक दूरी का पालन, फेस मास्क, सेनिटाइजर एवं ग्लब्स इत्यादि का उपयोग करेंगें।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, रांची।

PR.NO.279832 Labour Employment and Traning(22-23):D

## सांप के काटने से युवक की मौत

**मनिका(लातेहार)।** मनिका प्रखंड के नामुदाग पंचायत के दुबजरवा गांव से उत्तर प्रदेश मजदूरी का काम करने 3 मजदूर गए हुए थे तीनों मजदूरों को बीते दिनों पूर्व रात्रि लगभग 10:00 बजे रूम में घुसकर किसी जंगली विषैले जंतु ने काट लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। लेकिन दूसरे दिन ही विष्णुदेव राम की मौत हो गई थी। मजदूर बलराम राम को बेहतर इलाज के लिए रिम्स इलाज करवाया जा रहा था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मजदूर कृष्णा राम की हालत में सुधार हुई और उसकी जान बच गई। मजदूर बलराम राम के मौत के बाद उसके परिवार वालों ने एंबुलेंस के माध्यम से शव को आवास स्थान दूबजरवा लाया। घटना की सूचना पाकर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, जिप सदस्य बलवंत सिंह, शिक्षक संतोष कुमार, समेत कई अन्य प्रतिनिधि मृतक के घर पहुंचे और परिवार वालों को सांत्वना दिया। मौके पर जिप सदस्य ने कहा कि मैं हर संभव मृतक के परिजनों को सरकार द्वारा मिलने वाली प्रोत्साहन राशि और सारी सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रयास करूंगा।

### जय मां दुर्गा पूजा समिति थाना परिसर के बैनर तले भव्य भक्ति जागरण का आयोजन

# ‘गंगा जी नहाइबो ऐ मैया जलवा ले आइबो’ गीत पर जमकर झूमे भक्त

**वहीं बाहर से पहुंचे प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भजनों पर श्रोतागण झूमते रहे**



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** शहर के थाना चौक निकट स्थित आईसीआईसीआई बैंक के समीप मंगलवार की रात जय मां दुर्गा पूजा समिति थाना परिसर के बैनर तले भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल हुए हजारों भक्तों ने देर रात तक भक्ति गीतों का रसपान किया। वहीं बाहर से पहुंचे प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भजनों पर श्रोतागण झूमते रहे। उपस्थित बतौर अतिथियों में समिति के संरक्षकों में मनीष साहू, नवन किशोर प्रसाद, चंद्रकिशोर प्रसाद, कैलाश नाथ केशरी, राजीव रंजन प्रसाद, रितेश कुमार, वार्ड पार्षद दिनेश पांडेय, सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल उरांव, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा, महामंत्री मिथुन तमेड़ा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया। आगे भगवती की आरती पुरोहित हरिहर शास्त्री व आनंद पाठक द्वारा संयुक्त रूप से करते हुए उनकी आराधना की गयी। उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा अंगवस्त्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। मौके पर समिति संरक्षक मनीष साहू ने अपने संबोधन में कहा कि समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम से मुहल्लेवासियों सहित लोगों में भक्ति भावना को भी प्रगाढ़ करने में कारगर साबित होगी। आगे आयोजन की डोर पहुंचे कलाकारों को थमा दी गयी। जिसके साथ ही भजन संध्या की शुरूआत हुई। म्यूजिसिएन में कीबोर्ड पर दारा महंत, बेंजो पर पवन कुमार, नाल व हैंड सोनिक पर सुनील और ऑक्टोपैड पर प्रकाश राज ने अपना जलवा बिखेरा। इसके अलावा अलग अलग जगहों से पहुंचे संगीतकारों में स्थानीय संगीतकार मास्टर धनेश, धनबाद से सोनू, रांची से स्वीटी राज व बिहार से पहुंची खुशबू विश्वकर्मा ने अपने एक से बढ़कर भक्ति गीतों पर लोगों को खूब झूमाया। देर रात तक प्रस्तुत भजनों ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। गंगा जी नहाईबो ऐ मैय्या जलवा ले आईबो...., आज है जगराता माई का...., रोड में कावारियन के भीड़ लगल बा..., लाल मेरी ओ रखियो सदा झूलेलालन...., ये भगवा रंग..., जैसे एक से बढ़कर एक भजनों ने लोगों को सराबोर कर दिया। काच ही बांस के बहंगिया...जैसे पारंपरिक छठ गीत के साथ भजन संध्या पर विराम लगाया गया। मंच संचालन मृत्युंजय चौबे ने किया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष सुमित घोष, सचिव रोहित ओझा, सह सचिव हिमांशु केशरी सहित समस्त समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों का भरपुर सहयोग रहा।

## बालू लदे चार ट्रैक्टर को किया जब्त



**बालूमाथ।** बालूमाथ वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर छापामारी कर चार अवैध बालू से लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार बालूमाथ वन क्षेत्र पदाधिकारी राकेश कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि विभिन्न क्षेत्रों से अवैध बालू लदे ट्रैक्टर निकलने वाले हैं। जिसके आधार पर एक टीम गठित की गयी और बालूमाथ मुरपा मार्ग पर झारखंड ढाबा के पास छापामारी की गयी। जहां से दो ट्रैक्टर को जब्त किया गया वहीं दूसरी छापामारी थाना क्षेत्र के गढ़गोमा ग्राम में की गयी। जब्त वाहनों पर वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामले की छानबीन कर रही है। वहीं इस छापामारी अभियान के दौरान ट्रैक्टर चालक वन विभाग के कर्मियों को चकमा देकर भागने में सफल रहे। चार जब्त ट्रैक्टरों में तीन सोनालिका कंपनी की और एक महिंद्रा कंपनी की है। फिलहाल वन विभाग के कर्मी ट्रैक्टर मालिकों का नाम पता करने का प्रयास कर रहे हैं।

## यूथ जोड़ो, बूथ जोड़ो कार्यक्रम में पहुंचे मनिका विधायक



**लातेहार।** सदर प्रखंड के नावागढ़ पंचायत में बृहस्पतिवार को युवा जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम में पहुंचे मनिका विधायक रामचंद्र सिंह। इस दौरान इन्होंने युवा कांग्रेस के सभी साथियों से कांग्रेस पार्टी को और मजबूत करने की बात कही। ज्यादा से ज्यादा साथियों को कांग्रेस पार्टी में जोड़ने को कहा और राहुल गांधी के हाथ को मजबूत करने की बात कि। वहीं युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि माननीय विधायक जी के आने से युवाओं में जोश आया है हमलोग पूरी ताकत से इसमें काम करेंगे। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिदानंद पांडेय, युवा प्रखंड अध्यक्ष साजिद अंसारी, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, सोशल मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी, युवा कांग्रेस सदस्य मंजीत यादव, धनंजय यादव, सुनिल प्रसाद, अख्तर अंसारी, वाजिद,मनोज पासवान सहित सैंकड़ो लोग मौजूद थे।

## जय मां काली पूजा समिति निगनी की बैठक



**लोहरदगा।** जय मां काली पूजा समिति निगनी नीचे टोली पूजा के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। जिसमें आजीवन संरक्षक डॉ टी साहू विशेष रूप से मौजूद थे। जिसमें पूजा समिति के अध्यक्ष राजेश साहू, सचिव नीरज साहू तथा कोषाध्यक्ष नरेश साहू एवं सदस्य और ग्रामीण उपस्थित थे। इस बार काली पूजा एवं दीपावली धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया तथा मां काली पूजा का भव्य मंदिर निर्माण के विषय में चर्चा किया गया तथा नागपुरी प्रोग्राम दिनांक 25 अक्टूबर समय 1:00 दिन से रात्रि 10:00 बजे तक बगड़ू बैंक ऑफ इंडिया के सामने चलाया जाएगा। संरक्षक डॉ टी साहू ने बताया कि इस बार काली पूजा भव्य तरीके से मनाया जाएगा। मां काली पूजा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य के भागी बने। इस बैठक में उपस्थित गणमान्य व्यक्ति कृष्णा साहू, मुकेश प्रसाद साहू, रामसहाय साहू,दीपक साहू, राहुल कुमार साहू, नंदलाल साहू, रामविलास साहू, राजकुमार साहू, संदीप साहू, बजरंग साहू, लखन साहू, गौतम साहू, सुख साहू , विजय साहू , बलवीर कुमार देव, द्वारिका साहू, अमुज कुमार, अनुज कुमार, लकी साहू, श्याम साहू, हरीनाथ साहू, रंजीत साहू, पंकज साहू, तरुण कुमार, सरोज कुमार इत्यादि मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना, ट्रैफिक नियमों का पालन करें



**कैरो लोहरदगा।** गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित डॉ. अनुग्रह नारायण उच्च विधालय कैरो में गुरुवार को एएसआई हरिओन्ध करमाली के द्वारा छात्र छात्राओं के बीच प्रश्नोउतरी के साथ विधालय ओर विधा की महत्व स्वस्थ्य स्वच्छ जीवन जीने सामाज को अपराध एवं भयमुक्त बनाने को लेकर विभिन्न आयामो पर चर्चा किया गया साथ ही सड़क दुर्घटना, ट्रैफिक नियमो का पालन करने से सबंधित जानकारी दिया गया।वंही हरिओन्ध करमाली ने कहा छात्र नशा पान जुवा जैसे कार्यो से दूर रहें। मौके पर विधालय के प्रधानध्यापक गणेश शास्त्री, शिक्षक राजेश साहू एवं शिक्षिका आदि उपस्थित थे।

## पेशरार के नये थाना प्रभारी बनाये गये मोहम्मद अख्तर अली



**लोहरदगा।** जिले के अति सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित पेशरार थाना के थाना प्रभारी सुजित सिंह का हुआ स्थानांतरण नये थाना प्रभारी बनाए गए मोहम्मद अख्तर अली। इधर पेशरार थाना के नव पदस्थापित थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि उग्रवाद और अपराध पर नकेल कसना होगी पहली प्राथमिकता। साथ ही क्षेत्र में अमन चैन बहाल कराने में क्षेत्र के लोगों से समन्वय स्थापित कर थाना क्षेत्र को जिले में बेहतर स्थान दिलाना प्राथमिकताओं में शामिल होगा।

## बैडमिंटन चैंपियनशिप चयन प्रतियोगिता आज

**लोहरदगा।** राज्य स्तरीय अंडर 11 एवं अंडर 13 बालक बालिका बैडमिंटन चैंपियनशिप सह चयन प्रतियोगिता 2022 का आयोजन जिला बैडमिंटन एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में 14 अक्टूबर से 16 अक्टूबर 2022 तक स्थानीय एमएलए कॉलेज लोहरदगा में आयोजित किया जाएगा। बैडमिंटन खेल का उद्घाटन डॉक्टर वाघमारे प्रसाद उपायुक्त लोहरदगा, आर रामकुमार पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा, प्रवीण कुमार सिंह पूर्व विधान पार्षद बिहार एवं डॉ गणेश प्रसाद अध्यक्ष आयोजन समिति करेंगे। राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता के बालक एकल, बालिका एकल, बालक डबल, बालिका डबल, मिक्स डबल सहित विभिन्न स्पधाओं में मेजबान लोहरदगा सहित बोकारो, देवघर, धनबाद, गढ़वा, गोड्डा, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, रांची, पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह इत्यादि जिले के खेलाड़ी भाग लेंगे। खेल प्रतियोगिता को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद, सचिव मलय दत्ता, उपाध्यक्ष मुरारी गोस्वामी, दुबराज यादव, दिनेश पांडेय, कोषाध्यक्ष नसीम अख्तर, संयुक्त सचिव गुलाम मुतुर्जा, उत्तम कुमार, सह सचिव गणेश पांडेय, नीरज खत्री, कार्यकारणी सदस्य शिवकुमार भगत, बिनोद उरांव, अरुण राम, सतीश चंद्र उरांव, प्रोफेसर स्नेह कुमार, रंजीत साहू, राहुल कुमार प्रवीण कुमार पटेल, राकेश शर्मा, राहुल साहू, अखिल कुजूर सहित लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

## मानदेय बढ़ाने को लेकर स्वास्थ्य सहिया की अध्यक्षता में हुई बैठक



**बरवाडीह।** बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सहिया संघ मानदेय बढ़ाने एवं अन्य सुविधाओं की मांगों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार मे गुरुवार को स्वास्थ्य सहिया लालमुनि देवी की अध्यक्षता मे की बैठक। इस दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई एवं अपनी मांगों को रखा। जिसमें सहिया को 18000 रुपए, सहिया साथी को 24000 रुपये, बीटीटी को 13200 रुपये, एसटीटी को 35000 रुपये मासिक मानदेय, सामाजिक सुरक्षा, दुर्घटना बीमा किया जाए दस लाख मुआवजा दिया जाए। साथ ही साथ रिटायरमेंट बेनिफिट के रूप में ₹500000 का भुगतान किया जाए। व इपीएफ एवं इएसआई का लाभ प्रदान किया जाए की मांग की गई।इस दौरान स्वास्थ्य सहिया लालमुनि देवी ने कहा मांगे पूरी नहीं होने पर संघ के द्वारा झारखंड सरकार प्रदेश सचिवालय का घेराव 14 अक्तूबर को किया जाएगा। बात नहीं बनी तो अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**बालूमाथ।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के आज दूसरे दिन जिले के सभी प्रखंडों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में लातेहार प्रखंड के परसही पंचायत, चंदवा प्रखड के सेरक पंचायत, बालूमाथ प्रखंड के धाधु पंचायत, मनिका प्रखंड के बंदुआ पंचायत, बरवाडीह प्रखंड के पोखरीकला पंचायत, गारू प्रखंड के मायापुर पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान संबंधित प्रखंडों में शिविर के माध्यम से नया किसान क्रेडिट कार्ड, वृद्धा पेंशन,विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, ई-श्रम पोर्टल नया पंजीकरण,लगान रसीद निर्गत,मनरेगा नया जॉब कार्ड,मनरेगा नए कार्य आबंटन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना,मुख्यमंत्री पशुधन योजना,मनरेगा अन्तर्गत नई योजनाओं की स्वीकृति,नया राशन कार्ड,राशन कार्ड में सुधार,म्यूटेशन,पेंशन शिकायतें,जाति और आय प्रमाण पत्र,झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत जनोपयोगी योजनाओं की स्वीकृति आदि से संबंधित आवेदन लिए गए। कार्यक्रम के दौरान जिला अंतर्गत संबंधित प्रखंडो, नगर निकाय के वार्डों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया है। इस दौरान ग्रीन राशन कार्ड निर्माण, सोना सबरन धोती – साड़ी योजना, फुलो झानों आर्शिवाद योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, ई श्रम पोर्टल पर श्रमिक निबंधन, जेएसएलपीएस द्वारा महिला समूह गठन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना आदि योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

## लातेहार फाइटर के उज्वल सिंह बने मैन ऑफ द मैच

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार प्रीमियर लीग के तीसरा मैच लातेहार जांबाज ताथा लातेहार रॉयल्स के बीच खेला गया। जहां लातेहार रॉयल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 5 विकेट खोकर 61 रन बनाए। जिसमें न्यूटन आनंद ने 19 , प्रभात सिंह 12 ताथा आनंद सिंह ने 12 रनो का योगदान दिया। वही लातेहार जांबाज की ओर से अकाश कुमार महतो 2 , लवकुश ताथा प्रीत ने एक एक विकेट चटकाए। लक्ष्य की पीछा करने उतरी लातेहार जांबाज ने 6 ओवर में ही बिना विकेट खोए 62 रन बनाकर मैच को जीत लिया जिसमें निशु कुमार यादव नाबाद 29 ताथा कुमार शानू ने नाबाद 21 रन का योगदान दिया। लातेहार रॉयल के किसी गेंदबाज को कोई विकेट नहीं मिला। मेन ऑफ द मैच अकाश कुमार महतो को चुना गया। मैच के अंपायर अजय कुमार साहू ताथा राकेश साहू थे जबकि स्कोरिंग शहील कुमार ने किया। वही दूसरा मैच लातेहार जांबाज ताथा लातेहार फाइटर के बीच खेला गया। जहां लातेहार फाइटर ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित ओवरों में 8 विकेट खोकर 58 रन ही बना सकी। जिसमें युवराज ताथा तौफीक ने 12-12 रन का योगदान दिया। लातेहार जांबाज की ओर से लवकुश 3 श्रवण ताथा विक्की ने एक एक विकेट चटकाए। लक्ष्य की पीछा करने उतरी जांबाज ने अपने निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर महज 47 रन ही बना सकी।

## डीसी ने प्रचार रथ को किया रवाना



**लोहरदगा।** डीसी द्वारा जिला जनसम्पर्क कार्यालय, लोहरदगा के दो प्रचार-रथ को आज सुदूरवर्ती क्षेत्रों के साथ-साथ सभी 66 पंचायतों के सभी गांवों में माईकिंग के जरिये प्रचार प्रसार और पंपलेट का वितरण हेतु समाहरणालय परिसर से रवाना किया गया। इन प्रचार रथों के जरिये लोहरदगा जिला के सभी सात प्रखण्डों के सभी 66 पंचायतों के सभी गांवों में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके सरकार के कार्यक्रम अंतर्गत लगनेवाले शिविर की जानकारी दी जायेगी। साथ ही, पम्पलेट का वितरण किया जायेगा। ज्ञात हो कि जिला में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व से जिला जनसम्पर्क कार्यायल, लोहरदगा द्वारा कार्यक्रम की जानकारी दी जा रही है और पम्पलेट का वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो समेत अन्य उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल, एक गंभीर, रेफर



**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के बरवाडीह मेदिनीनगर मुख्य पथ स्थित कुल्ही नाला के पास दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में मोटरसाइकिल में सवार तीनों लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल तीनों लोग स्थानीय बताए जा रहे हैं। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह दो मोटरसाइकिल सवार मुकेश कुमार एवम रोशन कुमार बरवाडी से कुटमु की ओर जा रहे थे वहीअजय कुमार कुटमू से बरवाडी की ओर आ रहे थे। जिसमें तीनों घटनास्थल पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना 108 के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को दी। जहां पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ आशीष रंजन, डॉ अनुपमा एक्का, ड्रेसर बबलू सिन्हा की मदद से सभी घायलों का इलाज किया गया। वहीं घटना की सूचना मिलने पर बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर दुर्घटना में क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को जब्त कर थाना परिसर में जमा किया है। वही इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दिया।

# ओमप्रकाश पांडेय को मिला 50 हजार रुपये का केसीसी ऋण

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड के अरेया पंचायत के निरहु खेल मैदान में आज आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें युवा किसान ओम प्रकाश पाण्डेय को 50 हजार रुपए का केसीसी ऋण मिला। ओम प्रकाश पाण्डेय वैसे तो किसान के रूप में काफी युवा हैं लेकिन किसान के रूप में अनुभवी हैं। ओम प्रकाश बताते हैं कि पूरा परिवार किसानी कार्य से जुड़ा है। मानसून के समय ओम प्रकाश पाण्डेय के सभी सदस्य मिलकर धान की खेती करते हैं। लेकिन अन्य मौसम में आलू, मटर आदि फसलों की खेती करते हैं जिससे काफी मुनाफा होता है। पूर्व में जब खेत में फसल लगाने के लिए पूंजी की आवश्यकता होती थी तो निजी बैंकों में 8.5 प्रतिशत से अधिक दर पर ऋण मिलता था। उससे काफी नुकसान होता था। माननीय मुख्यमंत्री के प्रयास से किसानों को काफी कम ब्याज पर ऋण दिया जा रहा है जो काफी सराहनीय हैं। इससे ना सिर्फ किसान अपने कृषि कार्य के लिए पूंजी प्राप्त कर सकता है बल्कि इससे अपनी आय भी बढ़ा सकता है।

**मटर की खेती के लिए लिया ऋण :** ओम प्रकाश ने बताया कि 50 हजार रुपए का केसीसी ऋण उन्होंने मटर की खेती के लिए लिया है। मटर के लिए खेत तैयार किया जा रहा है और तैयार होते ही वे इसमें मटर लगायेंगे। इससे होनेवाली आय को पुनः कृषि में लगायेंगे और ऋण समय से चुकायेंगे। ओम प्रकाश ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम झारखंड सरकार की बहुत ही सराहनीय पहल है। यह ऐसा कार्यक्रम है जहां ग्रामीणों के सुविधानुसार आवेदन प्राप्त कर त्वरित निष्पादन कर लोगों को लाभ पहुंचाया जा सकता है। ऐसे कार्यक्रम के लिए झारखंड सरकार को धन्यवाद कहा।

## खेल में रोजगार की असीम संभावनाएं: सुखदेव भगत

**लोहरदगा।** जय चाला बरवा टोली द्वारा आयोजित फुटबॉल टुनार्मेंट के समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुखदेव भगत थे।विशिष्ट अतिथि के रुप में कैरो प्रमुख श्रीराम उरांव कैरो एस.आई.बरमा उरांव ,मुखिया चंद्र मुनी उरांव, तेतरा उरांव ,सुरेंद्र लोहरा थे। समापन समारोह को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा की खेल में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं।विश्व का सबसे लोकप्रिय खेल फुटबॉल है और इस क्षेत्र में भी फुटबॉल सबसे लोकप्रिय है ।हमारे बीच बहुत ही प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं जिन्हें उचित प्लेटफार्म और सही दिशा देने की आवश्यकता है जिनके माध्यम से वे समाज और राज्य का नाम रौशन कर सकते हैं। नशापान से दूर रहकर शिक्षा और नियमित अभ्यास से हम अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं।

## मनिका प्रखंड कमेटी का विस्तार कर गठन करने का लिया गया निर्णय

**मनिका(लातेहार)।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के लोहिया भवन में दिन गुरुवार को भीम आर्मी एकता मिशन के बैनर तले. प्रमोद राम की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से भीम आर्मी एकता मिशन के लातेहार जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार उपस्थित रहे। बैठक में प्रखंड कमेटी विस्तार पर विशेष चर्चा किया गया। और सभी के सर्वसम्मति से कमेटी गठन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर अवधेश कुमार,मोहन कुमार रवि, तुलसी कुमार राम, कामेश्वर राम, मंदिप राम, अरविंद राम, बीरबल राम, मुंद्रिका राम, विमल उरांव, अखिलेश कुमार, संतोष कुमार, मुकेश राम, गोविंद राम, विजय राम, सुरेंद्र सिंह, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# मनरेगा की 18 योजनाओं का डीपीओ ने किया शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त, लोहरदगा के निदेश पर गुरुवार को किस्को प्रखंड के अरेया पंचायत के निरहु खेल मैदान में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में प्रखंड के वरीय प्रभारी के रूप में जिला योजना पदाधिकारी अरूण सिंह द्वारा मनरेगा के 18 योजनाओं का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पशुपालन विभाग, महिला, बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग की ओर से योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला आपूर्ति पदाधिकारी अमित बेसरा द्वारा हरा राशन कार्ड बनवाने के लिए विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, यह अपील की गई कि जो भी परिवार अब तक राशन कार्ड से अच्छादित नहीं हैं वे आवेदन कर सकते हैं। राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि कोई भी परिवार भूखा ना रहे। हर परिवार को अन्न उपलब्ध कराना है। श्री बेसरा द्वारा हिट एंड रन में मृत्यु होने पर सरकार की ओर से मुआवजा राशि की जानकारी दी गई। जिला योजना पदाधिकारी द्वारा जिला में एससीए मद से ली जा रही योजनाओं और विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रखण्ड में नियमित रूप से आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इन शिविरों में आप शामिल होकर सरकार की योजनाओं का लाभ अवश्य उठायें।


### परिसंपत्तियों का किया गया वितरण

**कार्यक्रम में परिसंपत्तियों का वितरण किया गया जिसमें सर्वप्रथम मनरेगा के तहत प्रति ग्राम 05-05 योजना का शुभारंभ किया गया। साथ ही 18 योजनाओं के स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 10 लाभुकों के बीच आवास पूर्णता पत्र एवं अंबेडकर आवास के 2 लाभुकों को स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। 100 वृद्धजनों के बीच कम्बल वितरण, 4 लाभुकों को केसीसी स्वीकृति पत्र, 8 लाभुकों के बीच धोती साड़ी का वितरण, पेंशन योजना के 24 लाभुकों को स्वीकृति पत्र एवं जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र इत्यादि का वितरण किया गया।**

## टाना भगतों को लेकर सर्च अभियान लगातार चलाया जा रहा है

**चंदवा।** चंदवा लातेहार जिला के अगल अलग प्रखंडो में लगातार सरकार के खिलाफ टाना भगत आंदोलन करते आ रहे थे। परंतु पहले हिंसक आंदोलन नही किया करते थे। कु छ दिनों से देखा जा रहा है। कि टाना भगत अपने विचारों से भटक गए है। 2020 में टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर बरकाकाना डाल्टेनगंज रेल खण्ड को लगतार दिन दिनों तक जाम कर दिया था। उस समय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से वार्ता के लिए बोल रहे थे। उसके कुछ महीनों बाद ही लातेहार समाहरणालय के सभी कार्यालय को बंद कर दिया साथ एसडीएम कार्यालय को भी बंद कर दिया गया।

## कुडू में सभी बैंक, पेट्रोल पंप, जेवर दुकानों में सीसीटीवी लगाने का निर्देश



**कुडू-लोहरदगा।** लोहरदगा एसपी आर कुमार के निर्देश पर कुडू थाना पुलिस ने गुरुवार 13 अक्टूबर को सभी बैंकों और पेट्रोल पंप, जेवर दुकान सहित अन्य प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की। थाना प्रभारी अविनव कुमार ने बताया कि खासकर बैंक प्रबंधन, पेट्रोल पंप संचालकों और जेवर दुकानदारों को सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त करने के साथ गार्ड रखने के निर्देश दिये गये हैं। आज झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, यूनियन बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, एस्टेट बैंक के अलार्म सिस्टम, सीसीटीवी, सुरक्षा गार्ड, इंटर-एग्जिट पांइट की बारीकी से जांच की गयी है।बैंक प्रबंधकों और पेट्रोल पंप संचालकों को अंदर तथा सामने एवं परिसर को कवर करते हुए कैमरे लगाने के निर्देश दिये गये। खासकर बैंक के सुरक्षाकर्मी को बैंक के मुख्य गेट पर ड्यूटी करने तथा बैंक के आसपास अनावश्यक खड़े संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखने को कहा गया है।

## नगर परिषद की ओर से वेंडिंग जोन में लगेगा दिवाली मेला



**आजीविका मिशन से जुड़ी समूह की महिलाएं अपने उत्पादों को बेचेंगी**

**17 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक प्रस्तावित है मेला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** इस बार नगर परिषद की ओर से अपने कार्यालय से जुड़े स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को प्लेटफार्म देने के लिए दिवाली के उपलक्ष में एक छोटे से मेले का आयोजन किया जा रहा है। जशपुर रोड स्थित दुर्गा मंदिर के पास बने वेंडिंग जोन में 17 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक इस प्रकार का मेला आयोजित किया जाएगा।

कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन से जुड़ीं स्वयं सहायता समूहों के द्वारा दीवाली पूजा से जुड़े उत्पादों की बिक्री के लिए स्टॉल लगाये जाएंगे। बताया कि अभी तक 19 स्वयं सहायता समूहों ने उक्त मेला में भाग लेने की रुचि जाहिर की है।

नगर मिशन प्रबंधक राहिल डुंगडुंग ने बताया कि अभी तक जिन एसएचजी समूहों ने स्टॉल में भाग लेने के लिए इच्छा जताई है उनके उत्पादों में मिट्टी के दीए, मिट्टी के बर्तन, खिलौने, मूड़ी, बताशा, खील, सजावट का सामान, रूई बत्ती, अगरबत्ती आदि शामिल हैं।

कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने शहर के लोगों से अपील की कि वे इस मेला में आकर दिवाली पूजा से जुड़े हुए सामान जरूर खरीदें और इस प्रकार स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के प्रयास को अपना प्रोत्साहन दें।

## सैन्दा की टीम बनी चार दिवसीय कैशमनी हॉकी टूर्नामेंट की विजेता



**सिसई (आजाद सिपाही)।** जैरा स्कूल मैदान में गुरुवार को एलेवन स्टार क्लब जैरा द्वारा आयोजित चार दिवसीय कैशमनी हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच एलेवन स्टार सैन्दा बनाम गुमला बैरसा के बीच खेला गया। टूर्नामेंट में कुल 90 टीम के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिसमें सैन्दा की टीम ने गुमला बैरसा की टीम को एक गोल से हराकर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। रेफरी की भूमिका बंधनु उरांव, सुरेश उरांव व कॉमेंटेटर की भूमिका आजाद लोलन कुजूर ने निभाई। मुख्य अतिथि विधायक जीगा सुसारण होरो व विशिष्ट अतिथि प्रमुख मीना देवी, बीडीओ सुनीला खलखो, सीओ अरुणिमा एक्का, थानेदार आदित्य कुमार, उपप्रमुख नीलेश उरांव जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी ने टूर्नामेंट की विजेता सैन्दा, उपविजेता गुमला बैरसा, तीसरे स्थान प्राप्त करने वाली टीम आताकोरा, चौथे स्थान पर सियांग, पांचवें स्थान पर पण्डरानी, छठे पर अक्रोम्बा, सातवें स्थान पर मोरगांव और आठवें स्थान पर रही खरतांगा की टीम को पुरष्कार देकर सम्मानित किया।

## सिसई में पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**सिसई (आजाद सिपाही)।** पिकअप वाहन व मोटरसाइकिल की सीधी भिड़ंत में बाइक सवार जीजा व साला की मौत हो गई। मृतकों की पहचान छारदा गांव निवासी सुखू उरांव (33) व भंडरा थाना क्षेत्र के गडरोपो चेराटोली गांव निवासी सुनील उरांव (20) के रूप में हुई है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाईक व पिकअप वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनील उरांव बुधवार को अपनी बाइक जेएच 01ई सी 8754 से छारदा निवासी अपने जीजा सुखु उरांव के घर आया हुआ था। वह करीब 5 बजे जीजा सुखु को बाइक से लेकर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान छारदा कॉल भेंडरा डीपा के समीप विपरीत दिशा से आ रहे जेएच 01सी डी पिकअप वाहन से सीधी टक्कर हो गई। मौके पर से पिकअप चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना के बावत मृतक सुखु उरांव की पत्नी बांदो देवी ने वाहन, वाहन चालक व मालिक के विरुद्ध लापरवाही का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है।

**कार्यक्रम :** पालकोट प्रखंड की बघिमा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उपायुक्त हुए शामिल

# मुख्यमंत्री ने पंचायत के लाभुकों के साथ किया सीधा संवाद

**मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन वीडियो कॉल के माध्यम से पंचायत में लगे स्टॉल का लिया जायजा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला/पालकोट।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बघिमा गांव के लाभुकों से ऑनलाईन संवाद किया। वे आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत राज्य के सभी जिलों के उपायुक्तों से ऑनलाइन वीडियो कॉल पर संवाद कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पंचायतों में लगे शिविर में आये लाभुकों से भी बातचीत करते हुए उन्हें मिल रही योजनाओं के लाभ से संबंधित जानकारी ली। गुरुवर को गुमला जिला अंतर्गत पालकोट प्रखंड स्थित पंचायत सचिवालय बघिमा में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर लगाया गया था। उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव ने जिले के विभिन्न प्रखंडों में लगाए जा रहे कैंप के विषय में मुख्यमंत्री को जानकारी दी।

मुख्यमंत्री सीधा संवाद कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सावित्री बाई फूलो किशोरी योजना से लाभान्वित लाभुक तथा पशुधन विकास योजना के लाभुक से सीधा संवाद किया एवं उनके द्वारा योजना से हुए लाभ तथा उन योजनाओं से उनके जीवन में क्या बदलाव आए उसके विषय में जाना। मुख्यमंत्री ने अन्य योजनाओं से भी लाभुकों को अच्छादित करने का निर्देश उपायुक्त मोहोदय को दिया एवं प्रतिदिन इस प्रकार के शिविर का आयोजन करते हुए अधिक से अधिक लाभुकों को योजनाओं से जोड़ने की बात कही।

कार्यक्रम में उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव, उप विकास आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद, प्रखंड विकास पदाधिकारी पालकोट, डीआईओ एनआईसी, प्रखंड प्रमुख पालकोट, पंचायत मुखिया की उपस्थिति रही।



### उपायुक्त ने किया स्टॉल का निरीक्षण

सीएम संवाद कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात उपायुक्त सुशांत गौरव ने बघिमा पंचायत परिसर में लगे शिविर का दौरा किया। साथ ही उन्होंने इस शिविर में आये आमजनों से भी मुलाकात की। उपायुक्त ने आये आम जनों के आवेदनों को भी देखा एवं उन्हें जल्द से जल्द योजना का लाभ देने का निर्देश दिया। बघिमा पंचायत में लगे शिविर में पांच घंटे तक उपायुक्त की उपस्थिति रही।

## बाइक सवार अपराधियों ने दवा कंपनी के दो कर्मियों से की लूटपाट व मारपीट

**लूटपाट की घटना में भंडरा तेतर कोका निवासी जाहिद हुसैन घायल हो गए**

**अपराधियों ने दो मोबाइल और एक बैग जिसमें पांच हजार रुपये थे लूट लिये**

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** थाना क्षेत्र के देवाकी बाबा धाम पुल के समीप दिनदहाड़े मोटरसाइकिल पर सवार दो अपराधियों ने डेयजॉय आयुर्वेद दवा कंपनी में काम करने वाले स्कूटी सवार दो व्यक्तियों को रोककर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। साथ ही दोनों व्यक्तियों से मारपीट भी की। घटना गुरुवार की सुबह साढ़े आठ बजे की बतायी जा रही है। घटना में भंडरा तेतर कोका निवासी जाहिद हुसैन घायल हो गए। घायल अवस्था में दोनों स्कूटी सवार चांदनी चौक पहुंचे, जहां पुलिस को देख कर सारी घटना की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा भिजवाकर इलाज कराया।

घटना के बाबत जाहिद हुसैन ने बताया कि वह अपने मित्र गुलाम रब्बानी के साथ आयुर्वेद कंपनी में काम करता है। दोनों आज लोहरदगा से महुआडांड़ स्कूटी पर सवार होकर जा रहे थे। इसी बीच बाबा धाम पुल के समीप मोटरसाइकिल सवार दो अपराधियों ने गाड़ी रुकवाया और मारपीट करने लगे। साथ ही कहा कि मोबाइल और पैसे दो अन्यथा मार डालेंगे। हथियार निकालने की बात भी कर रहा था। इस बीच हाथापाई भी हुई।

अपराधियों द्वारा दो मोबाइल और मेरे मित्र का बैग जिसमें पांच हजार रुपये भी थे। उसे लेकर अपराधी भाग निकले। इधर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है और अपराधियों के खिलाफ छापेमारी अभियान चला रही है।

## मनमाना गाड़ी भाड़ा वसूली पर रोक लगाने की मांग

आजाद सिपाही संवाददात

**झानद नगर परिषद प्रभारी अजीत विश्वकर्मा ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन**

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल से जुड़े किसान मंच के प्रभारी आदित्य सिंह व झारखंड आंदोलनकारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के गुमला नगर परिषद प्रभारी अजीत विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर गुमला जिला में एक माह के अंदर 40 से 50 प्रतिशत भाड़े बढ़ोतरी तथा मनमाना गाड़ी भाड़ा वसूली पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन में नेताओं ने यह भी कहा है कि गुमला- सिसई होते हुए रांची का भाड़ा अगस्त 2022 में मात्र 90 रु. था लेकिन डीजल में महंगाई का हवाला देते हुए बस मालिकों द्वारा करीब एक माह से 90 रुपैये से भाड़े में बढ़ोतरी करते हुए 140 रु. वसूली जा रही है। यह हाल पूरे गुमला जिला के सड़कों व इलाके का है, जहां बगैर रोकटोक बस व अन्य वाहनों द्वारा भाड़े की वसूली की जा रही है जिससे गरीब व आम लोग बुरी तरह प्रभावित हैं। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि उपायुक्त इस पर तुरंत पहल करते हुए डीजल में हुई मूल्यवृद्धि के अनुपात में बस गाड़ी सहित अन्य वाहनों का उचित गाड़ी भाड़ा प्रति किलोमीटर के हिसाब से अविलंब राज्य सरकार व प्रशासन द्वारा तय किया जाना चाहिए। इस ज्वलंत समस्या को लेकर जनहित में झारखंड नवनिर्माण दल ने छठ पर्व के बाद सड़क पर उतरकर मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में आंदोलन व हड़ताल करने का भी रणनीति बनाई है, जिसकी सारी जवाबदेही सरकार की होगी ।

## पंसस को मारपीट कर घायल करने का आरोपी गिरफ्तार

**सिसई (आजाद सिपाही)।** सिसई पंचायत समिति सदस्य जाकीर अली से गाली गलौज, मारपीट कर पैर तोड़ने व जान से मारने की धमकी देने के आरोपी थाना क्षेत्र के सिसई बस्ती निवासी असफाक अंसारी को उसके घर से गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया गया। इस बावत थानेदार आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि इस मामले में जाकीर अली ने असफाक अंसारी सहित 7 नामजद व 15 अज्ञात लोगों के विरुद्ध गाली गलौज, मारपीट कर पैर तोड़ने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में बीते मंगलवार को केस दर्ज कराया है। बुधवार की रात्रि को असफाक अंसारी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## कुएं में डूबने से ग्रामीण की मौत

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत बंगरु पंचायत के लामदोन गांव में एक व्यक्ति का शव कुएं से बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार लामदोन गांव के रोपना उरांव (55) पिता बुधु उरांव कल अपने खेत में धान देखने गया था। उसी समय कुआं में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। जब सुबह खोजबिन की गई तो इस बाबत पता चला। मौके पर पहुंचकर एसआई राजेश कुमार शव को जब्त थाने ले आये।

## ऑटो की टक्कर से बाइक सवार चार लोग घायल

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बरगांव सोंगरा स्कूल के समीप ऑटो व बाइक की सीधी भिड़ंत में एक बाइक में सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों में घाघरा अरंगी बारोटोली निवासी बिसराम उरांव (40), उसकी पत्नी रन्थी उरांव, पुत्री पवन कुमारी (3) व प्रसाद उरांव ( 30) गंभीर रूप से घायल हो गए। बिसराम की जांघ व रन्थी देवी की हाथ टूट गयी है। प्रसाद को जबड़े में गंभीर चोट लगी है। वहीं पवन को भी गंभीर चोटें आयी हैं। सभी घायलों को सिसई रेफरल अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद गुमला रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी एक बाइक में सवार होकर घर से सिसई बाजार जा रहे थे। इसी क्रम में सोंगरा स्कूल के समीप दुर्घटना हो गई।

**खुलासा :** कच्चापाठ नव प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक ने सीआरपी देव कुमार साहू पर लगाया ठगी का आरोप

# विद्यालय भवन निर्माण के नाम पर सीआरपी ने जबरन ले लिया एक लाख रुपये

**चैनपुर में हुई मासिक गुरु गोष्ठी में इस मामले का खुलासा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** जिले के चैनपुर प्रखंड में सरकारी कर्मी व अनुबंधकर्मी इन दिनों सरकारी कार्यों का निर्वहन कम और ठेकेदारी का काम ज्यादा कर रहे हैं। इसी तरह का एक मामला चैनपुर प्रखंड के घोर नक्सल प्रभावित कच्चापाठ में सामने आया है।

मिली जानकारी के अनुसार संकुल साधन सेवी देव कुमार साहू के द्वारा कच्चापाठ नव प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक धनराज साय पैकरा से लगभग 10 वर्ष पूर्व निर्माणाधीन विद्यालय भवन को पूर्ण कराने के नाम पर डरा धमका कर व धोखे से एक लाख रुपये की ठगी कर ली गई। इस मामले का खुलासा चैनपुर में हुई मासिक गुरु गोष्ठी में हुआ। वहीं 10 साल बीत जाने के बाद भी आज तक विद्यालय ज्यों का त्यों है। पैसा लेने के बाद भी सीआरपी देव कुमार ने विद्यालय भवन निर्माण को अनदेखी कर पैसे को हजम कर गया। बच्चे मजबूरन दो कमरों के पुराने विद्यालय भवन में पढ़ने को मजबूर हैं। विद्यालय के पारा शिक्षक धनराज सिंह पैकरा पिछले 10 सालों से अपनी फरियाद के लिए सरकारी दफ्तरों का चक्कर लगा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय भवन निर्माण के लिए लगभग पांच लाख का फंड आया था। मैंने अपने स्तर से चार लाख खर्च कर विद्यालय की ढलाई तक का काम पूरा कर लिया था। जिसके बाद सीआरपी देव कुमार विद्यालय आकर मुझे डरा-धमका कर एक लाख रुपये की मांग की और कहा कि बाकी बचा पूरा काम मैं करा दूंगा। विभागीय अधिकारी होने के कारण मैंने भी एक लाख रुपए दे दिया। जिसके कई दिन बीत जाने के बाद भी उसके द्वारा भवन निर्माण में दिलचस्पी नहीं दिखाई गई। मैंने कई बार निर्माण कार्य शुरू करने के लिए कहा पर वह हमेशा टालमटोल करते गये। अब तक विद्यालय भवन निमार्णाधीन ही है। उन्होंने इसकी जानकारी विभागीय उच्च अधिकारियों को भी दी है।

मूलतः डुमरी प्रखंड के जयरागी निवासी देव कुमार साहू का एक पेट्रोल पंप चैनपुर के छतरपुर में संचालित है, वहीं जयरागी में भी एक निजी स्कूल संचालित है, जिसके कारण इनके द्वारा विद्यालय के पर्यवेक्षण के कार्य में कोई रुचि नहीं है। सरकारी मापदंडों को अनदेखी करते हुए अपने कर्तव्यों का जैसे तैसे निर्वहन कर रहे हैं।

यही हाल कमोबेश प्रखंड के सभी विभागों में है चाहे वह मनरेगा हो या फिर 14-15 फाइनेंस सभी जगह विभागीय कर्मी सरकारी कार्यों को कम और ठेकेदारी मैं अपना दिमाग खफा रहे हैं। जिससे विकास कार्य प्रभावित के साथ-साथ सही व्यक्ति तक उसका लाभ नहीं पहुंच पा रहा है। जिससे क्षेत्र के आम जनमानस काफी परेशान हैं।

### जांच में मामला सही पाया गया, सीआरपी को दो दिनों के अंदर रुपये वापस करने की दी गयी है चेतावनी : बीडीओ

मामले में चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह ने कहा कि मामले की जांच की गई, जिसमें पाया गया कि देव कुमार साहू के द्वारा शिक्षक से ठगी कर एक लाख रुपये लिया गया है। सीआरपी देव कुमार साहू को चेतावनी दी गयी है कि दो दिनों के अंदर राशि की वापसी करें अन्यथा प्राथमिकी दर्ज करते हुए संविदा समाप्त करने के लिए उपायुक्त गुमला व जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र प्रेषित किया जाएगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### जैरागी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में परिसंपत्तियों का वितरण



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** डुमरी प्रखंड के जैरागी पंचायत में आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में दंडाधिकारी सुशील खाखा, बीडीओ एकता वर्मा, सीओ शिवपूजन तिवारी, जेएसएलपीएस के बीपीएम अभिषेक मिश्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम के तहत जैरागी पंचायत में जेएसएलपीएस डुमरी की ओर से 03 सखी मंडल को सामुदायिक निवेश निधि राशि 1 लाख 50 हजार, 21 सखी मंडल को बैंक द्वारा क्रेडिट लिंकेज राशि 21 लाख का चेक साथ ही परिसंपतियों का वितरण किया गया। साथ ही फूलो झानो योजना के तहत 10 सदस्य का आवेदन जमा किया गया तथा पशुधन के तहत 15 लभुकों का चयन किया गया। मौके पर सीसी आशीष साहू, आईपीआरपी जयंती बारा सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### बिमरला पंचायत में बीडीओ-सीओ ने किया लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बिमरला पंचायत के हाई स्कूल मैदान में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। शिविर में सभी विभागों के स्टॉल लगाये गये थे, जिसमें ग्रामीणों ने आवेदनों को जमा किया। वृद्धा-विधवा पेंशन योजना की स्वीकृति मौके पर ही प्रदान कर दी गयी और पीपीओ सर्टिफिकेट का भी वितरण कर दिया गया। वहीं टाना भक्तों ने भी अपनी समस्या रखते हुए कई मांगों को लेकर आवेदन दिया। कार्यक्रम में बीडीओ एवं सीओ घाघरा के द्वारा 20 लाभुकों के बीच कंबल, 14 लोगों को पीपीओ, 5 लाभुकों के बीच नया जॉब कार्ड एवं जेएलपीएस के ज्योति महिला मंडल को 6 लाख का लोन (सीसीएल) का वितरण किया गया। मौके पर बीडीओ विष्णु देव कच्छप, सीओ प्रणव ऋतुराज, सीडीपीओ अनुपमा मिंज, पशुपालन पदाधिकारी सीमा कुमारी, कृषि पदाधिकारी विनोदानंद पाठक, स्वास्थ्य बीटीटी बबीता कुमारी, आवास कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार सहित कई विभाग के पदाधिकारी कर्मी, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, सहिया उपस्थित थे।

### लकेया पंचायत में कुल 432 आवेदन जमा हुए, कई लाभुकों की समस्याओं का हुआ समाधान



**सिसई (आजाद सिपाही)।** सिसई प्रखंड के लकेया पंचायत में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन लकेया मध्य विद्यालय के प्रांगण में गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के सभी विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों से आवेदन लिये गये। इस दौरान पीडीएस के तहत 20, सामाजिक सुरक्षा 5, पेयजल एवं स्वच्छता 23, आजिविका 19, स्वास्थ्य व पोषण 178, कृषि 86, श्रम 40, आवास 50, ऊर्जा 11 सहित कुल 432 लोगों का आवेदन प्राप्त हुआ। वहीं आईएएस प्रोबेशनर की मौजूदगी में आवास योजना के 2 लाभुकों को स्वीकृति पत्र, फुलो झांझो के तहत 3 महिलाओं को 50-50 हजार का ऋण, 5 महिला समूहों को 10 लाख का सीसीएल, दो वृद्ध असहाय महिला को आकस्मिक खाद्यान्न कोष से 10-10 केजी चावल, दिव्यांग लाभुक को ऑन द स्पॉट पेंशन स्वीकृति व पीपीओ वितरित किया गया। मौके पर बीडीओ सुनीला खलखो, सीओ अरुणिमा एक्का, उप प्रमुख निलेश उरांव, प्रभारी बीपीआरओ संतोष भगत, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी अजय साहू, मुखिया सुगिया देवी, पूर्व उप प्रमुख दीपक अधिकारी, पूर्व पंसस बैबुल अंसारी सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### गुरदरी एवं निरासी पंचायत में ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन जमा किये



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गुरदरी पंचायत स्थित आदिम जनजाति बहुल कुजाम पाठ में बुधवार को एवं निरासी पंचायत के बोरहा गांव में गुरुवार को प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर आईटीडीए डायरेक्टर गुमला ने कहा कि निसंकोच अपनी समस्याओं को रखें अभिलंब समाधान का हर संभव प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में बीडीओ छंदा भट्टाचार्य द्वारा सरकार द्वारा संचालित सभी जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई और यह भी बताया गया कि कैसे लोगों को यह योजना का लाभ मिलेगा और लाभ लेने की प्रक्रिया क्या है। इस अवसर पर धोती साड़ी कंबल का वितरण किया गया। मौके पर खाद्य आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा, कल्याण विभाग, कृषि विभाग, मनरेगा, 15 वित्त आयोग सहित अन्य विभागों में ग्रामीणों के द्वारा आवेदन दिए गए। शिविर में जितेंद्र भगत, सतीश कुमार, संदीप कुमार, गणेश महतो सहित विभागों के कर्मी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### बसिया प्रखंड कांग्रेस कमेटी का गठन

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक बसिया प्रभारी मुरली प्रसाद की अध्यक्षता में कोनबीर स्थित किसान भवन में हुई। जिसमें प्रखंड कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया। प्रखंड कमेटी में अध्यक्ष विकास साहू, उपाध्यक्ष जीवन मसीह बरला, मकिसमा टोप्पो, ओरयानी बाड़ा, बैजू मिंज, मुमताज खान, महासचिव केले उरांव, रामरतन भगत, मरियम बेग, भोला बैठा, ज्ञान प्रकाश लकड़ा, पीताम्बर गोप, देव साहू, भीमसेन्ट बाड़ा, तेजपाल उरांव, तारा उरांव, सचिव सहदेव राम, कपिल इंदवार, कृपा कुल्लू, चिमन उरांव, रतिया खड़िया, मुन्नी संगीता उरांव, प्रेमप्रकाश उरांव, निरोज टेटे, जॉन बागे, जयमंगल उरांव, कोषाध्यक्ष पीटर मिंज का चयन किया गया। इसके अलावे आमंत्रित सदस्यों में दोरोथिया सोरेंग, इलीशिबा डुंगडुंग, चामा राम, बिजय पाहन, प्रमोद देवघरिया, दिनेश साहू, तरुण गोप, बदरुद्दीन मियां, अभय चौधरी, चैतु उरांव, जगदेव नायक, मुंतजिर खान, गौरीशंकर चौधरी, ज्योति लकड़ा, रोशन बरवा, सुशील होता, कार्तिक भगत आदि शामिल हैं। मौके पर बसंत गुप्ता, अभय चौधरी, जगदेव नायक आदि उपस्थित थे।

## दो बाइक की जोरदार टक्कर में दो युवक की मौत

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला-हैदरनगर मुख्य पथ के दातानागर के समीप गुरुवार को दोपहर करीब तीन बजे दो बाइक की आमने सामने की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में हैदरनगर थाना क्षेत्र के सिमरसोत गांव निवासी चंदन शर्मा व मोहम्दगंज थाना क्षेत्र के सहार बिहरा गांव निवासी सूरज कुमार के नाम शामिल है, स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना हुसैनाबाद पुलिस को दी, सूचना मिलते ही पुलिक उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की सहयोग से दोनों घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल में पहुंचाया, चिकिसकों ने दोनों की प्राथमिकी उपचार के बाद चंदन शर्मा व सूरज कुमार की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया।मेदिनीनगर ले जाने के क्रम में दोनो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया।

# जेजेएमपी उग्रवादी रवींद्र पासवान उर्फ डीजीएम गिरफ्तार




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद पुलिस ने आर्म्स एक्ट के अभियुक्त रविंद्र पासवान उर्फ डीजीएम को गुरुवार दोपहर हुसैनाबाद के पचंबा गांव के समीप से गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने बताया कि हुसैनाबाद कांड संख्या 241/ 21 दिनांक 18/ 09/2021 धारा 385, 387, 34 भारतीय दंड विधान एवं 17 सीएलए के अप्राथमिकी अभियुक्त रविंद्र पासवान उर्फ डीजीएम जो जेजेएमएपी उग्रवादी संगठन के सदस्य हैं। वह हुसैनाबाद एवं हैदरनगर थाना क्षेत्र में जेजेएमपी का डर दिखाकर लेवी वसूलने का काम करता हैं। जिससे क्षेत्र में उनके नाम का काफी दहशत फैला हुआ है। गुरुवार को वरीय पुलिस पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली कि रविंद्र पासवान उर्फ डीजीएम अपने गांव हैदरनगर के बनाही से हुसैनाबाद की तरफ जाने वाला है। वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार तत्काल एक टीम का गठन किया गया। जिसमें हुसैनाबाद थाना के पदाधिकारी, सशस्त्र बल एवं एसएसबी के पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल शामिल थे। टीम के द्वारा अप्राथमिकी अभियुक्त पचंबा गांव के पास से गिरफ्तार किया गया। इनके खिलाफ हैदरनगर थाना कांड संख्या 34/15 , थाना कांड संख्या 11/17 हैदरनगर थाना कांड संख्या 77/19 हैदरनगर थाना कांड संख्या 83 /19 एवं हुसैनाबाद थाना कांड संख्या 241/ 22 दर्ज है। थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने बताया कि रविंद्र पासवान उर्फ डीजीएम पर हुसैनाबाद एवं हैदरनगर थाना में आधा दर्जन अपराधिक व आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं। हुसैनाबाद में 241/22 में रविंद्र पासवान उर्फ डीजीएम अप्राथमिकि अभियुक्त है। उन्होंने बताया कि लोगों को डरा धमका कर लेवी वसूल करना इसका धंधा बन गया है। उन्होंने कहा कि उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गठित टीम में हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगरनाथ धान, एसएसबी कला पहाड़ के पुलिस पदाधिकारी एसआई लोकेश कुमार, पुअनि सौरभ कुमार, सोम प्रकाश के अलावा टंडवा पुलिस व जवान शामिल थे।

## छठ महापर्व पर पटना से संतरागाछी के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन, गुजरेगी डालटनगंज होकर




**पलामू (आजाद सिपाही)।** संतरागाछी से पटना के लिए छठ स्पेशल ट्रेन चलेगी. इस ट्रेन में 22 कोच होंगे. इसकी अधिसूचना रेलवे ने जारी कर दी है. यह ट्रेन वाया डालटनगंज होकर एक दिन के लिए चलेगी. वही पटना से भी संतरागाछी के लिए यह ट्रेन 1 दिन के लिए चलेगी. इस ट्रेन का क्रमांक रेलवे ने 8109 अप निर्धारित किया है. वहीं डाउन ट्रेन का क्रमांक 8110 है. इस ट्रेन को छठ स्पेशल के नाम से रेलवे ने चलाने का निर्णय लिया. यह ट्रेन 28 अक्टूबर को संतरागाछी से पटना के लिए चलेगी. पटना यह ट्रेन सवेरे 10.30 बजे पहुंचेगी. वही 29 अक्टूबर को यह ट्रेन वापस पटना से संतरागाछी के लिए आएगी. इसके रास्ते में टाटा, मूरी, लातेहार, बरवाडीह, डालटनगंज, गया आदि स्टेशन आएंगे. डालटनगंज में यह ट्रेन रात्रि 2.50 पर आएगी. यहां इसका ठहराव 2 मिनट का होगा. वापसी में यह ट्रेन डालटनगंज सवेरे 5 बज कर 15 मिनट पर आएगी और 5.17 बजे प्रस्थान कर जाएगी. 30 को संतरागाछी पहुंचेगी. इसका समय 4.20 बजे है. इस टेज्न के चलने से छठव्रतियों को बड़ी राहत होगी.

## जल्द ही शुरू होगा आंदोलन : आप

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** प्रदेश सरकार राज्य के छात्रों और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। यह बातें गुरुवार को आप के प्रदेश प्रवक्ता ओंकारनाथ जायसवाल ने कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को आवास, जाति और आय प्रमाण पत्र तत्काल निर्गत करने का वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए। जायसवाल ने कहा कि 22 दिनों से राजस्व कर्मचारी के हड़ताल मे रहने से ऑनलाइन सबमिट किये गए प्रमाण पत्र का आवेदन लंबित पड़ा हुआ है। जिससे सभी छात्र और बेरोजगार युवक परेशान है। उनका न तो कहीं नामांकन हो रहा है और न ही नौकरी का आवेदन कर पा रहे हैं। राज्य सरकार से इसपर तत्काल उपाय करे नहीं तो पार्टी चुप नही रहेगी। जल्द ही आंदोलन की शुरूआत की जाएगी।

## एल्बेंडाजोल दवा के प्रभाव को जानने पहुंची केंद्रीय टीम



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र, भारत सरकार के डॉ प्रतीक कुमार सिंह, डॉ अवनीन्द्र द्विवेदी व अन्य की टीम के द्वारा हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मध्य विद्यालय, बालिका मध्य विद्यालय और कस्तूरबा विद्यालय में बच्चों में अल्बेंडेजोल की दवा के प्रभाव को लेकर गुरुवार को विजिट किया,इस दौरान केंद्रीय टीम के चिकित्सकों के द्वारा लगभग 150 बच्चों को सैंपल का कंटेनर दिया गया, उस कंटेनर में बच्चे कल अपना सैंपल लायेंगे, जिनका जांच केंद्रीय टीम के द्वारा आज अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में की जाएगी, साथ ही टीम के डॉ अवनीन्द्र द्विवेदी ने विद्यार्थियों को कृमि रोग के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी, टीम के साथ डॉ प्रतीक सिंह, डॉ अवनीन्द्र द्विवेदी, श्री वेंकट, श्री एल राम एवं अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार गुप्ता, संगीता कुमारी ए एन एम और अमित कुमार उपस्थित थे।

## महिला 10 दिनों से लापता, गुमशुदगी का सन्हा हुआ दर्ज



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)** थाना क्षेत्र के झरहा गांव निवासी संजय कुमार सिंह की 30 वर्षीय पत्नी नेहा देवी पिछले दस दिनों से लापता है। इस संबंध में संजय कुमार सिंह ने हुसैनाबाद थाना में लापता होने से संबंधित सन्हा दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि वह 3 अक्टूबर से ही अचानक गायब हो गई। अपने रीश्तेदारों सहित आसपास के गांवों में खोजबीन की। परंतु कुछ पता नहीं चल सका है। जबकि उसके दो बच्चे भी हैं। एक बच्चा सात वर्ष और दूसरा चार वर्ष का है,जो दोनों घर पर ही है। हुसैनाबाद थाना में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वह मानसिक रोग से ग्रसित है। उधर हुसैनाबाद इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने बताया कि वितंतु संवाद के द्वारा सभी थाना को अवगत करा दिया गया है। साथ ही पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## शहर के वार्ड-12 में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के निर्देश पर हुसैनाबाद शहर के वार्ड 1 व 12 के लोगों के लिए शहर के हरिहर चौक के समीप वार्ड भवन परिसर में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार ,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।शहर वार्ड भवन में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत नगर अध्यक्ष शशि कुमार,कार्यपालक पदाधिकारी मोहम्मद परवेज, उपाध्यक्ष ग्यासुसुदीन सिद्दीकी,वार्ड पार्षद अखिलेश यादव,उमा देवी आदि ने दीपप्रज्वलन कर किया।कार्यक्रम के दौरान जनवितरण ,पेंशन समेत सरकार द्वारा संचालित कई योजनाएं से जुड़े मामले आये जिनका निष्पादन किया गया। मौके पर नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा की इस कार्यक्रम के माध्यम से शहर के लोगो को कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करना है और हर व्यक्ति को इन योजनाओं से जोड़ कर इसका लाभ सुनिश्चित कराना है।कार्यक्रम को सफल बनाने में आप सबो का सहयोग जरूरी है।मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी मोहम्मद परवेज ने कहा कि सरकार जनसमस्याओं के समाधान के लिए संकल्पित है।आम जनता को भी अपने हक अधिकार के लिए जागरूक होकर लाभ लेने की जरूरत है।मौके पर मुख्य रूप से नगर प्रबंधक नजीबुल्ला अंसारी,लेखापाल रविकांत पटेल ,सुदामा चौहान,संजीत कुमार,समेत कई विभाग के कर्मी व ग्रामीण जनता मौजूद थे।

## पलामू एनएच-98 पर कंटेनर ने साइकिल सवार को कुचला



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** छतरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 98 पर बैरियाडीह मोड़ के पास गुरुवार को एक अज्ञात कंटेनर ने साइकिल सवार को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान बारा गांव के प्रवेश प्रजापति के रूप में हुई है। वह राज मिस्त्री का काम करने साइकिल से बैरियाडीह जा रहा था इस बीच तेज रफ्तार कंटेनर उसे कुचलते हुए निकल गया। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी ।घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने हाइवे पर जाम गया दिया, जिससे यातायात बाधित हो गया। पुलिस मौके पर पहुंच कर लोगों को समझाने का प्रयास कर रही है। थाना प्रभारी के अनुसार इस मार्ग पर बड़ी गाड़ियां काफी तेज रफ्तार से चलती हैं। इस तरह की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज गति से जाने वाले बड़े वाहनों पर आखिर लगाम लगाएगा कौन जबकि इस एनएच के किनारे छत्तरपुर अनुमंडल बसा हुआ है।

## हेमंत सरकार की लोककल्याण नीति को सफल बनाना हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी : दीपक



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का लक्ष्य पूरा करने की जिम्मेदारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के हरेक कार्यकर्ता की है। जिसके लिए प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आम आवाम को शिविर तक पहुंचाना एवं उनके जरूरतों के हिसाब से संबंधित कर्मचारी तक पहुंचाना होगा। ये आह्वान किया है कार्यक्रम के पांकी प्रभारी दीपक तिवारी ने। जब पांकी के आसेहार पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पांकी प्रभारी दीपक तिवारी दर्जनों कार्यकर्ता के साथ शामिल होकर परिसंपत्तियों का वितरण भी किया एवं शिविर का निरीक्षण भी किया। इस दौरान कहीं छाया में कहीं शिविर से दूर बैठे वृद्ध असहाय के पास जाकर उनसे समस्या जाना एवं उन्हें उचित लाभ दिलाने के लिए झामुमो कार्यकताओं को साथ ले जाकर लाभ दिलाने के लिए निर्देशित किया। इतना ही नहीं सभी बुजुर्ग को धोती-साड़ी का वितरण भी करवाया। मुख्य रूप से सेवादार दीपक ने राजस्व विभाग के स्टाल पर पहुंच जायजा लिया और जमीन संबंधित दस्तावेजों को जांच कर न्याय देने की हिदायत दी। मौके पर पांकी प्रभारी दीपक तिवारी ने बीडीओ सह सीओ निर्भय कुमार यादव की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए खानापूर्ति से बचने के लिए कमीयों को नसीहत दी। इस दौरान दीपक तिवारी ने बताया कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार गरीब, दलित, पिछड़ों, असहायों की सरकार है। शिविर में उमड़ता भीड़ बताने के लिए काफी है कि वंचितों को लेकर सरकार की मुहिम कारगर है, जिसे सफल बनाने के लिए प्रशासन के भरोसे छोड़ने के बजाय हरेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक की जिम्मेदारी है। जननेता हेमंत सोरेन की झामुमो कार्यकताओं की सेना सहभागिता सुनिश्चित कर वास्तविक लाभूकों को हक दिलाएगी। मौके पर उपाध्यक्ष गुलाम अली, पंचायत अध्यक्ष बसंत राम, राकेश तिवारी, परवेज अख्तर, रशीद खलीफा,रहीम अंसारी, राजदेव राम, सुरेंद्र राम, विजय भूंइया,नागेंद्र भूईंया, कुबेद अली, जोगेंद्र कुमार, संतोष राम,राजेंद्र यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लोगों को जोड़ना हमारा उद्देश्य : राजू मेहता




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के निर्देश पर हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी कला पंचायत के सचिवालय परिसर में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार , आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में तकरीबन 325 से अधिक आवेदन लिए गए।जिसमे अधिकतर जनवितरण से सम्बंधित मामले आये।इसके अलावे पेंशन से जुड़े मामले का निष्पादन किया गया।कार्यक्रम के दौरान कंबल व सोना सोबरन योजना अंतर्गत धोती साड़ी का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिप सदस्य राजू मेहता ने कहा कि सरकार आपके दरवाजे पर पहुँचकर आपकी समस्याओं का समाधान कर रही है।उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जागरूक होकर ल लेने की जरूरत है।मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, अंचलाधिकारी नंद कुमार राम,मुखिया मनोज भारती,बीपीएम बीरेंद्र कुमार ,पंचायत सेवक वशिष्ठ तिवारी व कई विभाग के कर्मी समेत काफी संख्या में ग्रामीण जनता मौजूद थे।

## हरिहरगंज में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर में गुरुवार को पूर्व नियोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में वार्ड नंबर 1 से 4 तक के लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने क्रमवार पंजीकरण कराने के बाद ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त किया। हरिहरगंज नगर पंचायत शिविर में बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण ने कहा कि शिविर में विभिन्न योजनाओं के संबंधित आवेदन लिए गए हैं। कुछ मामलों का निष्पादन शिविर में तत्काल किया गया। उन्होंने कहा कि अधिकतर आवेदन सर्वजन पेंशन, योजना बाल विकास, सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना,शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदन प्राप्त हुए हैं। केसीसी के लिए भी किसानों ने आवेदन दिया है। इस शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने भी मौसमी रोगों के बचाव के लिए दवा वितरण किया। इसके अलावे पीडीएस, सर्वजन पेंशन योजना के लाभ से वंचित योग्य लोगो ने आवेदन दिया है। मौके पर सिटी मैनेजर अजमल हुसैन, सीएलटीसी संजय राणा, समाजसेवी कमलेश कुमार यादव,मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, युवा नेता संतोष प्रजापति, विनोद पासवान, अंचल प्रधान सहायक अनिल कुमार सिंह, मनोज मेहता, शंभू यादव, अवधेश मेहता, आंगनबाड़ी प्रवेशिका सुमित्रा कुमारी, सीओ विचित्रा कुमारी, अलीम अंसारी, सरजू बैगा सहित कई विभाग के कर्मी शामिल थे।

## पलामू के खुराकला में सरकार आपके द्वार शिविर में आये 550 आवेदन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को चैनपुर के खुराकला में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 550 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें अधिकांश का ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। शिविर का उद्घाटन जिले की उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज व प्रशिक्षु आईएएस श्रीकांत विसपुते ने दीप प्रज्वलन कर किया। मौके पर उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज ने ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत हजारों छात्राओं को जोड़ा जाना है। इस योजना का लाभ आठवीं से बारहवीं तक के छात्राओं को दिया जाएगा। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लक्ष्य बच्चों को शिक्षा देने पर जोर देना, बाल विवाह प्रथा का अंत करना और महिलाओं को सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत कई किस्तों में बच्चियों को कुल 40 हजार रुपये की राशि प्रदान की। मौके पर पांच महिलाओं के गोद भराई की गयी एवं कई बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया। शिविर में 8 महिलाओं को लाभान्वित किया गया। साथ ही सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना के तहत चार छात्राओं को लाभान्वित किया गया।

## एसआरएम चित्रांश आइटीआइ संस्थान में 15 को रोजगार मेले का आयोजन



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** एसआरएम चित्रांश आईटीआई संस्थान में 15 अक्टूबर शनिवार को प्रातः 8:30 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें इलैक्ट्रीशियन, फिटर, एप इलेक्ट्रानिक्स मैकेनिक व्यवसायों के उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थी भाग ले सकते हैं।कम्पनी के द्वारा लगभग 300 सौ प्रशिक्षार्थियों का चयन किया जायेगा। आईटीआई उत्तीर्ण एवं डिप्लोमा तथा बीटेक प्रशिक्षार्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। आयोजित रोजगार मेले के सम्बंध में संस्थान के प्रिंसिपल चंदन प्रजापति ने बताया कि मेले में एम/एस एसकेएच वाई टेक टेक्नोलॉजी एलटीडी, रेसिक, स्नान्द एल टी डी,गारिया इंटरप्राइजेज,इंजीनिरिंग पीवीटी एलटीडी, सोनवोपा इलेक्ट्रॉनिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड आदि कम्पनियां भाग लेगी।इस शिविर में इच्छुक अभियार्थी भाग लेकर सुनहरा अवसर का लाभ उठाएं।

# स्पोर्ट्स



**महिला एशिया कप : भारत ने लगातार आठवीं बार किया फाइनल में प्रवेश**

## लातेहार जांबाज ने लातेहार रॉयल्स को 10 विकेट से धोया



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार प्रीमियर लीग के तीसरा मैच लातेहार जांबाज तथा लातेहार रॉयल्स के बीच खेला गया। जहां लातेहार रॉयल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 5 विकेट खोकर 61 रन बनाए। जिसमें न्यूटन आनंद ने 19 , प्रभात सिंह 12 ताथा आनंद सिंह ने 12 रनो का योगदान दिया ।वही लातेहार जांबाज की ओर से अकाश कुमार महतो 2, लवकुश ताथा प्रीत ने एक एक विकेट चटकाए। लक्ष्य की पीछा करने उतरी लातेहार जांबाज ने 6 ओवर में ही बिना विकेट खोए 62 रन बनाकर मैच को जीत लिया जिसमें निशु कुमार यादव नाबाद 29 ताथा कुमार शानू ने नाबाद 21 रन का योगदान दिया। लातेहार रॉयल के किसी गेंदबाज को कोई विकेट नहीं मिला। मेन ऑफ द मैच अकाश कुमार महतो को चुना गया। मैच के अंपायर अजय कुमार साहू ताथा राकेश साहू थे जबकि स्कोरिंग शहील कुमार ने किया। वही दूसरा मैच लातेहार जांबाज ताथा लातेहार फाइटर के बीच खेला गया। जहां लातेहार फाइटर ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित ओवरों में 8 विकेट खोकर 58 रन ही बना सकी। जिसमें युवराज ताथा तौफीक ने 12-12 रन का योगदान दिया। लातेहार जांबाज की ओर से लवकुश 3 श्रवण ताथा विक्की ने एक एक विकेट चटकाए ।लक्ष्य की पीछा करने उतरी जांबाज ने अपने निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर महज 47 रन ही बना सकी ।जिसमें निशु कुमार यादव ने 13 ताथा श्रवण ने 10 रन का योगदान दिया ।मैच के अंपायर रामकुमार साहनी ताथा समरेश बादल थे जबकि स्कोरिंग रौनक दुबे ने किया। मौके पर संहके सचिव अमलेश कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार, प्रतीक आनंद, मो कामरान समेत सैकड़ों दर्शक ताथा खिलाड़ी उपस्थित थे।

## फीफा वर्ल्ड कप खेल रही अनीता-नीतू के गांव में उत्साह का माहौल

**रांची (आजाद सिपाही)।** हॉकी और तीरंदाजी के बाद अब फुटबॉल में झारखंड की बेटियों का डंका दुनिया में बज रहा है। फीफा वर्ल्ड कप में खेलने का सपना हर खिलाड़ी देखता है। झारखंड की छह बेटियां उसी फीफा वर्ल्ड कप में खेल कर झारखंड और देश का नाम रोशन कर रही हैं। गरीबी में पल कर ग्रामीण इलाकों से अपनी प्रतिभा के बूते इन बेटियों का इस तरह सितारों की तरह चमकना आसान नहीं था। दरअसल यह कहानी है रांची के कांके प्रखंड के चारीहुजीर गांव की रहने वाली अनिता कुमारी और पड़ोस के गांव की हलदामा की नीतू लिंडा की, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से दुनिया को ड्डी चौंका दिया। दुनिया की सुख-सुविधाओं से कोसों दूर इन खिलाड़ियों में रांची के कांके प्रखंड के चारीहुजीर गांव की अनिता कुमारी और पास के ही हलदामा गांव की नीतू लिंडा ने एक नया इतिहास लिखा है।

### बिजली गुल होने की वजह से नहीं देख सके मैच

11 अक्टूबर को भारत का पहला मुकाबला अमेरिका के साथ था, लेकिन मौसम की वजह से गांव और घर में अचानक बिजली गुल हो जाने के कारण मदद के रूप में दिया गया टीवी नहीं चल सका। दरअसल टीवी पर मैच देखने को लेकर पूरा परिवार और आसपास के ग्रामीण अनीता के घर पर मौजूद थे, लेकिन, मौसम खराब होने की वजह से पूरे इलाके में बिजली गुल थी और लोग टीवी पर मैच नहीं देख पाये। अनीता के घर पर यह टीवी एक संस्था की ओर से दी गयी है।

### संघर्ष की दास्तां

दरअसल कांके प्रखंड के चारीहुजीर और हलदामा और आसपास के कई गांवों की बेटियों में फुटबॉल को लेकर जबरदस्त जोश और जुनून है। यहां की 300 से ज्यादा लड़कियां पूरी शिद्दत के साथ फुटबॉल खेलती हैं। गांव की इन्हीं बेटियों के बीच नीतू लिंडा की बहन ड्डी गर्व से मुस्कुराती नजर आती है। अनिता कुमारी 11 नंबर की जर्सी पहनती है, जबकि नीतू 17 नंबर की।

## ब्लॉक सह अंचल में लगातार हो रही चोरी के मामले में भाजपा ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की



**हरिहरगंज /पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में लगातार चोरी के मामले में हरिहरगंज भाजपा मंडल इकाई एक्सन में आ गई है।इस दौरान गुरुवार को पूर्व सांसद प्रतिनिधि सतेन्द्र पासवान, पूर्व बिस सूत्री मंडल अध्यक्ष दिनेश गुप्ता व मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में हो रहे लगातार चोरी की घटनाओं से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। वहीं अब तक हुई कई चोरी की घटनाओं का कोई नतीजा नहीं आना दुर्भाग्यपूर्ण है।जो अस पास के क्षेत्रों में यह चर्चा का विषय बना रहता है कि आखिर शातिर चोर या अपराधी पुलिस की पकड़ से हर बार बाहर क्यों हो जाते हैं, जो कि उच्च स्तरीय जांच का विषय है।वहीं भाजपा नेताओं ने जल्द ही एक प्रतिनिधि मंडल का गठन कर पलामू प्रमंडल कमिशनर व उपायुक्त महोदय से उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग करेगी।

# आत्मदाह का प्रयास कर रहे पूर्व कर्मचारी को समय पर पुलिस ने दबोचा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



कतरास। बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र अंतर्गत संचालित संचालित अंबे आउटसोर्सिंग कंपनी के माइंस में आत्मदाह करने पहुंचे आउटसोर्सिंग कंपनी के पूर्व कर्मचारी अख्तर अंसारी को बाघमारा पुलिस ने मौके पर पहुँच कर आत्मदाह करने के प्रयास कर रहे व्यक्ति को उसी दौरान हिरासत में लेकर बाघमारा थाना ले आई। इससे पूर्व भी अख्तर अंसारी कई बार आत्मदाह करने का प्रयास कर चुका है लेकिन कभी सफल नही हो पाया है। अख्तर अंसारी ने गुरुवार की लगभग 11 बजे आउटसोर्सिंग कर्मी के ड्रेस पहनकर अम्बे आउटसोर्सिंग के फेस मे छुपते छुपाते अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचा और अपने शरीर के ऊपर किरासन तेल डाल कर अपने शरीर पर जैसे ही आग लगाने के लिए माचिस निकालकर आग लगाने का प्रयास किया तभी पुलिस पहुंच गई और माचिस छीनते हुए उसे कब्जे में लेने के बाद पुलिस ने आत्मदाह करने आये व्यक्ति के मनसूबे को विफल कर दिया। इस दौरान कर्मी की पत्नी शाहिदा खातून व तीन बेटियां मुस्कान परवीन,यास्मीन परवीन तथा रोजी परवीन ने पुलिस का विरोध करते हुए कंपनी का ट्रांसपोर्टिंग रोक दिया। काफी समझाने के बाद पुलिस ने सभी को समझा बुझा कर बाघमारा थाना ले आयी। जिसके कुछ घंटे बाद आउटसोर्सिंग कंपनी की ट्रांसपोर्टिंग कार्य चालू हो पाया। बताया जाता हैं कि आर्थिक तंगी से परेशान कर्मी बार बार आत्मदाह की बात कह रहा था। पुलिस ने मौके से किरासन तेल का डब्बा, माचिस घटनास्थल से जब्त किया। फिलहाल खबर लिखे जाने तक अख्तर अंसारी पूरे परिवार के साथ बाघमारा पुलिस की देखरेख में थाना मे है।

पुलिस कर रही थी इंतजार ओर तेल लेकर माइंस पहुंच गया सपरिवार : अख्तर हवारी द्वारा पूर्व में ही बीसीसीएल,आउटसोर्सिंग प्रबंधन तथा पुलिस प्रशासन को लिखित शिकायत देकर बकाया राशि भुगतान करने तथा अम्बे आउटसोर्सिंग कंपनी में रोजगार नहीं देने पर गुरुवार को आत्मदाह करने की बात कही थी। जिस आधार पर पुलिस सुबह से ही अम्बे कंपनी कार्यालय के समीप कैम्प कर इन्तजार रही थी। सुबह ग्यारह बजे पुलिस को जैसे ही जानकारी मिला कि अख्तर हवारी पूरी तैयारी के साथ सपरिवार आत्मदाह करने माइंस पहुंच गया है। वैसे ही पुलिस के कान खड़ा हो गया और आनन फानन में मौके पर पहुंचकर उसके हाथ से पहले माचिस को छीन अख्तर को हिरासत में ले लिया। कर्मी की वेश भूषा में आत्मदाह करने पहुंचे अख्तर पुलिस को देखते ही शरीर में किरासन तेल डाल लिया।

लंबे समय से कर रहा बकाया वेतन व रोजगार की मांग : कर्मी अख्तर हवारी ने कहा कि टर्मिनेट हो चुकी आउटसोर्सिंग कंपनी शैली में एक माह 13 का वेतन एंव सीएमपीएफ तथा अम्बे कंपनी में आठ महीना का बकाया राशि की मांग को लेकर लंबे समय से गुहार लगाते आ रहे है। मांग को लेकर सपरिवार बाघमारा से जिला मुख्यालय तक आंदोलन कर चुके है। यहां तक कि इससे पहले भी तीन बार आत्मदाह का प्रयास किया जा चुका है। प्रत्येक बार प्रबंधन तथा प्रशासन की ओर से महज आश्वासन ही दिया गया। जिस कारण घर की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो गयी है। बेटियां भी शादी के लायक हो चुकी है। थक हार कर सपरिवार आत्मदाह करने का निर्णय लिए,लेकिन इस बार भी पुलिस बचा लिया।

## संगठन सशक्तिकरण को लेकर झरिया नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

# कांग्रेस की अर्जित संपत्ति बेच रही है केंद्र सरकार : ब्रजेंद्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**झरिया।** झरिया नगर कांग्रेस अध्यक्ष रत्नेश यादव के नेतृत्व में झरिया अग्रवाल धर्मशाला के समीप शामिल नए पदाधिकारियों की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक झरिया नगर कांग्रेस के प्रभारी सह धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह की उपस्थिति में हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन सशक्तिकरण और भारत जोड़ो पद यात्रा की गतिशीलता पर जोर देना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा की झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निदेर्शानुसार यह कार्यक्रम जितने भी पीसीसी डेलीगेट है अपने अपने प्रभार क्षेत्र में कर रहे है। भाजपा द्वारा देश में चलाए जा रहे नफरत की राजनीति को हम प्रेम और सदभाव में पुनः स्थापित करने गांधी नेहरु पटेल की विचारधारा वाली सोच को जोड़ने निकले है। एक एक कार्यकर्ता संगठन के माध्यम से देश के हर गली हर घर में प्रेम और सदभाव हर व्यक्ति के सम्मान के संकल्प को लेकर जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजेंद्र प्रसाद सिंह, योगेंद्र सिंह जोगी, मुख्तार खान जगदीश गुप्ता भोला नाथ सिंह, अब्दुल करीम अंसारी, प्रमोद चंद्रवंशी, जहीर अंसारी, प्रीतम रवानी, पिंटू दूरी राम दुलारी देवी, सादिक आमीन, अमरनाथ प्रसाद, मणि भूषण तिवारी, राजा गुप्ता, विनोद शर्मा, राकेश मिश्रा, रंजीत कुशवाहा, गणेश रजक सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची**

ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना
(सतवां कॉल)

जिसका **PR No. 261874 (Drinking Water and Sanitaion)** 2021–22 है।
निविदा सूचना संख्या – **DWSD/RW/SVS-08/2021-22** दिनांक 13.10.2022

| क्र0 | योजना का नाम | योजना की संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| | Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through DT/HYTD/GPT/HYGPT (Solar based) 01/2.0 H.P. DC Motor pump complete set for different tolas of concern villages which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 year for 24x7 supply with 100% coverage by Tap water Facility under JJM for the year 2021-22 | | | | | |
| 1 | Kokretar SVS Group of Scheme under Ratu Block (Group No. – 5) | 1 | 1056805.00 | 21200.00 | 2500.00 | 03 (तीन माह) |

2. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 14/10/2022 / 04.00 बजे अपराहन तक।
3. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 20/10/2022 / 04.00 बजे अपराहन तक।
4. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय :– 21/10/2022 /02.00 बजे अपराहन तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 21/10/2022 / 04.00 बजे अपराहन में।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।
7. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 0651–2491247
9. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
10. कार्य की मात्रा आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है।
11. विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।


कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
राँची पश्चिम, राँची।

PR.NO.279819 Drinking Water and Sanitation(22-23):D


## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**सिंदरी/बलियापुर।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को बलियापुर प्रखंड के आमझर एवं पलानी पंचायत में शिविर लगाया गया। उद्घाटन प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी ने की। शिविर में विभिन्न योजनाओं से संबंधित एवं लंबित मामलों का निष्पादन हेतु कई सारे स्टाल लगाए गए थे। इस दौरान काफी संख्या में लोगों ने प्रधानमंत्री आवास एवं पेंशन का लाभ पाने हेतु फार्म जमा किया . पलानी पंचायत के शिविर में लोगों ने कुल 756 आवेदन दिए, जिसमें से 351 का मौके पर ही निष्पादन किया गया, जबकि आमझर पंचायत में लोगों ने कुल 854 आवेदन दीया जिसमें से 405 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया।कार्यक्रम में बीडीओ अमित कुमार,सीओ रामप्रवेश कुमार, डीएमएफटी टीएमयू के अधिकारी रश्मि सिंह, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र किस्कू, जग्गू महतो, लक्ष्मी नारायण महतो, मुखिया धर्मेंद्र रवानी, मुखिया शांति देवी, रफीक अंसारी,जंग बहादुर महतो,भुवन रवानी,शैलेन मंडल,जलेश्वर दास,सीडीपीओ अल्पना कुमारी,मदन गोस्वामी,जेठू महतो,सीमा देवी, हैदर अली,टार्जन हेम्ब्रम,ज्योतसना मंडल, जितेंद्र मंडल,राजेश रविदास, लक्ष्मण रवानी,फरीदा बानो, महिला प्रवेक्षिका पुर्णिमा मरांडी,रश्मि सिन्हा, कृति पुष्प,खैरुन निसा,नंदलाल दास,मानस मंडल, रामप्रसाद रवानी, लाल मुर्मू आदि उपस्थित थे।

## कतरासगढ-फुलारीटांड़ में इंटरसिटी का ठहराव हो: मथुरा



कतरास। झामुमों के टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने सिजुआ स्थित अपने आवासीय कार्यालय में कहा कि कतरास कोयलांचल के लोगों को रेल से रांची आने-जाने में काफी कठिनाई हो रहा है। ऐसे में डीसी रेल लाईन में धनबाद-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव कतरासगढ एवं फुलारीटांड स्टेशन में होना चाहिए, ताकि इस क्षेत्र के लोग राज्य के राजधानी रांची आसानी से आ जा सके। श्री महतो ने कहा कि मामले को लेकर जल्द ही रेल डीआरएम से मिलकर स्थिति से अवगत करायेंगे। साथ ही तेतुलमारी, निचितपुर, गोमो स्टेशन पर यात्री सुविधा बढाने के लिए भी वार्ता करेंगे।

# आपकी सरकार, आपकी योजना, आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कतरास।** झारखंड सरकार की महत्वपूर्ण कार्यक्रम के तहत आपकी सरकार ,आपकी योजना, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत का 13 अक्टूबर को बाघमारा बाजार स्थित लुतीपहाड़ी पंचायत सचिवालय मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पुटकी अंचला अधिकारी शुभ्रा रानी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम मे बाघमारा प्रखंड प्रमुख गीता देवी व लुतीपहाड़ी पंचायत के मुखिया सुषमा देवी मुख्य रूप से उपस्थित थी। कार्यक्रम के दौरान अंचला अधिकारी शुभ्रा रानी ने लोगों को झारखंड राज्य सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सरकार के सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। वहीं इन योजनाओं से आम नागरिकों को झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत 5 लाख नये ग्रीन राशन कार्ड, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना हेतु आवेदन, सर्वजन पेंशन योजना हेतु आवेदन, किसान क्रेडिट कार्ड हेतु आवेदन समेत अन्य योजनाओं का लाभ सुयोग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त कर जांचोपरान्त दिये जाने की बात बताई। कार्यक्रम अव्यवस्था के बीच मे शुरूआत की गई । कार्यक्रम स्थल पर आये ग्रामीणो को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। खासकर अनपढ कुल आठ स्टॉल लगाया गया। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, हेल्थ विभाग, मत्स्य विभाग, कृषि विभाग, मनरेगा, पशुपालन विभाग, झारखण्ड कौशल विकास विभाग, राशन कार्ड विभाग, बाल विकास विभाग, आपूर्ति विभाग, पेंसन विभाग, दीदीबाड़ी सहित कई अन्य योजना की स्टॉलो में आवेदन लिया गया। और सभी आवेदनों का ऑन स्पॉट समाधान करने का किया गया। लुतीपहाड़ी पंचायत के विभिन्न गांव के वार्डो से महिला पुरुष पहुंचे थे।


**नेतरहाट आवासीय विद्यालय**
**सी.बी.एस.ई. संबद्ध 2 विद्यालय**
**संबद्धता सं0–3420006, विद्यालय संख्या–69558**

**(नेतरहाट विद्यालय समिति, सोसाइटी निबंधन अधिनियम, 1860 के अंतर्गत निबंधित स्कूलीशिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के अधीन एवं स्वायत्तशासी संस्था एच.ई. सी. एम.डी.आई भवन,धुर्वा, राँची–834004, निबंधन संख्या : 688/2009–2010 के द्वारा संचालित)**

**नेतरहाट प्रवेश परीक्षा 2022–23**

**विज्ञापन सं०–1834** **दिनांक–13.10.2022**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट की कक्षा–6 में 10 से 12 वर्ष के स्वस्थ बालकों के सत्र–2022–23 में नामांकन हेतु लिखित प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इससे संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाएँ निम्नवत् हैः–

1. प्रवेश परीक्षा एक स्तरीय होगी जो एक पाली (2:30 घंटे) में प्रमंडल स्तर पर आयोजित की जायेगी। परीक्षा परिणाम के आधार पर मेधा क्रमानुसार आरक्षण का पालन करते हुए **अंतिम रूप से चयनित 100 (एक सौ) छात्रों की चिकित्सीय जाँचोपरान्त सभी प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात् ही उनका नामांकन लिया जायेगा।**
2. परीक्षा आवेदन कार्यक्रम :–

| क्रम सं0 | विवरणी | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञप्ति/आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ | **15.10.2022** |
| 2. | ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि/भरा हुआ आवेदन नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट पहुँचने की अंतिम तिथि | **30.11.2022** |
| 3. | ऑनलाइन प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि | **10.01.2023 से प्रारम्भ** |
| 4. | प्रवेश परीक्षा की तिथि | **29.01.2023 (रविवार)** |

3. **प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवश्यक योग्यताएँ/शर्तें निम्नांकित हैं :–**

(क) अभ्यर्थी को झारखण्ड राज्य का मूल निवासी/स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है। इस संबंध में सक्षम प्राधिकार (अंचलाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी) द्वारा निर्गत निवास प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

(ख) 01 अगस्त 2022 को जिनकी उम्र 10 वर्ष से कम और 12 वर्ष से अधिक नहीं हो, अर्थात जिनका जन्म दिनांक–**01.08. 2010 से 31.07.2012** के बीच हुआ हो (दोनों तिथियाँ शामिल)। जन्म प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

(ग) अभ्यर्थी को झारखण्ड राज्य के अन्तर्गत किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा–5 की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। इसके प्रमाण स्वरूप अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक से हस्ताक्षरित कक्षा–5 का उत्तीर्णता प्रमाण पत्र अनिवार्यतः संलग्न करें।

(घ) अभ्यर्थी यदि आरक्षित वर्ग से हों तो सक्षम प्राधिकार (अंचलाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी) द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र यथाः–अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

(ङ.) **उपरोक्त सभी प्रमाण पत्र अनिवार्य है। प्रमाण पत्रों के अभाव में आवेदन स्वतः रद्द माना जाएगा।** ध्यातव्य हो कि नामांकन के समय सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति को उपस्थापित करना अनिवार्य होगा।

4. **सामान्य निर्देशः–**

(i) **प्रवेश परीक्षा का स्वरूप निम्नवत् हैः–**

| परीक्षा की तिथि :–29.01.2023 (रविवार) स्थान–प्रमंडल मुख्यालय (10.00 पूर्वाह्न से 12.30 अपराह्न) | | | |
|---|---|---|---|
| क्रम सं० | विषय | अंक | प्रश्न स्वरूप |
| 01 | मानसिक योग्यता | 20 | वस्तुनिष्ठ प्रकृति– 20 अंक |
| 02 | हिन्दी | 20 | वस्तुनिष्ठ प्रकृति– 5 अंक, विषयनिष्ठ प्रकृति– 15 अंक |
| 03 | गणित | 20 | वस्तुनिष्ठ प्रकृति– 5 अंक, विषयनिष्ठ प्रकृति– 15 अंक |
| 04 | विज्ञान | 20 | वस्तुनिष्ठ प्रकृति– 5 अंक, विषयनिष्ठ प्रकृति– 15 अंक |
| 05 | सामान्य ज्ञान | 20 | वस्तुनिष्ठ प्रकृति– 5 अंक, विषयनिष्ठ प्रकृति– 15 अंक |
| | कुल अंक | 100 | |

(ii) **लिखित प्रवेश परीक्षा प्रत्येक प्रमण्डल मुख्यालय में आयोजित की जायेगी, जिसकी सूची निम्नवत् है :–**

| प्रमण्डल | प्रमण्डल मुख्यालय | जिला |
|---|---|---|
| कोल्हान | चाईबासा | पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां |
| उत्तरी छोटानागपुर | हजारीबाग | बोकारो, चतरा, धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़ |
| दक्षिणी छोटानागपुर | रांची | गुमला, खुँटी, लोहरदगा, रांची, सिमडेगा |
| पलामू | मेदिनीनगर | गढ़वा, लातेहार, पलामू |
| संथाल परगना | दुमका | गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहेबगंज, पाकुड़ |

(iii) प्रवेश परीक्षा में प्रश्नों का स्तर सामान्यतः पाँचवीं कक्षा तक का होगा।

(iv) यह सूचना नेतरहाट विद्यालय के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com पर भी उपलब्ध है।

(v) आवेदन जमा करने की विधि : आवेदन online एवं offline मोड में उपलब्ध हैः–

a) Online Mode:- विद्यालय के वेबसाइट Online आवेदन की सुविधा उपलब्ध है। अभ्यर्थी वेबसाइट पर Online आवेदन के दिशा–निर्देशों के अनुसार आवेदन कर सकते हैं।

b) Offline Mode:- आवेदन हेतु आवेदन पत्र नेतरहाट विद्यालय के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com से डाउनलोड कर सुलभ रूप से प्राप्त कर सकते हैं।
भरे हुए आवेदन पत्र के साथ अनिवार्यतः सभी अनुलग्नकों यथा–आवासीय प्रमाणपत्र, जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र/ आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र (यदि आरक्षित वर्ग के हों), कक्षा–5 का उत्तीर्णता प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों की स्वाभिप्रमाणित प्रति को स्पीड पोस्ट के माध्यम से इस प्रकार भेजें कि आवेदन निम्न पते पर दिनांक–30.11..2022 को शाम–5.00 बजे तक अवश्य प्राप्त हो जाए। आवेदक भरा हुआ आवेदन हाथों–हाथ, पावती लेकर भी दिनांक–30.11.2022 तक निम्न पते पर जमा कर सकते हैं। दिनांक–30.11.2022 के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

आवेदन पत्र भेजने/जमा करने का पता :–
**प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट, पोस्ट–नेतरहाट, जिला–लातेहार, पिन–835218**

(vi) अभिभावक कृपया ध्यान दें कि उनके द्वारा दिए गये प्रमाण पत्रों में किसी भी प्रकार का असत्य पता चलने पर विद्यार्थी एवं अभिभावक के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

(vii) आवेदन शुल्क :–आवेदन पूर्णतः निःशुल्क है।

(viii) प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित सूचनाएं नेतरहाट विद्यालय के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com पर समय–समय पर उपलब्ध रहेगी।

ह०/–
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय,नेतरहाट

PR 279806 Human Resource Developement(22-23).D


## भाजपा ओबीसी मोर्चा ने झरिया में किया राज्य सरकार का पुतला दहन



**झरिया।** झरिया के बाटा मोड़ में गुरुवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा झरिया नगर के तत्वाधान में ओबीसी विरोधी हेमन्त सरकार का पुतला दहन किया गया। इस दौरान ओबीसी मोर्चा धनबाद महानगर अध्यक्ष शैलेश सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि वर्तमान की झारखंड सरकार ओबीसी विरोधी है। जहां एक ओर असंवैधानिक ढंग से ओबीसी समाज के लिए आरक्षण की घोषणा करती है और दूसरी ओर बगैर आरक्षण के नगर निगम चुनाव कराने पर आमदा है। ओबीसी समाज के साथ यह एक छल है। हमारी पार्टी इसका पुरजोर विरोध करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अमित साव ने किया। उक्त अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार अग्रवाल, भाजपा झरिया नगर अध्यक्ष अरुण साव, उपेन्द्र विश्वकर्मा, परमेश्वर स्वर्णकार मनोज प्रसाद, संजू वर्मा, शिव अग्रवाल, राज माली, उमा भट्टाचार्य, अशोक बरनवाल, राजेश अग्रवाल, संजय साव, रोहित चौहान, रोहित केशरी जीतन सिंह, नवल मालाकार, गोपाल ठाकुर, बहादुर मालाकार, पवन साव, चन्दन बरनवाल, अर्जून सहनी, हरी नारायण सिंह नरेश केशरी, जितेन्द्र राम, राजकुमार तांती, सुनील गुप्ता आदि अनेक कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## गड़ेरिया गोलीकांड मामले में अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो होगा आंदोलन

# विधायक ढुल्लू कर रहे हत्या की राजनीति : जलेश्वर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोयाबाद।** गड़ेरिया मे जलेश्वर समर्थक के ऊपर हुए जानलेवा हमले को लेकर गुरुवार को पूर्व मंत्री सह कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने बाँसजोड़ा मे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले मे शामिल अभियुक्तो की गिरफ्तारी की मांग की। प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने घटना की कड़ी निंदा की और कहा कि अगर घटना मे शामिल अभियुक्तो की जल्द गिरफ्तार नही हुई तो हम सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेंगे।उन्होंने कहा कि बाघमारा मे एक नया ट्रेंड शुरू हुआ है।बाघमारा विधायक ढुलू महतो हत्या की राजनीति कर रहे है।हमारा समर्थक आज जीवन और मृत्यु के बीच झूल रहा है।शूटर को सुपारी देकर समर्थक मुकेश तुरी को गोली मारी गई है। उन्होने प्रशासन से घटना की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। प्रेस कांफ्रेंस मे राजकुमार महतो,असलम मंसूरी, हरेन्द्र चौहान, जसीम अंसारी, राहुल महतो, डब्लू महतो आदि शामिल थे। बताया जाता है की बुधवार को केन्दुआडीह थाना क्षेत्र के गड़ेरिया मे अपराधियो ने जलेश्वर व राम रहीम समर्थक मुकेश तुरी को गोली मार दिया था। घटना मे आरोप ढुलू महतो व उनके समर्थको पर लगाया है। मामले मे गंभीर रूप से घायल मुकेश तुरी के मामा रामेश्वर तुरी ने केन्दुआडीह पुलिस को लिखित शिकायत देकर बाघमारा विधायक ढुलू महतो पर साजिश कर 5 लाख की सुपारी देकर शूटर से गोली चलवाने का आरोप लगाया है।

## चोरी के बाद घर पर फेंके जा रहे हैं पत्थर, झरिया पुलिस भी करती है बुरा सलूक

# झरिया हेटलीबांध निवासी ने मीडिया के समक्ष लगायी गुहार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**झरिया/भगतडीह।** चार माह पूर्व झरिया हेटलीबांध निवासी अरुण मोदी के घर हुए चोरी मामले का पुलिस अब तक उद्भेदन नहीं कर सकी है। इतना ही नहीं अब तो उनके घर पर पत्थर फेंक असामाजिक तत्वों ने परेशान करना भी शुरू कर दिया है। गुरुवार की अहले सुबह भी ऐसे ही घटना घटी। जिसकी शिकायत झरिया पुलिस से किए जाने पर पीड़ित के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। जिसको लेकर गुरुवार को पीड़ित अरुण मोदी ने मीडिया के समक्ष गुहार लगाते हुए कहा की अब जान पर बन आई है। चोरी के बाद घर पर बड़े-बड़े पत्थर फेंककर हम लोगों को परेशान किया जा रहा हैं। पुलिस की कार्यशैली अत्यंत पीड़ादायक है। पीड़ित ने बताया कि चोरी की घटना को लेकर हाल ही में श्री मोदी सिंदरी एसडीपीओ अभिषेक कुमार से मिल उन्हें घटना की विस्तृत जानकारी दी थी। जिस पर एसडीपीओ ने झरिया पुलिस को तेजी से मामले का अनुसंधान करने का निर्देश दिया था। उसी के बाद झरिया थानेदार आगबबूला है।

आरोप निराधार है, घटना की गहनता से जांच कर रही है पुलिस इस संबंध में झरिया थानेदार पंकज झा से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आरोप निराधार है। किसी के साथ दुर्व्यवहार नही किया गया है। चोरी मामले में मामला दर्ज है जांच पड़ताल में पुलिस गहनता से जुटी है।

### क्या है मामला

**पीड़ित ने बताया कि पिछले 8 जुलाई को दंपति को कही बाहर जाना था समान बैग में रखकर अरुण मोदी मंदिर गया तभी चोर बैग लेकर फरार हो गया जो सीसीटीवी में भी साफ दिख रहा है। थाना में लिखित शिकायत की गई चोर को पहचान लिया गया उसका बाइक भी पुलिस ने जब्त की लेकिन अभी तक वे पुलिस गिरफ्त से बाहर है। अब अरुण मोदी के घर में बड़े बड़े पत्थर फेक कर या अन्य तरह से परेशान किया जा रहा है। इनको शक है की उसी चोर के द्वारा परेशान किया जा रहा है लेकिन पुलिस कार्रवाई करने के बजाय हमलोगो को हो डांट फटकार कर थाना से भगा दिया जा रहा है। जिससे अब थाना में भी जाने में डर लग रहा हैं।**

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 14 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com



# हिजाब बैन पर सुप्रीम कोर्ट के जज भी बंटे

## संविधान पीठ के पास जायेगा केस : सीजेआइ ही तय करेंगे जज

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** हिजाब पर बैन के मामले में सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच में एकराय नहीं बन सकी है। अब इसे नयी बेंच को सौंपने का फैसला सीजेआइ यूयू ललित को करना है। सुप्रीम कोर्ट ने जब गुरुवार को फैसला सुनाया तो दो जजों की बेंच की इस मामले पर राय अलग-अलग थी। 10 दिनों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था।

आगे क्या होगा, ये जानने के लिए भास्कर ने सुप्रीम कोर्ट के वकील ध्रुव गुप्ता से बात की। उन्होंने कहा कि अब यह मामला संविधान पीठ के पास भेजा जा सकता है। पीठ में जज कौन होगा, ये सीजेआइ ही तय करेंगे।




**जस्टिस धूलिया का फैसला :** हिजाब इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा है या नहीं, इस पर विचार की जरूरत ही नहीं थी। यह सिर्फ एक चॉइस से जुड़ा सवाल है। मेरे लिए जो सबसे ऊपर था वह लड़कियों की शिक्षा था। लड़कियों को स्कूल जाने से पहले घर का काम-काज निपटाना पड़ता है और हम ऐसा करके उनकी जिंदगी को बेहतर बना रहे हैं। यह आर्टिकल 19 और 25 से जुड़ा मामला है।

**जस्टिस गुप्ता का फैसला:** जस्टिस गुप्ता ने कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले से सहमति जताई और इस फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल करने वाले से 11 सवाल पूछे। उन्होंने सवाल किया कि क्या छात्रों को आर्टिकल 19, 21 और 25 के तहत कपड़े चुनने का अधिकार दिया जा सकता है? अनुच्छेद 25 की सीमा क्या है? व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजता के अधिकार की व्याख्या किस तरह से की जाए? क्या कॉलेज छात्रों की यूनिफॉर्म पर फैसला कर सकते हैं? क्या हिजाब पहनना और इसे प्रतिबंधित करना धर्म की स्वतंत्रता का उल्लंघन है?

जस्टिस हेमंत गुप्ता ने कहा कि यह मामला सीजेआइ को भेजा जा रहा है, ताकि वे उचित निर्देश दे सकें। याचिकाकर्ता के वकील एजाज मकबूल ने कहा कि अब सीजेआइ यह तय करेंगे कि इस मामले पर सुनवाई के लिए बड़ी बेंच गठित की जाए या फिर कोई और बेंच।

**हिजाब पर बैन बरकरार रहेगा:** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कर्नाटक के शिक्षा मंत्री बी नागेश ने बताया कि कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसला अभी अंतरिम तौर पर लागू रहेगा। इसलिए स्कूलों और कॉलेजों में हिजाब पर बैन बरकरार रहेगा।

# आइएएस समीर के घर मिला 4 किलो सोना, 20 कैरेट हीरा, 47 लाख कैश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रायपुर/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ में चल रही इडी की कार्रवाई के बीच आइएएस अफसर और चिप्स (छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी) के सीइओ समीर विश्वनोई सहित तीन कोयला व्यापारियों को गिरफ्तार किया गया है। इनको इडी ने रायपुर की विशेष कोर्ट में पेश किया है। इडी ने कोर्ट को बताया कि आईएएस समीर विश्नोई के घर से 4 किलो सोना, 20 कैरेट हीरा और 47 लाख रुपये कैश मिले हैं। बरामद किये गये सोने की कीमत दो करोड़ रुपये से ज्यादा बतायी जा रही है। इडी ने एक सप्ताह की रिमांड मांगी है। रिमांड मिलने के बाद तीनों को दिल्ली ले जाया जायेगा।



### कोयला व्यापारी सूर्यकांत फरार

इससे पहले आइएएस समीर विश्नोई सहित दोनों व्यापारियों को आंबेडकर अस्पताल में मेडिकल कराने के लिए ले जाया गया। इडी ने तीनों को पूछताछ के लिए बुधवार को बुलाया था। कोयला व्यापारियों में सूर्यकांत तिवारी के चाचा लक्ष्मीकांत तिवारी और सुनील अग्रवाल शामिल हैं। वहीं सूर्यकातं तिवारी फरार बताया जा रहा है। तीनों को गिरफ्तारी मनी लॉन्ड्रिंग केस में की गयी है। वहीं दूसरी ओर समीर विश्नोई की पत्नी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात की है। उनकी पत्नी ने सीएम को दिए पत्र में इडी पर गैरकानूनी ढंग से काम करने का आरोप लगाया है। कहा कि इडी के अफसर जबरदस्ती घुस आये और पूछने पर डराने धमकाने लगे। दबाव बनाकर दस्तावेज में साइन कराये। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इडी अफसरों ने उन्हें फंसाने की धमकी दी।

# पीएम मोदी ने हिमाचल में कई प्रोजेक्टों का उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**शिमला/ऊना।** विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 दिन में तीसरी बार हिमाचल पहुंचे। पीएम पहले ऊना पहुंचे। यहां उनका गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। भीड़ के बीच पहुंचते ही जय श्रीराम और देखो-देखो कौन आया शेर आया शेर आया के नारे गूंजने लगे। पीएम ने कहा कि अपनी माता-बहनों की दर्द आपका ये बेटा नहीं समझेगा तो कौन समझेगा।



चंबा में पीएम ने कहा कि 2 दिन पहले मैं महाकाल की शरण में था और आज मणि महेश की शरण में हूं। हमने इस कहावत को बदल दिया कि पहाड़ का पानी और जवानी यहां के काम नहीं आती। आज पानी भी और जवानी भी दोनों काम आ रही है।

पीएम ने चंबा में रिमोट से 180 मेगावाट की बजोली जल विद्युत परियोजना का लोकार्पण और 48 मेगावाट की चांजू में तीन जल विद्युत परियोजनाओं, 30.5 मेगावाट की दयोथल चांजू जल विद्युत परियोजना का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का तीसरे चरण का शुभारंभ भी किया।

**हिमाचल की जनता बदलेगी सत्ता परिवर्तन का रिवाज :** प्रधानमंत्री ने कहा कि हिमाचल के लोगों ने भी पुराना रिवाज बदलने की ठान ली है। इसलिए डबल इंजन की सरकार हिमाचल में भी सरकार रिपीट करने का नया इतिहास बनाएगी। पीएम ने तंज कसते हुए कहा कि पूर्व की सरकारों ने 7 हजार किलोमीटर सड़कें बनाई और हमने 8 वर्षों में अब 12 हजार किमी ग्रामीण सड़कें बना दी। उन्होंने कहा कि हिमाचल में जब शांता जी और धूमल जी सीएम थे, उन्हें दिल्ली में अपने हक के लिए लड़ते देखा है लेकिन अब उनकी सरकार पहाड़ी प्रदेशों के लोगों को ज्यादा तरजीह दे रही है।

**दिल्ली में बैठे लोगों ने हिमाचल पर ध्यान नहीं दिया :** ऊना रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी कनेक्टिविटी की समस्या रही है। पीएम ने कहा कि आज हिमाचल में देश की सबसे आधुनिक ट्रेन न केवल खड़ी हुई है, बल्कि दौड़ पड़ी है। दिल्ली में बैठे लोगों ने भी हिमाचल के हितों का कभी ध्यान नहीं रखा, जिसका खामियाजा यहां के भोले भाले लोगों को भुगतना पड़ा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि पूर्व सरकारों ने कभी गड्ढों को भरने का प्रयास नहीं किया लेकिन हम विकास की नई इमारतें बना रहे हैं। जो सुविधाएं पिछली शताब्दी में लोगों तक पहुंच जानी चाहिए थी, वो अब मिल रही है।

# पीएम ने वंदे भारत एक्सप्रेस को ऊना से नयी दिल्ली के लिए हरी झंडी दिखायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अंब अंदौरा ऊना से नयी दिल्ली के लिए नई वंदे भारत एक्सप्रेस के उद्घाटन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री ने वंदे भारत एक्सप्रेस के ट्रेन के डिब्बों का निरीक्षण किया और ऑनबोर्ड सुविधाओं का जायजा लिया। पीएम मोदी ने वंदे भारत एक्सप्रेस के लोकोमोटिव इंजन के कंट्रोल सेंटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ऊना रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण किया। हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के अंब अंदौरा रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री के साथ हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर उपस्थित थे। ऊना से नयी दिल्ली के लिए यात्रा का समय दो घंटे कम हो जायेगा। अंब अंदौरा से नई दिल्ली के लिए चलने वाली यह देश में शुरू की जाने वाली चौथी वंदे भारत ट्रेन होगी।



**वंदे भारत एक्सप्रेस की नियमित सेवा 19 अक्टूबर से :** ट्रेन संख्या 22447/22448 नयी दिल्ली-अंब अंदौरा-नयी दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस 19 अक्टूबर 2022 से अपनी नियमित सेवा शुरू करेगी। यह ट्रेन सप्ताह में छह दिन (शुक्रवार को छोड़ कर) चलेगी। वंदे भारत एक्सप्रेस 16 कोचों का एक ट्रेन सेट रेक है जिसमें एक्जीक्यूटिव क्लास और चेयर कार कोच शामिल हैं। ट्रेन 22447 नयी दिल्ली-अंब अंदौरा वंदे भारत एक्सप्रेस नयी दिल्ली से अंदौरा के लिए किराया संरचना इस प्रकार है: **एक्जीक्यूटिव क्लास-** 2045 रुपये (खानपान के साथ), 1890 रुपये (खानपान के बिना)। **चेयर कार-** 1075 रुपये (खानपान के साथ), 955 रुपये (खानपान के बिना)। ट्रेन 22448 अंब अंदौरा-नयी दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस का अंब अंदौरा से नयी दिल्ली के लिए किराया संरचना निम्नानुसार है: **एक्जीक्यूटिव क्लास-** 2240 रुपये (खानपान के साथ), 1890 रुपये(खानपान के बिना)। **चेयर कार-** 1240 रुपये (खानपान के साथ), 955 रुपये (खानपान के बिना)। नियमित चलने पर यह ट्रेन नयी दिल्ली से 0550 बजे प्रस्थान करेगी और 1105 बजे अंब अंदौरा पहुंचेगी। वापसी दिशा में, यह अंब अंदौरा से 1300 बजे रवाना होगी और 1825 बजे नयी दिल्ली पहुंचेगी।

# चीन के पांच जिलों में फिर लगा लॉकडाउन तीन महीनों में सबसे ज्यादा कोविड केस मिले

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन के फाइनेंशियल हब के नाम से मशहूर शंघाई में कोविड केस बढ़ने के बाद स्कूल-कॉलेज और अन्य संस्थानों को बंद कर दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बुधवार को शंघाई में कोविड के 47 मरीज मिले, जो पिछले तीन महीनों में सबसे ज्यादा है। दो मरीजों को छोड़कर अन्य सभी क्वारेंटाइन हैं। कम्यूनिटी ट्रांसमिशन की आशंका को देखते हुए इस सप्ताह शंघाई के 16 में से पांच जिलों में लोगों का कोविड टेस्ट करने के लिए लॉकडाउन लगा दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक फिलहाल जिन 5 जिलों में लॉकडाउन लगाया गया है इसमें पुडोंग भी शामिल है, जहां कोविड की शुरुआत में सबसे ज्यादा संक्रमित मिले थे। इन जिलों में बार, जिम, थिएटर और अन्य एंटरटेनमेंट वेन्यू बंद कराए जा चुके हैं। संक्रमण फैलने के डर से स्कूल आने से बच्चों को मना कर दिया गया है। इस पर लोकल प्रशासन ने कहा- स्कूलों को बंद करने का कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। संक्रमण के खतरे को देखते हुए सिर्फ भीड़ वाली जगहों को बंद कराया गया है।

**16 अक्टूबर से राष्ट्रीय कांग्रेस का सम्मेलन :** चीन में 16 से 18 अक्टूबर तक राष्ट्रीय कांग्रेस का 20वां सम्मेलन होने वाला है। ये सम्मेलन पांच साल में एक बार होता है। चर्चा है कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग इस सम्मेलन में अपना कार्यकाल बढ़ाने की घोषणा कर सकते हैं। ऐसे में कोविड केस में बढ़ोत्तरी ने स्थानीय प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। दुनिया भर के अन्य देश जहां कोविड और लॉकडाउन से आगे बढ़ रहे हैं। वहीं चीन अब भी अपनी जीरो कोविड पॉलिसी को लेकर सख्त है। सोमवार को नॉर्थ चीन के फेन्यांग शहर में लॉकडाउन लगा दिया गया है।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**